Page 11
खेल
संन्यास के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं विनेश फोगाट

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10
देश
बलौदाबाजार हिंसा में बड़ा ऐक्शन, कांग्रेस विधायक गिरफ्तार पूर्व सीएम बघेल ने बताया....

शुक्ल पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 19 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 249 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस में अब 'सुप्रीम' दखल

सुप्रीम कोर्ट ने खुद लिया संज्ञान,चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच मंगलवार को करेगी केस की सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले का स्वतः संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। जानकारी के अनुसार यह केस मंगलवार को सुनवाई के लिए तय मुकदमों की सूची में 66वें स्थान पर है। हालांकि, इसमें विशेष उल्लेख है कि पीठ इस केस को प्राथमिकता के आधार पर सुनेगी। यह घटना के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के एक दिन बाद हुआ है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जो ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या की जांच कर रही है। सीबीआई सरकारी अस्पतालत आरजी कर मेडिकल एंड कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष से लगातार तीसरे दिन पूछताछ कर रहा है। न्यूज एजेंसी ने एक अधिकारी के हवाले से कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने उनसे घटना से पहले और बाद में किए गए कॉल की डिटेल देने के लिए भी कहा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीबीआई घोष के कॉल रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए मोबाइल सर्विस प्रोवाइड से संपर्क करने पर विचार कर रही है। कहा जाता है कि घोष से शनिवार को लगभग 13 घंटे तक पूछताछ की गई। प्रिंसिपल से रविवार को भी पूछताछ जारी है। कोलकाता हाईकोर्ट 13 अगस्त को मामले को कोलकाता पुलिस से सीबीआई को ट्रांसफर किया गया था। अब तक यह पाया गया है कि डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के आरोपी संजय रॉय की पत्नी ने खलीफाट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

कोलकाता केस में आरोपी का साइकोलॉजिकल टेस्ट

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के विरोध में देशभर में डॉक्टरों के प्रोटेस्ट का रविवार को 9वां दिन था। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बताया कि आरोपी संजय का साइकोलॉजिकल टेस्ट किया जा रहा है। सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरीसे मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की 5 मेंबर्स की टीम यह टेस्ट कर रही है।

केंद्र का आदेश- हर 2 घंटे में सभी राज्य कानून व्यवस्था की रिपोर्ट देंगे

17 अगस्त की देर रात केंद्र सरकार ने नया आदेश जारी करते हुए कहा- अब सभी राज्यों को हर दो घंटों में कानून-व्यवस्था की जानकारी गृह मंत्रालय कंट्रोल रूम को फैक्स, ई-मेल या वॉट्सऐप के जरिए देंगे। कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पास से भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 (पहले आईपीसी की धारा 144) लागू कर दी है। इस आदेश में कहा गया है कि अगले 7 दिनों (24 अगस्त) तक धरना-प्रदर्शन पर रोक रहेगी। 5 से ज्यादा लोगों के जुटने, हथियार लेकर जाने या तनाव पैदा करने वाली किसी भी गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। निर्भया की मां ने शनिवार को कहा- 2012 से अबतक कुछ नहीं बदला है। ममता अपने पद का दुरुपयोग कर रही हैं।

बहना ने भाई की कलाई पे प्यार बांधा है...

- **भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज**
- **सुबह रहेगा भद्रा का साया, दोपहर बाद शुभ मुहूर्त**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाई-बहन के अमर प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन कल सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। कल रक्षाबंधन पर दोपहर 1.30 बजे तक भद्रा रहेगी। इस कारण राखी बांधने का मुहूर्त 1.30 बजे के बाद ही शुरू होगा। रक्षाबंधन पर भद्रा के अलावा मुहूर्त के लिए चौघड़िया, लग्न या किसी भी तरह का विशेष काल नहीं देखा जाता है। भद्रा खत्म होने के बाद से

सूर्यास्त तक बहनें कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं। वैसे तो रात में रक्षाबंधन करने का विधान किसी ग्रंथ में नहीं है, लेकिन किसी वजह से दिन में रक्षाबंधन नहीं मना पा रहे तो सूर्यास्त के बाद भी राखी बांधने की परंपरा है। पंचाग के अनुसार, भद्रा 18 अगस्त की अर्धरात्रि में 2 बजकर 21 मिनट से लग जाएगी। यह दूसरे दिन यानी 19 तारीख (रक्षाबंधन वाले दिन) को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। उन्होंने बताया कि इस समयावधि के बाद ही राखी बांधना सर्वश्रेष्ठ रहेगा। सावन पूर्णिमा की शुरुआत 19 अगस्त को 3 बजकर 5 मिनट से होगी और रात 11 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि को मानते हुए रक्षा बंधन का पर्व 19 अगस्त को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा और पूर्णिमा तिथि का व्रत भी इसी दिन होगा। मकर राशि में चंद्रमा होने की वजह से भद्रा पाताल लोक में निवास करेगी।

राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 4 बजकर 3 मिनट तक रहेगा। इसके बाद शाम को प्रदोष काल में 6 बजकर 39 मिनट से 8 बजकर 52 मिनट तक समय भी शुभ है।

बुलंदशहर में भयानक सड़क हादसा, 10 की मौत

रक्षाबंधन में घर जा रहे लोगों की गाड़ी बस से टकराकर पलटी

बुलंदशहर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में रविवार को बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई है। यहां बुलंदशहर के सलेमपुर थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस और मैक्स गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद की कंपनी में कार्यरत लोग रक्षाबंधन पर्व पर घर की तरफ जा रहे थे, जब गाड़ी का हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप उछलकर बगल में खेत में जा गिरी। हादसे की सूचना पर डीएम और एसएसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गाजियाबाद की एक कंपनी से मैक्स वाहन सभी लोग अपने घर अलीगढ़ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए जा रहे थे। इससे पहले कि वे लोग घर पहुंचते, उससे पहले ही बुलंदशहर के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रोडवेज बस और मैक्स वाहन की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 9 लोगों की मौत बताई जा रही है। मृतकों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इस मामले में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने 10 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल के लिए रवाना किया है। मृतक लोगों के शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दर्दनाक हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने रास्ते में ही चक्काजाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में करीब 20-22 यात्री सवार थे। वहीं शिकारपुर की तरफ से एक प्राइवेट बस तेज रफ्तार से बुलंदशहर की तरफ आ रही थी। मेरठ-बदायूं हाइवे पर सलेमपुर थाना क्षेत्र में गांव सलेमपुर के सामने एक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान प्राइवेट बस की टक्कर पिकअप वाहन से हो गई। पिकअप अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस ऐक्टिव हुई।

हो गया निर्णय! जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा

- **कश्मीर में निर्दलियों से गठबंधन संभव, 21 अगस्त को कैंडीडेट्स की पहली लिस्ट जारी होगी**

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रविवार को जम्मू में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी किशन रेड्डी, नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुघ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी बैठक में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि पार्टी जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी। कश्मीर में निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

नए भाजपा अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरू

10 करोड़ सदस्यों को जोड़ेगी सत्ताधारी पार्टी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सदस्यता अभियान के तहत कम से कम 10 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। यह अभियान 1 सितंबर से चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर सभी राज्यों में शुरू होने वाला है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सदस्यता अभियान के तहत नए पार्टी प्रमुख के चुनाव की भी तैयारी की जा रही है। बैठक में पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे चुनावी राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के अध्यक्ष और पदाधिकारी और पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बताया कि इस सदस्यता प्रक्रिया की देखरेख राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े करेंगे। सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि सदस्यता अभियान 1 सितंबर से 10 नवंबर तक कई चरणों में चलाया जाएगा और इसमें लोग मिस्ड कॉल, पार्टी की वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्यता ले सकेंगे। यह अभियान चुनाव वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव के बाद चलाया जाएगा और कुल संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। पात्रा ने कहा कि 2014 में करीब 11 करोड़ लोगों ने पार्टी के सदस्य के रूप में पंजीकरण कराया और 2019 में करीब 7 करोड़ लोगों ने कुछ समय के लिए खोले गए सदस्यता अभियान के दौरान पंजीकरण कराया था। उन्होंने कहा,2014 से 2019 के बीच लगभग 18 करोड़ सदस्यों ने सदस्यता ली। सदस्यता अभियान शुरू होना था, लेकिन महामारी के कारण हम आगे नहीं बढ़ सके। भाजपा 18 करोड़ सदस्यों के साथ विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक इकाई होने का दावा करती है। इसकी स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी।

सुनीता विलियम्स के सामने अंतरिक्ष में नई मुसीबत

- **आंखों पर मंडरा रहा खतरा, नासा बना रहा वापसी का प्लान**

वॉशिंगटन (एजेंसी)। करीब ढाई महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को स्वास्थ्य संबंधी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। नासा की एस्ट्रोनॉट यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी कमांडर बैरी विल्मोर के साथ जून की शुरुआत में बोइंग के स्टारलाइनर से अंतरिक्ष में गई थी। दोनों को एक सप्ताह बिताकर धरती पर वापस आना था लेकिन बोइंग के स्टारलाइनर में खराबी के चलते उनकी वापसी में देरी हो रही है। नासा ने हाल ही में बताया था कि वापसी में 2025 तक देरी हो सकती है। इस बीच नई रिपोर्ट बताती है कि सुनीता विलियम्स को आईएसएस पर आंखों में समस्या हो रही है। इस समस्या के पीछे कथित पर माइक्रोग्रैविटी के लंबे समय तक संपर्क में रहने को वजह बताया गया है। सुनीता विलियम्स की समस्या को स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो-ऑकुलर सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है।

बीजेपी में शामिल हो सकते हैं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन

दिल्ली में डाला डेरा, घर से हटाया जेएमएम का झंडा

रांची (एजेंसी)। झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के कई विधायकों के साथ बीजेपी में शामिल होने की अटकलें हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स के बायो से जेएमएम लीडर और मंत्री हटा लिया है। पूर्व सीएम के घर सरायकेला-खरसावां जिले के गांव जिलिंगगोड़ा से जेएमएम का झंडा हट गया है। चंपाई के साथ कई विधायकों के बीजेपी में शामिल होने की अटकलें हैं।

इनमें खरसावां से जेएमएम विधायक दशरथ गागराई ने बीजेपी में शामिल होने की खबरों का खंडन किया है। उन्होंने एक शपथ पत्र जारी किया है जिसमें लिखा है कि हम आधी रोटी खा लेंगे मगर गुरु जी (शिबू सोरेन) के मान सम्मान को नीचे नहीं होने देंगे। जेएमएम इस राज्य की माटी की पार्टी है और मुझे गर्व है कि मैं इस पार्टी का सिपाही हूं। इधर, आज दोपहर करीब 1 बजे चंपाई सोरेन दिल्ली पहुंचे। बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी मैं जहां पर हूं वहीं पर हूं। यहां मेरे बच्चे रहते हैं। मैं उनसे मिलने आता रहता हूं। मैं निजी काम से दिल्ली आया हूं।

प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की फीस पर अब लगेगी लगाम

हाईकोर्ट ने दिया ऐसा आदेश,बढ़ जाएगी संस्थानों की टेंशन

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने गैर सहायता प्राप्त निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। लखनऊ बेंच ने प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में चलने वाले विभिन्न मेडिकल कोर्सों के लिए 2024-25 सत्र के लिए फीस निर्धारण का आदेश दिया है। कोर्ट ने शुल्क निर्धारण समिति को आदेश दिया है कि शुल्क निर्धारण की कार्रवाई 21 सितंबर तक पूरी कर ली जाए। इसी के साथ कोर्ट ने चीफ सेक्रेटी को उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का भी आदेश दिया है, जिन्होंने शुल्क निर्धारण समिति का गठन करने में विलंब किया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के जस्टिस आलोक माथुर की

सिंगल बेंच ने यूपी अन-एडेड मेडिकल एंड अलॉयड साइंसेज कॉलेज वेलफेअर असोसिएशन और अन्य की ओर से दाखिल याचिका को मंजूर करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि उसका फैसला कोर्ट आए गैर सहायता प्राप्त निजी मेडिकल कॉलेजों पर ही लागू होगा। कोर्ट ने अपने इस निर्णय में राज्य सरकार के 11 जुलाई 2024 के उस शासनादेश को भी निरस्त कर दिया जिसके तहत इन कॉलेजों के लिए सत्र 2023-24 में निर्धारित शुल्क 2024-25 के लिए बढ़ा दिया गया था। याचियों की ओर से दलील थी कि राज्य सरकार को संबंधित प्रावधान के तहत शुल्क निर्धारण का अधिकार नहीं है। आदेश में कहा गया कि शुल्क निर्धारण समिति ही विचार के उपरांत शुल्क का निर्धारण कर सकती है। सरकार की ओर से याचिका का विरोध किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने निर्णय में शुल्क निर्धारण समिति को याची संस्थानों की सत्र 2024-25 के लिए शुल्क निर्धारण प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया। साथ ही संस्थानों को एक सप्ताह में शुल्क वृद्धि के संबंध में आवश्यक दस्तावेज समिति के समक्ष पेश करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में छह माह पूर्व ही शुल्क का निर्धारण हो जाना चाहिए था, बावजूद इसके निर्धारण समिति का गठन ही नहीं किया गया।

जम्मू-कश्मीर चुनाव

डल झील में बनाए जाएंगे तैरते हुए मतदान केंद्र

- **एलओसी को लेकर भी इलेक्शन कमीशन की खास तैयारी**

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कोई मतदाता नहीं छूट जाए, चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है। इसके लिए ईसी ने डल झील में 3 तैरते मतदान केंद्र बनाने का फैसला लिया है। साथ ही नियंत्रण रेखा पर भी एक मतदान केंद्र स्थापित करेगा जोकि अपने आप में बेहद खास होगा। एलओसी पर बनाया जाने वाला पोलिंग बूथ विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के लिए है, क्योंकि यहां 100 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो चुकी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इन अनूठे मतदान केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य गैर पहुंच वाले इलाकों तक संपर्क सुनिश्चित करना है। डल झील में बने तीन तैरते मतदान केंद्रों तक मतदान दल को नावों और शिकारों से ले जाया जाता है। कुमार ने बताया कि तीनों मतदान केंद्रों में से एक केंद्र खार मोहल्ला आबी करपोरा में केवल 3 मतदाता हैं।

राजस्थान के अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

मेल में लिखा-सभी मारे जाएंगे, अफरा-तफरी का माहौल

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के मोनी लेके हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी से अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंची है। मरीज घबराए हुए है। डाग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा है। मोनी लेके हॉस्पिटल को धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। जयपुर के जवाहर नगर में स्थित निजी हॉस्पिटल के बम से उड़ाने की धमकी से दहशत का माहौल है। बम निरोधक दस्ता और एटीएस की टीम मौके पर पहुंची है। अस्पताल में सुरक्षा एजेंसियां सर्च कर रही है। मेल में लिखा- हॉस्पिटल के बेड के नीचे और बाथरूम के अंदर बम है। मेल में लिखा- अस्पताल में सभी लोग मारे जाएंगे। बता दें इस तरह की धमकियां मिली थी, लेकिन गलत साबित हुई। जयपुर के जवाहर नगर में स्थित निजी हॉस्पिटल के बम से उड़ाने की धमकी से दहशत का माहौल है। बम निरोधक दस्ता और एटीएस की टीम मौके पर पहुंची है। अस्पताल में सुरक्षा एजेंसियां सर्च कर रही है। जयपुर के मोनिलेक और सीके बिरला समेत राजस्थान के 100 से ज्यादा हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

मानपुर सीएचसी में ओपीडी चालू

मानपुर। प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आईएमए के आह्वान का कोई असर देखने को नहीं मिला। रोज की भांति ओपीडी चालू रही। खास बात यह है कि 9 बजे से शुरू होने वाली ओपीडी शनिवार को 8.30 बजे ही शुरू हो गई। 24 घंटे की हड़ताल की घोषणा के बावजूद मरीजों की भीड़ रही। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 90 मरीजों का निबंधन और इलाज किया गया। इस संबंध में डॉ अंजली भारद्वाज ने कहा कि आईएमए के आह्वान की जानकारी काफी विलंब से प्राप्त हुई। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ऋषिकेश ने कहा कि वे भासा से संबद्ध हैं।

अनाज से भरी पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार

डुमरिया। पुलिस ने पीडीएस अनाज कालाबाजारी की बड़ी घटना का पर्दाफाश किया है। कालाबाजारी के लिए ले जाए जा रहे पिकअप वाहन पर लदे 20 क्विंटल अनाज को पुलिस ने जब्त किया है। अनाज कालाबाजारी करने की सूचना मिलने के बाद डुमरिया थाने कि पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चला कर यह कार्रवाई की है। वही मौके से पुलिस ने वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में स्थानीय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की सूचना मिली थी कि ग्राम बरडीहा से जनवितरण प्रणाली की दुकानदार बिट्टू पासवान के यहां से डुमरिया बाजार में मंतोष साह दुकानदार के यहां अनाज की बिक्री करने के लिए पिकअप से भरा अनाज जा रहा है। इस सूचना के आधार पर डुमरिया थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

वृक्षों की रक्षा के संकल्प के साथ नन्हें बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

गया। शहर के सर्वे ऑफिस के निकट संचालित आरंभिक प्ले हाउस स्कूल में बच्चों ने पेड़ों में राखी बांधकर नए तरीके से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बताया कि सभी पेड़ भी हमारे भाई-बहन हैं। हमें इसकी भी रक्षा करनी चाहिए ताकि हमें शुद्ध वायु मिले। निदेशक विनीत कुमार ने रक्षाबंधन का शाब्दिक अर्थ बताते हुए कहा कि रक्षा का अर्थ है रक्षा करना और बंधन का अर्थ है प्यार से बांधना। वहीं सचिव रजनीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह त्योहार धर्म, जाति और रिश्ते से परे होते हैं। व्यवस्थापक मृगांक नारायण सिंह एवं प्राचार्या अलका सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के प्रति रिश्ता निभाया जाने वाला अनमोल बंधन और सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार भाई-बहन के खट्टे-मीठे और सौहार्दपूर्ण रिश्ते की याद दिलाता है। मौके पर बच्चों ने शिक्षिकाओं की मदद से पेड़ को राखी बांधकर नए तरीके से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। शिक्षिकाओं अनुपम सिन्हा, ज्योति, स्नेहा, मीतू, वैष्णवी, आरती, गुलिस्ता ने बच्चों से राखी बनवाई। डांस टीचर गौतम ने सभी बच्चों से भैया मेरे राखी का बंधन के गाने पर डांस करवाया जिससे बच्चों ने भी खूब मस्ती की।

राजगीर स्टेडियम के पास वाले गांव में सड़क तक नहीं, कीचड़ भरे रास्तों से गुजरते हैं ग्रामीण

नालंदा। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर में एक ओर विश्व स्तर का स्टेडियम और खेल अकादमी का निर्माण हो रहा है तो वहीं चंद कदम की दूरी पर राजगीर नगर परिषद के वार्ड नंबर 13 का महुअल्ला गांव विकास से कोसों दूर रह गया है। गांव में मूलभूत सुविधाओं का घोर आभाव है। पक्की सड़क के नाम पर कीचड़ भरे रास्तों से होकर प्रतिदिन ग्रामीणों को आना-जाना पड़ता है। सीएम के आगमन को लेकर स्टेडियम जाने वाले रास्ते को तो चकाचक कर दिया गया, लेकिन 10 कदम की दूरी पर महूअल्ला गांव की स्थिति पर स्थानीय अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी या अनदेखा कर दिया गया। 500 लोगों की आबादी वाला महुअल्ला गांव में 100 के करीब घर बने हुए हैं। मुख्य रास्ते और गली वाली सड़कों पर नाले का पानी बहता रहता है। स्थिति ऐसी नारकीय बनी हुई है कि घर तक मोटरसाइकिल भी नहीं पहुंच सकता है।चुनाव के समय जनप्रतिनिधि आते हैं और वोट लेकर चले जाते हैं, लेकिन गांव की दुर्दशा को दुरुस्त करने के लिए कोई नहीं पहुंचता है।

क्या बोले ग्रामीण: ग्रामीण रामानंद यादव ने बताया कि गांव को नगर परिषद के अधीन तो कर लिया गया है, लेकिन कोई सुविधा नहीं मिल रही है। कच्चे रास्तों से होकर आना-जाना पड़ता है। बुजुर्ग महिला बच्ची देवी ने बताया कि बरसों से उनके गांव में सड़क, नाली-गली की समस्या बनी हुई है। बरसात के दिनों में तो यह और भी नारकीय हो जाती है। शादी विवाह के मौके पर मुख्य सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती है और पैदल ही लोग पगडंडियों का सहारा लेकर गांव पहुंचते हैं। गांव में अगर कोई बीमार पड़ गया तो उसे चार लोग खटिया पर लिटाकर गांव से बाहर इलाज के लिए ले जाते हैं।

क्या बोले वार्ड पार्षद: वार्ड नं 13 के वार्ड पार्षद मदन कुमार ने बताया कि बरसात के बाद व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों की माने तो वार्ड सदस्य गांव के विकास के प्रति सजग नहीं है। यही वजह है कि वर्षों से गांव की जो बदहाली बनी हुई वह नगर परिषद में शामिल होने के बाद भी महुअल्ला गांव की तस्वीर नहीं बदली है।

दशरथ मांझी महोत्सव का हुआ आगाज डिंपल भूमि के गीतों पर झूम उठे श्रोता

मोहड़ा। मोहड़ा प्रखंड के गेहलौर में शनिवार को बाबा दशरथ मांझी की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दशरथ मांझी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी,और औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा की बिहार को स्पेशल पैकेज की जगह बजट में ऐसे प्रावधान किए गए हैं, इससे कई गुना ज्यादा लाभ होगा। बिहार को लगभग पांच लाख करोड़ का फायदा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने गया में विष्णुपद और बोधगया कॉरिडोर को मंजूरी दी है, जिसके लिए राजगीर और वाणावर को भी इसमें जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। गया के आसपास से अमृतसर से कोलकाता और एक और कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है। जिससे गया बिहार का नोएडा के रूप में विकसित होगा और यहां के लोगों को रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा। गया में गंगाजल तो आ गया लेकिन सोन नदी से नहर लाकर मोकामा टाल तक पानी ले जाने के लिए हम प्रयासरत है और मुझे उम्मीद है कि इसमें सफल होंगे। गया में उद्योग का बिछाएंगे जाल केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि देश में 24000 बड़े उद्योग है। वहीं सुक्ष्म लघु मध्यम उद्योग 6 करोड़ हैं। उन्होंने महोत्सव में उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि दस एकड़ जमीन में टेक्नोलॉजी सेंटर के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने गया डीएम को जमीन भी खोजने की अपील की। उन्होंने कहा की पत्थर ,लकड़ी और कपड़ा उद्योग के लिए क्लस्टर नहीं है। क्लस्टर स्वीकृति मिलने के बाद हजारों करोड़ का फायदा होगा। गया में उद्योग का जाल बिछाने का वायदा महोत्सव में पहुंचे लोगों से किया। बाबा दशरथ मांझी को भारत रत्न देने की मांग उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि दशरथ मांझी ने कर्म और श्रम से पहचान बनाकर बसुधैव कुटुमवक की परम्परा को जीवित रखा है। दूसरे के लिए अपनी जिंदगी न्योछावर कर आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। आदमी संकल्प लेकर तस्वीर के साथ तकदीर भी बदलता है और इसके उदाहरण दशरथ मांझी और जीतन राम मांझी हैं।

गया में मनाया गया पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी महोत्सव

निज संवाददाता। गया

❒ उप मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन, गुरुआ विधायक ने की भारत रत्न की मांग

गया में पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी महोत्सव मनाया गया। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। मोहडा के गेहलौर में 17वें दशरथ मांझी महोत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर डीएम त्याग राजन ने दशरथ मांझी के पौते भगीरथ मांझी को पुष्प गुच्छ और केंद्रीय मंत्री ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया है। गुरुआ विधायक विनय यादव ने उनके याद में उद्योग की स्थापना के साथ भारत रत्न देने की मांग की।

क्या बोले केंद्रीय मंत्री: इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा की बिहार को स्पेशल पैकेज की जगह बजट में ऐसे प्रावधान किए गए हैं। इससे कई गुना ज्यादा लाभ मिलेगा। बिहार को लगभग पांच लाख करोड़ फायदा होने की पूरी उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने गया में विष्णुपद और बोधगया में कॉरिडोर को मंजूरी दी है, इसके अलावा राजगीर और वाणावर को भी इसमें जोड़ने के लिए माननीय केंद्रीय मंत्री प्रयासरत हैं. गया के आसपास से अमृतसर से कोलकाता आद्योगिक कॉरिडोर तथा एक अन्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है जिससे गया, नोएडा के रूप में विकसित होगा और यहां के लोगों को रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा।

आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं मांझी: उप मुख्यमंत्री बिहार विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि दशरथ मांझी ने कर्म और श्रम से पहचान बनाकर बसुधैव कुटुमवक की परम्परा को जीवित रखा है। दूसरे के लिए अपनी जिंदगी न्योछावर कर आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। आदमी संकल्प लेकर तस्वीर के साथ तकदीर भी बदलता है और इसके उदाहरण दशरथ मांझी हैं जो अभाव के बावजूद प्रभाव को साबित किया है । परिवारवाद के बल पर चलकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता। इस मौके पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दशरथ मांझी के जीवन के बारे बताया। वहीं औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि सच्चा प्रेम का प्रतीक स्थल गहलौर घाटी है। इससे पूर्व हम पार्टी की ओर से दशरथ मांझी की पुण्य तिथि पर गया के बोधगया से बाइक रैली निकाली गई थी। बाइक रैली गया से चल गहलौर पहुंची कर श्रद्धांजलि दी।

लूटपाट के आरोपियों के घर से हथियार बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

♦ दो भाइयों ने मिलकर साइकिल सवार को लूटा था, छापेमारी के दौरान दोनों हुए फरार

नालंदा में लूटपाट के आरोपी के घर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान हथियार बरामद हुआ, लेकिन आरोपी भाग गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि व घर आया हुआ है। जिसके बाद छोटू यादव और महेश यादव के घर रेड मारने गई। दोनों आपस में सगे भाई हैं। घर में जमीन के अंदर एक देसी रेगुलर राइफल मैगजीन सहित बरामद हुआ। फिलहाल दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के शेखोपुर दाहाचक गांव का है।

राहगीर से की थी लूट: दरअसल विनोद कुमार अपनी साइकिल से 20 जुलाई की शाम दीपनगर बाजार से घर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में महेश यादव और छोटू यादव ने मारपीट कर 10 हजार रुपए छिन लिए थे। मारपीट में पीड़ित गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

नालंदा में घर में मां-बेटे और बेटी का मिला शव

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों का शव मिला है। मरने वालों में मां-बेटी और बेटा शामिल हैं। तीनों का शव घर में ही पड़ा था। पुलिस के मुताबिक, मृतक महिला ने ही दोनों बच्चों की पहले गला दबाकर हत्या की और फिर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान सरिता देवी (मां), प्रिया कुमारी (बेटी) और प्रिंस कुमार (बेटा) के रूप में की गई है। परिजनों का कहना है कि मृतका सरिता देवी के पति ने ही तीनों की हत्या कर लटका दिया है। वहीं इस घटना के बाद पति फरार है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। घटना हिलसा थाना क्षेत्र के

भट्ठबीघा गांव की है।

पति-पत्ती में चल रहा था विवाद: हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने कहा कि आज सुबह 9 बजे सूचना मिली कि एक महिला और उसके दो बच्चों का शव पड़ा है। बेटी की उम्र 12 और बेटे की उम्र 10 साल है। दोनों के गले पर निशान है। शक है कि तीनों की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक, पति और पत्नी के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सुबह में पति खेत में गया था।

गया में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, तेज रफ्तार ऑटो ने सड़क किनारे खड़ी ऑटो में मारी टक्कर

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के डेल्हा के निकट अहले सुबह खड़े ट्रैक्टर में ऑटो ने टक्कर मार दिया। इससे ऑटो में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि ऑटो पर सवार सभी गया जंक्शन को जा रहे थे। इस हादसे में अन्य लोगो को मामूली चोटें आई हैं। उन्हें उपचार कर घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार खिजरसराय से ऑटो पर सवार होकर कुछ लोग स्टेशन आ रहे थे। रास्ते में ऑटो वाले ने खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दिया। इससे ऑटो में सवार शमीम खान (55) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बुरी तरह से जख्मी हुए नन्हें खान को लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर ले गए, वहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। नन्हें खान को उसके परिजन पटना इलाज के लिए ले जा रहे थे तभी नन्हें खान ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया।

क्या बोली पुलिस: वहीं इस घटना में पंचारु खान और दिनेश सिंह भी जख्मी हुए

हैं। उनका मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं गांव वालों का कहना है कि घटनास्थल से ट्रैक्टर कोई लेकर चला गया। घटना में मारे गए लोग गया जंक्शन से जयपुर के लिए ट्रेन पकड़ने वाले थे। मृतकों के पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि हादसे के वक्त गया कि ओर से एक हाइवा तेज गति से क्रास कर रहा था। उसकी हाई बीम लाइट की वजह से ऑटो चालक को सड़क किनारे खड़ा ट्रैक्टर नहीं दिखा और उसने टक्कर मार दिया। डीएसपी सुनील कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस की टीम पूरी घटना की छानबीन कर रही है। हादसा का कारण पता किया जा रहा है।

सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर बदला ट्रैफिक रूट, बिहार शरीफ में 25 केंद्रों पर होगा आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा

केंद्रीय चयन परिषद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के मद्देनजर बिहार शरीफ में व्यापक तैयारियां की गई हैं। रविवार को होने वाली इस महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन ने शहर की यातायात व्यवस्था में कई अहम बदलाव किए हैं। नालंदा जिला मुख्यालय के 25 केंद्रों पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। दोपहर 12 बजे से शुरू होकर 2 बजे तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासन ने कई मार्गों को अस्थायी रूप से बदल दिया है। सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ और ट्रैफिक डीएसपी द्वारा जारी संयुक्त आदेश के अनुसार, सुबह 8 बजे

से शाम 4 बजे तक विशेष यातायात नियम लागू रहेंगे।प्रमुख बदलावों में, अस्पताल चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। इसी तरह, रेलवे स्टेशन से सोहसराय और रामचंद्र की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी नए मार्ग निर्धारित किए गए हैं। नालंदा समाहरणालय और सोगरा उच्च विद्यालय की ओर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बसों के लिए विशेष मार्ग निर्धारित: विशेष रूप से, सभी प्रकार के भारी वाहन, जैसे बस और ट्रैक्टर,

● शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

इस अवधि में बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। पटना, नवादा और राजगीर से आने वाली बसों के लिए विशेष मार्ग निर्धारित किए गए हैं। बरबीघा और अस्थावां से आने वाले भारी वाहनों को बायपास मार्गों का उपयोग करना होगा।सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए, प्रशासन ने 36 स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की है। अधिकारियों ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पहले निकलें और नए यातायात नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जमीन के नाम पर लोगों को ठगने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बेलागंज थाने की पुलिस ने 15 से अधिक मामले में वांछित चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में जमीन की खरीद-फरोख्त के मामले में धोखाधड़ी के कई केस दर्ज हैं। पुलिस लगातार गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। आरोप है कि आरोपी ने जमीन दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर रखी थी। बताया जा रहा है कि आरोपी जिले के जिस इलाके में जाता था, वहां के लोगों से सम्पर्क कर उन्हें अपने जाल में फंसाता था। जमीन दिलाने के नाम पर ठगी करता था। ठगी का खुलासा होने पर पीड़ित जब उससे सम्पर्क करता था तो धमकाता भी था।

एक जगह लंबे समय तक नहीं रहता था: प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष सदानंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मोहम्मद रकीब को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के रहने वाला है। बीते कुछ दिनों से बेलागंज क्षेत्र में देखा जा रहा था। लम्बे समय तक रकीब किसी भी क्षेत्र में नहीं रहता था। इस वजह से पुलिस के हाथ वह नहीं आ रहा था। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जांच पड़ताल करने के बाद यह कार्रवाई की गई है। पकड़ा गया आरोपी रकीब से पूछताछ की जा रही है।

गया में घर से हथियार का जखीरा बरामद

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बेलागंज पुलिस ने 1500 कारतूस, 6 बंदूक, एक कट्टा, एक पिस्टल और एक राइफल के साथ 3 लाख 74 हजार 500 रुपए बरामद किया है। इसके अलावा एक स्कार्पियो और 2 बाइक जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने रंजीत, राहुल और मिन्ता देवी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। गौरतलब है कि बीते शनिवार को भी बेला प्रखंड के ही चाकंद थाने की पुलिस ने भी 256 कारतूस और बड़ी संख्या में हथियार के साथ मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया था। साथ ही 3 अपराधियों को गिरफ्तार भी किया था।

क्या बोले SSP: एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि हथियारों की तस्करी करने वाले एक महिला सहित 3 अपराधियों को बेलागंज के मानिकपुर से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मौके से बरामद स्कार्पियो में तहखाने बनाए गए थे, जिसमें हथियार रखकर उसकी खरीदकर सप्लाई की जाती थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात सूचना मिली थी कि मानिकपुर में हथियारों का जखीरा आया हुआ है। इस बात का सत्यापन किया गया फिर एएसपी अनवर जावेद, डीएसपी खुर्शीद आलम, प्रशिक्षु डीएसपी खुर्शीद सह बेलागंज थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस कर्मियों की टीम बनाई गई। टीम ने मानिकपुर मिन्ता देवी के घर छापेमारी के लिए पहुंची तो मिन्ता भागने लगी, लेकिन महिला पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने सारा राज उगल दिया। हथियार पलंग के बॉक्स में छिपा कर रखा हुआ था। पुलिस ने सारे हथियार बरामद कर लिए।

महादेव के प्रिय दिन सोमवार को पड़ रहा रक्षाबंधन

निज संवाददाता। गया

सात वर्षों के बाद महादेव का प्रिय दिन सोमवार को रक्षाबंधन पड़ रहा है। इसके पूर्व यह स्थिति वर्ष 2017 में बनी थी। वर्ष 2017 में भद्रा व चंद्रग्रहण के कारण मात्र दो घंटों के लिए ही बहनों ने भाई की कलाई सजाई थी, हालांकि इस बार यह स्थिति नहीं है, पर भाई-बहन के अटूट रिश्तों के महापर्व पर भद्रा की नजर है। भद्रा के कारण बहनें सूर्योदय के बाद से रक्षाबंधन का पर्व नहीं मना सकती। भद्रा की समाप्ति दोपहर करीब 01:30 में होगी। इसके बाद बहनें रक्षाबंधन का पर्व शाम के 07 बजे तक मना सकती है। शाम 07:01 से पंचक का आरंभ होगा। आचार्यों की माने तो पंचक में राखी बांधना अशुभ है। वैदिक मंत्रालय पाठशाला के आचार्य पं. राजा आचार्या ने बताया कि इस बार महादेव का प्रिय दिन सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा रहा है। बहनें सर्वप्रथम महादेव की पूजा अर्चना करे। संभव हो तो आखिरी सोमवारी का व्रत भी करे। इससे महादेव की विशेष कृपा मिलेगी। भद्रा समाप्ति के बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाना सर्वोत्तम होगा। करीब 01:30 बजे से बहने भाई की कलाई पर राखी बांध सकती है। शाम 07:01 से पंचक का आरंभ होगा।

एक से बढ़कर एक बन रही हैं मिठाइयां: रक्षाबंधन पर्व को लेकर मिष्ठान दुकानों में तैयारी जबर्दस्त चल रही है। एक से बढ़कर एक मिठाइयां

बनने लगी है। विजय लड्डू भंडार के प्रोपराइटर चितरंजन उर्फ गोल्डी ने बताया कि मिठाई के दाम में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। खोवा की मिठाई 360 से 380 रुपए, काजू मिठाई 700 से 1000, गोंद लड्डू 380 रुपए, सुगर फ्री मिठाई 800 से 1000, लड्डू 160 से 180 रुपए, चमचम 260 से 280 रुपए किलो बिक रहा है। 19 को देवघाट पर फल्गु महाआरती सावन पूर्णिमा को लेकर 19 अगस्त को शहर के श्री विष्णुपद स्थित देवघाट पर फल्गु महाआरती की जाएगी। फल्गु महाआरती फल्गु सेवा समिति इलाके चौदह सइया के बैनर तले किया जाएगा। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी छोटू बारिक ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिन गयापाल ब्राह्मण विधिवत तरीके से महाआरती की रस्मों को पूरा करेंगे, साथ ही गर्भगृह में अलौकिक शृंगार होगा। महाआरती को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है।

संक्षिप्त समाचार

स्नातक में 20 तक होगा स्पॉट एडमिशन

बक्सर। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक 4 वर्षीय कोर्स सत्र 2024-28 के कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में स्पॉट एडमिशन 20 अगस्त तक होगा। स्पॉट से विद्यार्थी 20 अगस्त तक नामांकन करा कर शुल्क जमा कर सकते हैं। इसके बाद कागजात का सत्यापन होगा। रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए ऑन द स्पॉट प्रक्रिया में सीट बुक करने और शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ा दी गयी है। पूर्व में 16 अगस्त अंतिम तिथि थी। बता दें कि इस बार स्नातक में 19 अंगीभूत कॉलेज और 68 संबद्ध कॉलेजों में एडमिशन लिया जा रहा है। स्नातक में 1 लाख 6 हजार से अधिक सीटें हैं। छात्र कल्याण अध्यक्ष ने बतया कि संबद्ध कॉलेजों में सीटें अब भी रिक्त हैं। ऐसी स्थिति में 20 अगस्त के बाद भी 4 दिनों के लिए कॉलेजों को एडमिशन के लिए अधिकृत किया जा सकता है।

सोहनीपट्टी के घर से गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

बक्सर। शहर के सोहनीपट्टी स्थित एक मकान से शुक्रवार को पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया। इस दौरान एक गांजा तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार गांजा तस्कर से पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक टाउन थाना पुलिस को सोहनीपट्टी में एक मकान में शराब की खेप की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलने के साथ ही टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के द्वारा एक टीम बनाकर सूचना के अनुसार छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान शराब की जगह पुलिस ने भारी मात्रा गांजा बरामद किया। गांजा का वजन तकरीबन 3 किलो बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजा मुराद अंसारी उर्फ लल्लू निवासी सोहनीपट्टी के रूप में हुई है। पुलिस तस्कर से पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क में शामिल अन्य तस्करों की पहचान में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि शराबबंदी के बाद सूखे नशे का तस्करी काफी बढ़ गया है। इससे पूर्व शहर के शांतिनगर मोहल्ले से कई बार हेरोइन जैसी मादक पदार्थों के साथ तस्करों को पकड़ पुलिस जेल भेज चुकी है। सदर एसडीपीओ डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गांजा तस्कर से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। उससे मिली जानकारी के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

जमीन विवाद में अपराधियों ने युवक को मारी गोली, घायल

बक्सर। जिले में कमजोर मानसून के सहारे इस वर्ष धान की खेती हो रही है। बता दें कि इस वर्ष मानसून के सीजन में अब तक 34 फीसदी कम बारिश हुई है। जिसके कारण से जिले के विभिन्न प्रखंडों में उमस भरी गर्मी पड़ रही है। हालात यह है कि लोग कह रहे हैं कि इतनी उमस भरी गर्मी इससे पहले कभी नहीं झेली है। बताते चले कि मानसून कमजोर होने के कारण इसका सीधा असर पर्यावरण पर तो पड़ ही रहा है इसके साथ-साथ लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। आमतौर पर अगस्त के महीने में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से 32 डिग्री के आस-पास होनी चाहिए, लेकिन तापमान 34 से 35 डिग्री के आस-पास रह रहा है जो सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यही हाल न्यूनतम तापमान का भी है न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4-5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जिसके कारण रात में भी उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिले में वर्षा नहर के पानी व सबमर्सिबल के सहारे लक्ष्य के विरुद्ध 97.79 फीसदी धान की रोपनी हो चुकी है।

फरार सजायाफ्ता देसी कट्टा और शराब के साथ गिरफ्तार

बक्सर। नैनीजोर थाना पुलिस ने शराब तस्करी में कोर्ट के सजायाफ्ता को देसी कट्टा, गोली और शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। बड़की नैनीजोर के काशीनाथ तिवारी के पुत्र विक्की तिवारी अपने सहयोगी के साथ पूर्व में शराब की खेप लाने के क्रम में फरार हो गया था। उक्त मामले में उत्पाद कोर्ट ने उसे पांच वर्ष की सजा और एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। विक्की तब से फरार चल रहा था। इसी बीच नैनीजोर पुलिस को सूचना मिली कि कोर्ट का फरार सजायाफ्ता शराब की खेप लेकर आ रहा था। नैनीजोर ओपी प्रभारी फिरोज आलम के नेतृत्व में एसआई हरिचरण राम और पुलिस बल ने क्षेत्र के ढाबी गंगा नदी किनारे से जाल बिछाया। उसी दौरान पुलिस को देख झाड़ियो में छुपे विक्की को पुलिस ने पकड़ लिया। जांच के क्रम में उसके पास से एक देसी कट्टा, पांच गोली और 384 बोतल शराब बरामद किया गया। पुलिस ने शराब तस्कर को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। नैनीजोर पुलिस ने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर शराब और देसी कट्टा व 5 गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है।पूछताछ के बाद कोर्ट के सामने प्रस्तुत कर दिया गया।

भोजपुर में बुजुर्ग की पीट–पीटकर हत्या, दोस्त से अक्सर होता झगड़ा, सिर के बल पटक कर मारने का आरोप

आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव में शनिवार को एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं परिजन द्वारा उनके साथी पर ही उनकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाईं गांव निवासी स्व.राजा महतो के 70 वर्षीय पुत्र महेंद्र महतो हैं एवं वह पेशे से मजदूर थे। उधर घटना की सूचना पाकर उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मृतक के परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इधर मृतक के बेटे मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह वह काम पर गया हुआ था और उसके पिता व उनके आरोपी साथी उसके घर पर ही थे। उन लोगों के बीच बराबर झगड़ा होता रहता था। शनिवार की दोपहर भी वह दोनों उसके घर पर ही थे। इसी बीच उनके साथी द्वारा मारपीट कर उनकी हत्या कर दी गई। इसके बाद उनके बेटे द्वारा उसे सूचना दी गई की बाबा के साथी द्वारा उन्हें मार दिया गया है। सूचना पाकर वह घर आया तो देखा कि उसके पिता मृत अवस्था में पड़े है। वहीं दूसरी ओर मृतक के बेटे मनोज कुमार ने अपने पिता एवं उनके साथी के बीच किसी भी बात को लेकर विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। वहीं उसने अपने पिता के साथ ही अरविंद कुमार पर अपने पिता को घसीट कर व सिर के बल पटक कर उनके हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप के इकलौती संतान थे। उनके परिवार में दो पुत्र मनोरंजन कुमार,मनोज कुमार एवं एक पुत्री रिंकू देवी है। उनकी पत्नी लीला देवी की मौत 15 वर्ष पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

देशी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

आरा। भोजपुर के बड़हरा थाना पुलिस गंगा नदी के रास्ते नाव से अवैध शराब की तस्करी किए जाने के मामले का राजफाश किया है। साथ ही तस्करी में संलिप्त चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में नथमलपुर गांव निवासी राजू सिंह, कुंदन कुमार उर्फ भोला, सारण के रिविलगंज थाना के नवीगंज बिंद टोली निवासी मुन्ना कुमार एवं अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एक नाव एवं सात सौ लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गुरूवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नथमलपुर डांडी के कुटिया के पास गंगा नदी के किनारे नाव से ज्वाला सिंह एवं अरविंद कुमार द्वारा नाव से देसी शराब उतारा जाएगा। सूचना पर थानाध्यक्ष ने छापेमारी की। उस समय छह लोग डेंगी नाव से बोरा उतार रहे थे। सशस्त्र बलों के सहयोग से चार को पकड़ा गया। जबकि, दो भाग निकले। एक लकड़ी का नाव एवं सात सौ लीटर शराब बरामद किया गया। इसे लेकर प्राथमिकी की गई है। इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा के समीप पुलिस ने छापेमारी कर अवैध बालू लदे ट्रक को जब्त कर लिया गया। साथ ही दो को धर दबोचा गया। पुलिस ने बक्सर जिले के कोरानसराय थाना के नाजीरगंज निवासी चालक मिथलेश कुमार एवं खलासी अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर प्राथमिकी की गई है।

8वीं की छात्र की मुंह-पेट में गोली मारकर हत्या

निज संवाददाता। आरा



❐ भोजपुर में स्कूल के पीछे मिली लाश, मोबाइल गायब, अफेयर में मर्डर की आशंका

भोजपुर में शनिवार की रात 8वीं की छात्र की मुंह और पेट में गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्र का शव देर रात एक सरकारी स्कूल के पीछे से बरामद किया गया। घटना इमादपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव की है। इधर, पुलिस इसे प्रेम-प्रसंग में हत्या की घटना के तौर पर देख रही है, लेकिन परिजनों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं पता। उनका किसी से विवाद भी नहीं था।मृतक की पहचान इमादपुर गांव के वार्ड नंबर आठ निवासी विद्यानंद पांडेय के बेटे पुष्पम राज कुमार उर्फ भोलू (13) के रूप में हुई है। घटना के बाद से उसका मोबाइल भी गायब है। मृत छात्र अपने तीन बहन के बाद सबसे छोटा था और अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। पिता किसान हैं। मृतक के चचेरे चाचा ऋषि राज कुमार ने बताया कि वह शनिवार की रात दलान में अपने दादा राजेश्वर पांडेय के साथ सोया हुआ था, लेकिन वहां से वह बाहर कब निकला, यह किसी को नहीं मालूम। करीब देर रात 12 बजे जब उसके दादा राजेश्वर पांडेय की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि पुष्पम वहां पर नहीं है। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन करना शुरू की। तभी बालू घाट से काम कर वापस लौट रहे मजदूरों ने बताया कि गांव के मध्य विद्यालय के पीछे एक किशोर खून से लथपथ स्थिति में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर परिजन जब वहां पहुंचे तो उन्होंने पुष्पम की पहचान की। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी। वहीं, दूसरी ओर मृत छात्र के चचेरे चाचा ने उसके और परिवार के अन्य सदस्य का गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का विवाद या दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। इधर, इस मामले में पीरो SDPO राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृत छात्र के परिजन द्वारा भी कुछ क्लियर नहीं बताया जा रहा है। उनके आवेदन देने के बाद ही करण का पता चल पाएगा।

कार्यों में सुस्ती पर कार्यपालक अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर | डीएम अंशुल अग्रवाल ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल बक्सर के द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। जिसमें 7 जुलाई को केशवपुर बहुग्रामी पाइप जलापूर्ति योजना के निरीक्षण के क्रम में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। अबतक लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता द्वारा अनुपालन नहीं किया गया है। इसके साथ साथ विभिन्न माध्यमों से पेयजलापूर्ति से संबंधित शिकायतों के निष्पादन में अभिरुचि नहीं लिया जा रहा था है। विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं पेयजलापूर्ति की समस्याओं के निराकरण हेतु कनीय अभियंता, सहायक अभियंता का संपर्क सूत्र एवं जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया।

अवैध हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में अवैध हथियार के साथ तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, 2 कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी है। कहा कि बहोरनपुर ओपी के करजा निवासी रामू यादव, नमन कुमार यादव एवं कविनाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिकी की गई है। स्कूटी को जब्त कर लिया गया है। पकड़े गए बदमाशों का पूर्व का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

टीम का गठन हुआ था: उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहिया थाना के तेघरा गांव में अवैध हथियार के साथ तीन बदमाश स्कूटी से है, जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तेघरा मोड़ के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस को देख तीनों ने भागने की कोशिश की। जिन्हें सशस्त्र बलों के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लिए जाने पर एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुए। टीम में एएसआई परवेज आलम समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

मवेशी की तलाश में निकले किशोर को मारी गोली, बहन की शादी में नाच के दौरान लड़कों से हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा

● जान से मारने की मिल रही थी धमकी

भोजपुर में अपराधियों ने एक किशोर को पेट में गोली मारी है। निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जख्मी किशोर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी शिवजी यादव का 17 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है। जो अपने पिता के साथ खटाल चलाता था। पांच दिन पहले खटाल से एक गाय चोरी हुई थी। उसे ही खोजने किशोर गया हुआ था। रास्ते में अपराधियों ने उसे गोली मार दी। बताया जा रहा कि मई में किशोर की बहन की शादी हुई थी। जिसमें नाच प्रोग्राम के दौरान कुछ लोगों से विवाद हुआ था। वे लोग जान से मारने की धमकी दे रहे थे। घटना नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास की है।

बहन की शादी में कुछ लड़कों ने मारपीट की थी: वर्तमान में जख्मी किशोर पूरे परिवार के साथ नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले के सूर्य नगर गली नंबर 2 में रहता है। जख्मी किशोर के भाई रंजन ने बताया कि बहन निक्की की शादी 6 मई 2024 को सूर्य नगर गली नंबर-2 से हुई थी। शादी में बारातियों के लिए शामियाना में नाच प्रोग्राम था। उसी समय आठ–दस की संख्या में लड़के आए और जबरन नाचने लगे। बारातियों ने विरोध किया तो वे लोग गाली-गलौज करने लगे थे। तभी मेरा भाई आशीष शामियाना में गया और लड़कों को समझाने लगा। जिसके बाद उन लड़कों ने उसकी पिटाई कर दी। हम लोगों ने इसकी शिकायत नवादा थाना पुलिस से की थी। तब से वे लोग जान से मारने की धमकी दे रहे।

जख्मी स्थिति में परिजन को किया था फोन: रंजन ने कहा कि मेरा भाई अकेले गाय को खोजने के लिए निकला था। तभी पेट में गोली मारी गई। जख्मी स्थिति में भाई ने फोन कर घटना की जानकारी दी। नवादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई। परिजन पहले उसे सदर अस्पताल ले गए थे। वहां से पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

वाहन रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस से एडरेस-मोबाइल नंबर कराना होगा लिंक

❐ एक्सीडेंट में वाहन चालक की हो पाएगी पहचान, बक्सर में भी निर्देश जारी

निज संवाददाता। बक्सर

दुर्घटना के बाद वाहन मालिक और चालक की सही पहचान को लेकर हो रही परेशानी पर अब वाहनों के कागजात को मोबाइल नंबर से लिंक करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए एक महीने का समय दिया गया है। बक्सर के डीटीओ संजय कुमार ने साफ कहा है कि वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस का लिंक मोबाइल नंबर और पता अपडेट कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने पर संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन व चालक की डीएल निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहन मालिक व चालकों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। यह कार्य डीटीओ द्वारा परिवहन सचिव दिशा निर्देश पर कराया जा रहा है।

30 दिनों के अंदर करानी होगी पता बदलने की सूचना: बताया गया कि मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर देना होगा। अपडेट कराने की सुविधा परिवहन सेवा पोर्टल पर उपलब्ध है। नंबर अपडेट नहीं होने की स्थिति में संबंधित वाहन का पॉल्यूशन प्रमाण पत्र भी नहीं बन सकेगा। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 49 में निहित प्रावधान के अनुसार वाहन मालिक द्वारा यदि रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में लिखित निवास स्थान बदला जाता है तो अपने नए एड्रेस की सूचना 30 दिनों के अंदर सक्षम प्राधिकार को उपलब्ध कराया जाना है। इसके उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है।

घर बैठे कर सकते हैं अपडेट: वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर parivahan.gov.in व ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर sarathi.parivahan.gov.in पर भी ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। वाहन रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के समय का लिंक्ड मोबाइल नंबर अगर उपयोग में नहीं है या नया नंबर अपडेट करना चाहते हैं तो घर बैठे उपरोक्त वेबसाइट आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं।

फ्रिज और वॉशिंग मशीन के लिए पत्नी को पीटा

♦ दो साल पहले हुई थी शादी, पीड़िता का इमरजेंसी वार्ड में चल रहा इलाज

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में पति और देवर ने मिलकर विवाहिता की पिटाई कर दी। मारपीट में महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। उसने मामले की सूचना घर से बाहर निकलकर अपने मायके वालों को दी। मायके वाले ससुराल पहुंचे और महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज चल रहा है। घायल महिला नगर थाना अंतर्गत रौजा मुहल्ला निवासी मो.छोटू की 25 वर्षीय पत्नी रौशनी खातून है। पीड़ित महिला के पिता मो. अमजद ने कहा कि मैंने अपनी बेटी की शादी मई 2022 में मो.फहीम के पुत्र मो. छोटू से की थी। शादी में सिर्फ फ्रिज और वॉशिंग मशीन नहीं दिया था। कुछ बीत जाने के बाद पति और देवर फ्रिज की मांग करने लगे। कहने लगे कि खाना, पानी रखने में दिक्कत हो रही है। तुम अपने पिता से एक फ्रिज और कपड़ा धोने के लिए वॉशिंग मशीन मांगों ।

पीड़िता के पिता रिक्शा चालक हैं: पीड़ित के पिता ने बताया कि मैं रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा हूं। मेरी हैसियत नहीं कि मैं ये सामान दे सकूं। तब से मेरी बेटी को ये लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। कुछ दिन पहले भी मारपीट की गई थी, लेकिन अपनी बेटी का घर बसाने के लिए पंचायत स्तर पर सुलह करा दिया था ।

इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा: बेटी अपने घर में थी तभी उसके पति और देवर ने मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। घायल महिला का इलाज आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सक ने बताया कि जख्मी महिला डरी सहमी सी है।

युवक पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज, शुक्रवारी पूजा से लौटने के दौरान मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव में शुक्रवार की रात बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने अरविंद को गोली मारे जाने के मामले में प्राथमिक की कर दी गई है। इसे लेकर घायल के पिता वीर नारायण सिंह के बयान पर दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक कराई गई है। प्राथमिक यू के बाद पुलिस तकनीकी एवं टावर डंप के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

क्या बोले SP: पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि सदर अनुमंडल के मुफस्सिल थाना अंतर्गत धमार गांव में शुक्रवार की रात गांव में बिजली नहीं थी और अंधेरा का था । इस समय एक बाइक सवार दो अपराधियों के द्वारा दो राउंड हवाई फायरिंग की गई। इसी फायरिंग में धमार गांव के रहने वाले वीर नारायण सिंह के पुत्र अरविंद सिंह के कमर में एक गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही 10 मिनट के अंदर डायल 112 की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त घटनास्थल पर सीनियर पदाधिकारी पहुंच कर जांच किए तथा सहायक पुलिस अधीक्षक सदर परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है । कुछ गांव के ही असामाजिक तत्वों की पहचान की गई है जो की आरंभिक जांच और आसपास के लोगों के बयान के अनुसार दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर रहे थे ।

गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी: फायरिंग में अरविंद को गोली लग गई। प्राथमिकी दो अज्ञात पर की गई है ।घटनास्थल के पास वर्तमान बड़हरा विधायक का पुस्तैनी घर है जहां इनके संयुक्त परिवार के कुछ लोग रहते हैं ,हालांकि फायरिंग सड़क पर की गई । गठित टीम घटना को उद्भेदन तथा कारण का पता करने के साथ अभियूक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी आरंभ कर दी है।

चिकन-चावल के साथ राजस्व कर्मचारी की शराब पार्टी, सफाई में बोले... मैंने शराब नहीं पी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के कोईलवर अंचल के राजस्व कर्मचारी का शराब पीते हुए एक वीडियो सामने आया है। जो एक साल पहले का है। वीडियो में दिख रहा है कि राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार चार लोगों के साथ दिख रहे हैं। सभी साथ में बैठकर भोजन कर रहे हैं। खाने में चिकन-चावल है और कांच के ग्लास में शराब जैसा तरल पदार्थ है। सभी साथी आपस में काफी इंजॉय कर रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि डिजिटल भास्कर नहीं करता। इस बारे में जब राजस्व कर्मचारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैंने शराब नहीं पी है। ग्लास में जो दिख रहा है वो एप्पी फीज कोल्ड ड्रिंक है। मुझे दावत में बुलाया गया था। मुझे शक था वीडियो वायरल होगा। इसलिए मैंने कोर्ट में एक कंप्लेंट फाइल की थी।

मुझे साजिश के तहत फंसाया जा रहा: अनिल कुमार ने बताया कि यह वीडियो पिछले साल सितंबर का है। मुझे साजिश तहत के शिक्षक अजीत कुमार ने पार्टी में बुलाया था। उसने कहा था मेरे घर चिकन पार्टी में आप आइए। हम शराब नहीं पीते हैं। मुझे कुछ दिन के बाद से ब्लैक मेल किया जा रहा था। कहा जा रहा था कि जमीन का काम कर दीजिए। दो लोगों के बीच जमीन का विवाद चल रहा था, जिसका मामला DCLR कोर्ट में चल रहा है। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। जिसके बाद हमें धमकी दी जा रही है। मैंने नवंबर में आरा सिविल कोर्ट में दो लोगों के खिलाफ आवेदन दिया था।

वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी-सीओ: कोईलवर की सीओ प्रियंका कुमारी से पूछा गया कि आपके कर्मचारी का शराब पार्टी करने का वीडियो सामने आया है। जवाब में वे कुछ भी बताने से परहेज कर रहीं थीं। हालांकि CO ने कहा है कि वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। सत्यता पाए जाने बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

अखबार विक्रेता के भाई का हुआ निधन

भागलपुर। अखबार विक्रेता राजकिशोर साह के छोटे भाई रतन किशोर साह (40) का शनिवार की देर रात निधन हो गया। वह बुखार से पीड़ित थे और उनका प्लेटलेट्स कम था। उनका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा था, जहां उनका निधन हो गया। वह पन्ना मिल रोड गुरहट्टा चौक के रहने वाले थे।

शाहनवाज हुसैन का किया स्वागत

भागलपुर। शनिवार को सराय चौक स्थित एक होटल में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन का स्वागत किया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर वरिष्ठ नेता हरिवंश मणि सिंह, नभय कुमार चौधरी, राज किशोर गुप्ता, नितेश सिंह, दिलीप निराला, आलोक सिंह बंटू, सुमन भारती आदि थे।

प्रोजेक्ट आधारित हुआ कार्यक्रम

भागलपुर। इंटर स्तरीय जिला स्कूल में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम हुआ। गणित व विज्ञान विषय के सिलेबस आधारित प्रोजेक्ट का उन्मुखीकरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मो. जमाल मुस्तफा ने किया। मौके पर संचालन संभाग प्रभारी डॉ. उपेन्द्र प्रसाद जिले के सभी प्रखंड साधन सेवी, नम्रता मिश्रा, चंदन कुमार, अमित कुमार, शालिनी कुमारी व सुमन कुमारी थी।

मुंगेर विवि का सीनेट चुनाव फिर स्थगित

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में फिर से अगले आदेश तक के लिए सीनेट चुनाव स्थगित कर दिया गया। शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। दिलचस्प यह कि अधिसूचना तब जारी हुई, जब एक दिन नामांकन की तिथि बिना किसी सूचना के ही निकल गई। दरअसल 2 सितंबर को होने वाले सीनेट चुनाव के लिए 16 अगस्त से नामांकन दाखिल किया जाना था। शुक्रवार को कर्मचारी एवं शिक्षक नामांकन पत्र लेने विश्वविद्यालय भी गए। पदाधिकारियों से मिले। मगर उन्हें नामांकन पत्र नहीं मिला और शनिवार को चुनाव को अगले आदेश तक के लिए या कहें कि अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। एक तो विश्वविद्यालय की स्थापना के 6 वर्ष बीत गए। अब तक चुनाव नहीं हुए। कुलाधिपति के समक्ष भी नवंबर, 2023 में दो महीने के अंदर चुनाव कराने की घोषणा हुई। मगर परिणाम वही ढ़ाक के तीन पात। कर्मचारी महासंघ एवं शिक्षक संघ के बहुत दबाव के बाद 15 मई को सीनेट चुनाव कराने की घोषणा हुई। जो लोक सभा चुनाव का बहाना बनाकर टाल दिया गया। पुनः 2 सितंबर को चुनाव की तिथि मुकर्रर हुई। वह भी टाल दी गई। जबकि मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। अब तो समन्वय समिति ने कोर कमिटी पर ही सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

कोलकाता की घटना कलंक : शकेब

मुंगेर। ऑल इंडिया रिव्युलुशनरी फोरम के सह संयोजक फर्रह शकेब ने कोलकाता बलात्कार की घटना को समाज के लिए कलंक बताया है। इसका प्रतिकार आवश्यक है। साथ ही इस घटना पर भाजपा की कुत्सित राजनीति पर भी कड़ा प्रहार किया है। संयोजक तारिक अनवर ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह का संरक्षण करने वाली भाजपा किस मुंह से बलात्कार के खिलाफ़ ज़बान खोल रही है। फर्रह शकेब ने कहा कि बंगाल के साथ साथ बिहार और उत्तराखंड में भी ऐसी ही जघन्य बलात्कार की घटनाएं घटित हुई है लेकिन कोई भाजपाई इन घटनाओं पर ज़बान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। दरअसल उत्तराखंड मे भाजपा की सरकार है और बिहार में भाजपा सरकार की साझीदार है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कथित महिला अस्मिता का ढोंग फर्जी और झूठा है।

विवि की कुलपति का कल खत्म हो रहा कार्यकाल

मुंगेर| मुंगेर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. श्यामा राय का कार्यकाल 19 अगस्त को समाप्त हो रहा है। लिहाजा प्रभारी कुलपति के रूप में कई नामों की चर्चा चल रही है। जिसमें अन्य विश्वविद्यालयों के वीसी के अलावा यहां के वरीय शिक्षकों की चर्चा भी हो रही है। हालांकि सभी की नजर राजभवन के फैसले पर है। बता दें कि राज्य के तीन विश्वविद्यालयों- नालं दा ओपन विश्वविद्यालय, पूर्णिया एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपतियों का कार्यकाल इसी माह समाप्त हो रहा है। राजभवन द्वारा 10 मई को जारी किए गए पत्र में इन कुलपतियों के नीतिगत निर्णय लेने की शक्तियों पर रोक लगा दी गयी है। अब देखना है कि इनके कार्यकाल की समाप्ति तक नए कुलपतियों की नियुक्ति होती है या तीनों विवि प्रभारी कुलपति के भरोसे चलेंगे। प्रायः यह देखा जा रहा है कि किसी अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति को ही ऐसे में प्रभारी कुलपति नियुक्त किया जाता है। हालांकि हाल के दिनों में राजभवन ने अपने एक पत्र में कुलपति का प्रभार विश्वविद्यालय के वरीयतम प्राध्यापक को देने का निर्देश दिया था। ऐसे में प्रभारी कुलपति बनने की मुहिम में इन विश्वविद्यालयों के कई वरीय प्राध्यापक लगे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार लेने के लिए यहां के वरीय प्राध्यापक राजभवन तक पैरवी करा रहे हैं। जबकि जानकार बताते हैं कि यहां के वरीय शिक्षकों के प्रोन्नति की विजिलेंस जांच चल रही है। साथ ही प्रोन्नति की जांच रिपोर्ट भी राजभवन भेजे जाने की सूचना है।

बीडीओ ने की बीएलओ संग बैठक

टेटिया बंब। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीएलओ की बैठक बीडीओ निशा राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बीडीओ ने बताया कि बैठक में सभी बीएलओ को घर-घर सर्वे कर वोटर लिस्ट में नए वोटरों को जोड़ने एवं मृत व्यक्ति का नाम हटाने सहित त्रुटियां संशोधित करने का निर्देश दिया गया है। बीएलओ एप के माध्यम से मतदान केंद्र का अक्षांश एवं देशांतर को अपडेट करना मुख्य पृष्ठ का शुद्धिकरण करने का निर्देश दिया गया।

सेमेस्टर-टू की परीक्षा से 9 निष्कासित

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-टू, सत्र 2023-27 (परीक्षा-2024) की परीक्षा में दोनों पालियों में कदाचार करते पकड़े जाने पर कुल 9 परीक्षार्थियों को निष्कासित कर दिया गया। जिसमें आरएस कॉलेज तारापुर से दोनों ही पाली में एक-एक परीक्षार्थी, कोशी कॉलेज खगड़िया से भी दोनों पाली में एक-परीक्षार्थी, आरडी कॉलेज शेखपुरा से प्रथम पाली में एक परीक्षार्थी, बीआरएम कॉलेज से दूसरी पाली में चार परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि सेमेस्टर-टू की परीक्षा में दूसरे दिन कुल 9 परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया है।

मुंगेर विश्वविद्यालय में अगले आदेश तक के लिए सीनेट चुनाव फिर स्थगित

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में फिर से अगले आदेश तक के लिए सीनेट चुनाव स्थगित कर दिया गया। शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। दिलचस्प यह कि अधिसूचना तब जारी हुई, जब एक दिन नामांकन की तिथि बिना किसी सूचना के ही निकल गई। दरअसल 2 सितंबर को होने वाले सीनेट चुनाव के लिए 16 अगस्त से नामांकन दाखिल किया जाना था। शुक्रवार को कर्मचारी एवं शिक्षक नामांकन पत्र लेने विश्वविद्यालय भी गए। पदाधिकारियों से मिले। मगर उन्हें नामांकन पत्र नहीं मिला और शनिवार को चुनाव को अगले आदेश तक के लिए या कहें कि अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। एक तो विश्वविद्यालय की स्थापना के 6 वर्ष बीत गए। अब तक चुनाव नहीं हुए। कुलाधिपति के समक्ष भी नवंबर, 2023 में दो महीने के अंदर चुनाव कराने की घोषणा हुई। मगर परिणाम वही ढ़ाक के तीन पात। कर्मचारी महासंघ एवं शिक्षक संघ के बहुत दबाव के बाद 15 मई को सीनेट चुनाव कराने की घोषणा हुई। जो लोक सभा चुनाव का बहाना बनाकर टाल दिया गया। पुनः 2 सितंबर को चुनाव की तिथि मुकर्रर हुई। वह भी टाल दी गई। जबकि मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। अब तो समन्वय समिति ने कोर कमिटी पर ही सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

भागलपुर में NH 80 पर बह रही है गंगा नदी, 50 फीट हिस्सा ध्वस्त

- नाव के जरिए अब आना-जाना कर रहे हैं लोग, बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में कोशी और गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण भागलपुर से झारखंड को जोड़ने वाली NH 80 पर गंगा नदी की तेज धारा बह रही है। हालात यह है कि NH 80 का 50 फीट हिस्सा ध्वस्त हो गया है। सबौर-घोषपुर के नजदीक निर्माणाधीन पुलिया टूट चुका है, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। आसपास के लोग नाव के जरिए अब आना-जाना कर रहे हैं।

बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक: फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दिया गया है। ट्रक चालक दिलीप यादव ने बताया कि अभी झारखंड जाने के लिए हम लोगों को अब गोराडीह के रास्ते जाना पड़ रहा है। इसके कारण 70-75 किलोमीटर तक का ज्यादा सफर करना पड़ रहा है। काफी परेशानी हो रही है। सबौर के जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश मंडल ने बताया कि NH-80 खानकित्ता गांव से आगे टूटे डायवर्जन को लेकर अंचल प्रशासन की ओर से तीन नाव मिला है, लेकिन नाव वालों को एडवांस नहीं दिया गया है। उन्हें डीजल भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। नाव वाले बाइक चढ़ाने के लिए 50 रुपए ले रहे हैं।

क्या बोले कार्यापालक अभियंताः जल संसाधन विभाग के कार्यापालक अभियंता आदित्य प्रकाश ने बताया कि अभी गंगा फॉलिंग पोजिशन में है। धीरे-धीरे जलस्तर घटेगा। भागलपुर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 16cm तो वहीं कहलगांव में 96cm जलस्तर लाल निशान से भागलपुर में 16 सेमी और कहलगांव में 96 सेमी ऊपर बह रही है।

बर्थडे पार्टी में गई नाबालिगों की ग्रामीणों ने कराई शादी

निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग बहनों की ग्रामीणों ने जबरन शादी करा दी, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि एक मंदिर में कुछ ग्रामीण दोनों बहनों के मांग में बारी बारी से सिंदूर डलवा रहे हैं। वायरल वीडियो 16 अगस्त का बताया जा रहा है।

जानिए क्या है पूरा मामला: बताया जा रहा है की मुफ्फसिल थाना क्षेत्र की रहने वाली दो दलित नाबालिग बहन अपने दो दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी में हवेली खड़गपुर थाना इलाके के रतैठा गांव में गई थी। जहां ग्रामीणों ने दोनों बहन और उसके दोस्त को पकड़ कर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाकर गांव के ही एक मंदिर में शादी करवा दी। वायरल वीडियो भी ग्रामीण बच्चों से अपनी मर्जी से और एक दूसरे से प्यार करने की बात कबूल करवाते सुनाई दे रहे हैं। घटना की सूचना के बाद हवेली खड़गपुर थाना के पदाधिकारी कुंदन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और चारों बच्चों को उठाकर थाना लाया। वहीं परिजनों के आने के बाद सभी बच्चों को घर भेज दिया।

सभी साथ में करते पढ़ाईः एएसआई कुंदन कुमार ने बताया कि मुझे बड़ा बाबू से घटना की सूचना मिली, जिसके बाद हम वहां पहुंचे और सभी को थाने लेकर पहुंचे। जिसके बाद परिजनों को बुलाकर बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया। दोनों बच्ची सगी बहन है, जिसमें एक सोलह तो दूसरी 15 वर्ष की है। वहीं एक लड़का टेटिया बंबर और दूसरा तारापुर थाना इलाके का रहने वाला है और मुंगेर में कमरा लेकर पढ़ाई करता है। बताया जा रहा है कि लड़की भी वहीं पढ़ती है और सभी आपस में दोस्त हैं। अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मां ने बताया कि हम दोनों लड़के को हम पहचानते हैं और ये लोग मेरे घर भी आया जाया करते है। बच्ची की मां से लिखित आवेदन लेने के बाद बच्चों को भेज दिया गया है।

MLA गोपाल मंडल ने कहा- होटल में ही मार देंगे, ऑनर ने विधायक के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

- कहा- 50 हजार हर महीने मांगी रंगदारी

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से JDU विधायक गोपाल मंडल ने लाइन होटल संचालक को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित होटल संचालक ने परबत्ता थाने में विधायक के खिलाफ लिखित शिकायत की है। होटल संचालक नरेश मंडल ने गोपाल मंडल पर आरोप लगाया है कि विधायक ने हर महीने 50 हजार रंगदारी मांगी है। यह राशि नहीं देने पर हत्या की धमकी दी है। नरेश मंडल ने बताया कि शुक्रवार (16 अगस्त) को JDU प्रदेश महासचिव वीरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मेरे होटल पर मीटिंग आयोजित की गई थी। इस बैठक के दौरान विधायक ने मेरे मोबाइल पर दो बार कॉल किया। भीड़ होने के कारण मैं कॉल रिसीव नहीं कर पाया। इसके बाद रात 8:30 बजे मैंने उन्हें कॉल किया। विधायक ने कॉल रिसीव करते ही धमकी देना शुरू कर दिए।

जाति सूचक दी गालीः गोपाल मंडल ने फोन पर कहा कि होटल पर मेरे दुश्मन को बैठाते हो। फिर जाति सूचक गाली गलौज करते हुए होटल उजाड़ देने की धमकी दी। मैंने कहा- अगर आपकी इच्छा है तो उजाड़ दीजिएगा। इस पर गोपाल मंडल ने कहा- मेरे दुश्मन को बैठाते हो। वहीं आते हैं और मार देंगे। यह कहते हुए कॉल काट दिया। वहीं, इस मामले में विधायक गोपाल मंडल से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। कॉल किसी और ने रिसीव किया और कहा-विधायक जी नहीं है। इस मामले में नवगछिया एसपी पूरन झा ने बताया कि विधायक गोपाल मंडल के खिलाफ एक लिखित शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पिकअप वैन और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर

- एक युवक को 50 फीट घिसटती ले गई वैन सवार, बाइक दूसरा नाला में गिरा, दोनों की स्थिति गंभीर

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में रविवार को पिकअप वैन और बाइक के बीच आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक पर सवार एक युवक नाला में जा गिरा। जबकि दूसरे युवक को पिकअप वैन 50 फीट तक घिसटती आगे ले गई। बाइक सवार दोनों युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना लोदीपुर थाना क्षेत्र के लालूचक अंगारी के पास की है।

ड्राइवर ने ही दोनों को पहुंचाया अस्पतालः घटना के बाद पिकअप चालक ने ही जख्मी दोनों युवकों को स्थानीय निजी अस्पताल पहुंचाया। जबकि पिकअप पर दो अन्य युवक सवार थे, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घायल बाइक सवार युवकों की पहचान रोशन और सन्नी के रूप में की गई है। दोनों समसपुर होते हुए अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। राहुल को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई है। घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, पिकअप वैन 70KM की स्पीड में चल रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। इस हादसे के बाद लोगों ने इसकी जानकारी डायल 112 को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वैन और बाइक को जब्त कर लिया है।

चलती ट्रेन में सांसद सवार, अंगरक्षकों ने दिया सहारा

निज संवाददाता | भागलपुर

नवगछिया में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को चलती ट्रेन में सवार होना पड़ा। प्लेटफार्म नंबर-3 पर राजधानी एक्स. खड़ी थी। वे वहां पहुंच चुके थे, पर उन्हें आने में थोड़ी देर हो गई थी। वे अपने समर्थकों और अगरक्षकों के साथ अपने कोच की ओर बढ़ रहे थे। जबतक वे गाड़ी में चढ़ते तबतक ट्रेन खुल गई। ट्रेन धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। अंगरक्षकों ने चलती ट्रेन में पप्पू यादव को सहारा देकर चढ़ाया, पर अंगरक्षकों को चढ़ने के लिए दौड़ लगानी पड़ी। सांसद के समर्थक दौड़कर सामान पहुंचा रहे थे। इसका वीडियो भी सामने आया है।

राजधानी एक्सप्रेस में टिकट थीः दरअसल, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शनिवार को भागलपुर के नवगछिया स्टेशन पर पहुंचे। जहां से उनकी राजधानी एक्सप्रेस में टिकट थी। नवगछिया स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी स्वागत किया। ट्रेन खुलने के बाद समर्थक कुछ-कुछ सामान दौड़ते हुए अंगरक्षकों को दे रहे थे। गाड़ी की रफ्तार भी बढ़ती जा रही थी। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की हताहत नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से खरीद सकेंगे वाहन, मिनी बस खरीद पर 50% अनुदान

निज संवाददाता | मुंगेर

मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत मिनी बस खरीद के लिए प्रखंड स्तर पर 25 अगस्त तक आवेदन लिया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार अलबेला ने बताया कि 22 सीटर मिनी बस की खरीद पर सरकार की ओर से लागत का 50% या 5 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जो भी लाभुक इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, वे 25 अगस्त तक प्रखंड कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के प्रखंडों व सुदूर पंचायतों में मुख्यालय से जोड़ने व आमजनों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से यह योजना चलाई गई है। मुंगेर। बिहार राज्य परिवहन आयुक्त के पत्र के आलोक में जिलाधिकारी को कहा गया है कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत 11वें चरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया 28 अगस्त से लेकर 27 सितंबर तक पूरा कर लें। इसी दिशानिर्देश के आधार पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार अलबेला ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ई-रिक्शा, ऑटो व एंबुलेंस जैसे वाहन की खरीदकर सरकारी अनुदान का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा, ऑटो व एंबुलेंस जैसे वाहन की खरीद पर सरकार की ओर से लागत का 50% या 1 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाता है। इसके बाद आवेदन की अनुशंसा 3 अक्टूबर तक, अनुमंडल स्तरीय समिति की बैठक 4 अक्टूबर, चयन सूची का प्रकाशन 5 अक्टूबर, आपत्ति निराकरण 17 अक्टूबर, अंतिम सूची का प्रकाशन 18 अक्टूबर, प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा चयनित लाभुकों को चयन पत्र की तामिला 19 से 26 अक्टूबर तक, वाहन क्रय के बाद चयनित लाभुक के द्वारा अनुदान प्राप्ति का समर्पित करना 21 अक्टूबर और लाभुकों के खातों में अनुदान का भुगतान आवेदन प्राप्ति के 7 दिनों के अंदर किया जाता है।

8 लाख के विवाद में गई रौनक की जान, भागलपुर पुलिस ने 10वें दिन किया खुलासा, 20 दिन पहले प्लानिंग, 2 लाख में शूटर हायर

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में आत्माराम मेडिकल के संचालक बलराम केडिया के बेटे रौनक केडिया की हत्याकांड का पुलिस ने 10वें दिन खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड अमित कुमार सिंह उर्फ अमित मंडल के साथ साथ आलोक राज उर्फ दिलखुश और अजीत कुमार उर्फ आमक को गिरफ्तार किया है। 7 अगस्त को रौनक केडिया (22) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि घटना से 20 दिन पहले हत्या की साजिश रची गई थी। इसके लिए दो लाख में शूटर हायर किया गया था। शनिवार को SSP आनंद कुमार ने बताया कि 8 लाख के विवाद में रौनक केडिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जमीन की डील को लेकर अमित ने बलराम केडिया को 8 लाख रुपए दिया था, जिसे वह वापस मांग रहा था। लेकिन, बलराम पैसा लौटाने में आनाकानी कर रहा था। इस मामले में सिटी एसपी के नेतृत्व में एक SIT का गठन किया गया। SSP ने बताया कि 50 से अधिक CCTV फुटेज को खंगाला गया। 500 घंटे से अधिक के फुटेज की जांच की गई। 400 से ज्यादा मोबाइल नंबर का डिटेल निकाला गया। तीन राज्यों में 23 जगह पर छापेमारी की गई। 25 से ज्यादा संदिग्ध को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई। इसके बाद अपराधियों की पहचान हुई। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस मामले में मास्टरमाइंड समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

शूटर और मास्टरमाइंड के बीच हुई थी डीलः SSP आनंद कुमार ने बताया कि घटना के बीस दिन पहले अमित मंडल ने दो लाख में शूटर हायर किया था। घटना को अंजाम देने वालों में से एक बदमाश की बहन की शादी थी, जिसमें अमित मंडल ने मदद करने की बात कही थी। अमित मंडल से मृतक रौनक के पिता बलराम केडिया से 8 लाख रुपए की लेनदेन को लेकर विवाद था। बलराम केडिया से अमित मंडल अपने 8 लाख रुपए मांगता था, जिसको लेकर कई बार दोनों के बीच हॉट टॉक हुई थी। अमित मंडल और बलराम केडिया के बीच हुए गाली गलौज का ऑडियो भी पुलिस के पास मौजूद है। इसी विवाद में अमित मंडल ने शूटर को हायर किया। अमित मंडल ने ही बदमाशों को हथियार भी उपलब्ध करवाया। शूटर और मास्टरमाइंड के बीच डील हुई थी कि बलराम केडिया के परिवार में किसी एक सदस्य की गोली मारकर हत्या करनी है। इसकी जिम्मेदारी दोनों शूटरों आलोक राज उर्फ दिलखुश और अजीत कुमार उर्फ आमक ने लिया था। 7 अगस्त की देर रात बाइक पर सवार होकर दोनों शूटर दुकान तक पहुंचे। इसके बाद दुकान बंद कर घर जा रहे शनिदेव मंदिर के गली में बदमाशों ने बलराम केडिया के बेटे रौनक केडिया पर 6 गोलियां दागी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एसएसपी के अनुसार बदमाश वारदात को अंजाम देकर सुल्तानगंज चले गए थे। वहां से फिर सभी झारखंड गए। झारखंड में ही वह छुपकर रह रहे थे। पुलिस ने इस मामले में तीन अलग-अलग राज्यों में करीब 23 जगहों पर छापेमारी की थी।

हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और बुलेट बरामदः गिरफ्तार शूटरों की पहचान जोकसर थाना क्षेत्र के ग्वालटोली के रहने वाले रघुनंदन यादव के बेटे आलोक राज उर्फ दिलखुश, हरिहरपुर निवासी वकील प्रसाद सिंह के बेटे अजीत कुमार उर्फ आमक और मास्टरमाइंड लालकोठी मंडल टोला लॉज निवासी मोतीलाल मंडल के बेटे अमित कुमार सिंह उर्फ अमित मंडल के रूप में की गई है। पुलिस ने बदमाशों के पास से घटना में हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और बुलेट को भी जब्त किया है। एसएसपी ने आगे बताया कि आलोक का आपराधिक इतिहास रहा है। जिले के आधा दर्जन थानों में मद्य निषेध और मारपीट के मामले दर्ज हैं। वहीं, इस कांड के सफल उद्वेदन में शामिल पुलिस अधिकारियों को पूर्वी प्रक्षेत्र डीआईजी विवेकानंद 50 हजार रुपए देकर सम्मानित करेंगे।

शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ सिपाही भर्ती परीक्षा का तीसरा चरण

निज संवाददाता | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी नवादा एवं अम्बरीष राहुल, पुलिस अधीक्षक, नवादा ने आज केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा अन्तर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल नवादा, दीक्षा हाई स्कूल नवादा, जीवनदीप पब्लिक स्कूल नवादा, इराकी स्कूल नवादा, आदि केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि जीवन दीप पब्लिक स्कूल, नवादा के एक कमरे में लाइट का कमी था जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षक को तुरंत लाइट का व्यवस्था करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी केन्द्राधीक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारीयों को स्वच्छ और पारदर्शिता के साथ सिपाही भर्ती परीक्षा को सफल तरीके से संपन्न करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के मोबाईल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामग्री एवं अन्य गैजेट्स का दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी प्रकार के एहतियात बरती गई है। जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्ष में सीटिंग प्लान, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी तथा बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा। सभी परीक्षार्थियों के लिए बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने गर्मी को देखते हुए सभी केंद्राधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पंखा की व्यवस्था दुरुस्त रखें। जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10092 थी। आज केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा के तीसरे चरण में कुल 10092 परीक्षार्थियों में से 6939 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, अनुपस्थित छात्रों की संख्या 3153 रही। सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में एक भी परीक्षार्थी नहीं निष्कासित किए गए। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्तीदल-सह-जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल के द्वारा लगातार अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण और निरीक्षण करते हुए परीक्षा का स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराया गया।

वार्षिक खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर डीएम ने किया बैठक

निज संवाददाता | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी, नवादा एवं अम्बरीष राहुल, पुलिस अधीक्षक, नवादा की अध्यक्षता में वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 के आयोजन से संबंधित बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन 27, 30 एवं 31 अगस्त 2024 को हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में कराने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। नामांकण दिनांक 25 और 26 अगस्त 2024 को हरिश्चन्द्र स्टेडियम में निर्धारित किया गया है। इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारीयों को निर्देश दिया कि नामांकण के लिए सभी स्कूलों के खिलाड़ियों को सूचित करें ताकि ससमय खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए नामांकन कर सकें। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित प्रखंडों के विद्यालयों के खिलाड़ियों का सूची तैयार कर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला खेल पदाधिकारी को ससमय देना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय खेल की सभी विधाएं विभिन्न स्थल पर एक साथ आयोजित की जायेगी। खेल प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगिता स्थल पर शुद्ध पेयजल, अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं सहित फस्ट ऐड की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा की जायेगी। पंजीकरण के वक्त खिलाड़ी का आधार संख्या/कार्ड अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा अन्यथा प्रतिभागिता संभव नहीं होगी। पंजीकरण व्यक्तिगत अर्थात खिलाड़ीवार होगा। बिना उपयुक्त पंजीकरण के किसी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रतियोगिता अवधि के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजनार्थ प्रत्येक दिन आवश्यकतानुसार तकनीकी पदाधिकारी/खेल विशेषज्ञ/शारीरिक शिक्षा शिक्षक/संबंधित खेल संघ के पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। जिला खेल पदाधिकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराये गये वेबसाईट लिंक के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु भाग लेने वाले अपने जिले के खिलाडियों का निबंधन अनिवार्य रूप से करायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी विद्यालयों को इस संबंध में सूचित करेंगे ताकि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों की अनिवार्य प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके। विद्यालय प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय संगठन के छात्र-छात्रा भाग नहीं ले सकेंगे।

मेरे बहना ये राखी का लाज तेरा भईया निभायेगा

निज संवाददाता | (रोहतास) सासाराम

इसे समझो ना रेशम का डोर भइया, मेरे राखी का मतलब है प्यार भइया जैसे चंदा और किरण का जैसे बद्री और पवन का ये राखी बंधन है ऐसा मेरे बहना ये राखी का लाज तेरा भईया निभायेगा, तुझे दिल से कभी न भुलायेगा, यह विभिन्न हिंदी फिल्मों के गीत शहर से लेकर गांव गलियों में गुजंती है तब हर भाई की आंखों में आंसू छलक आता है और खुशियों से झूम उठता है।यह प्रत्येक वर्ष सावन पूर्णिमा के दिन रक्षा बंधन का त्यौहार आता है। इस साल भी भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व सावन के आखिरी सोमवारी 19 अगस्त को है। वैसे तो रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्यार और समर्पण का प्रतीक है। हर साल श्रावण माह की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। भाइयों के कलाई पर बहनों द्वारा बांधे जाने वाले रक्षासूत्र को लेकर जिले के प्रमुख बाजारो में राखी मिठाई की दुकानें सजधज कर तैयार है जहां खरीददारों की भीड देखी जा रही है। यही हालात जिले के बिक्रमगंज के बाजारो में भी सजे राखी की दुकानों पर बहनों ने राखी की खरीददारी की।रक्षाबंधन पर बहन अपने भाई की लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य के लिए उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है तथा यह कामना करती हैं कि उसके भाई के जीवन में कभी कोई कष्ट न हो, वह उन्नति करें और उसका जीवन सुखमय हो. वहीं भाई भी इस रक्षा सूत्र को बंधवाकर गौरवांवित अनुभव करते हैं और जीवन भर अपनी बहन की रक्षा करने की कसम खाते है। वैसे राखी बांधने की परंपरा केवल बहन ही भाई को नही राखी बांधती है बल्कि अन्य लोगो के अलावा मंदिरों में भी बहने रक्षा सूत्र बढ़ती है। फिलहाल रक्षा बंधन का त्योहार में अब कुछ ही समय शेष रह गया है। जिसे शुभमुहूर्त में राखी बांधने को ले बहनों में तेजी से बेकरारी व खुशी का माहौल चर्मोत्कर्ष पर बढ़ता जा रहा है। खासकर युवती व नन्हे मुन्हे बच्चे उत्साह से लबरेज होते जा रहे है।एक से बढ़कर एक रंग बिरंगे राखियों से बाजार भी सजधज कर तैयार दिखने लगा है जहां खरीददारों की भीड़ उमड़ते नजर आ रही है।

छेड़-छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

नवादा (नि.सं.)। नबालिग लड़की से छेड़-छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई। पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मनीष द्विवेदी ने शनिवार को यह सजा सुनाया। कादिरगंज थाना क्षेत्र के देवनपुरा गांव निवासी सचिन कुमार को यह सजा सुनाया गया है। मामला पोक्सो वाद संख्या-63/21 से जुड़ा है। जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक भोला पासवान ने बताया कि 23 अक्टूबर 2021 की सुबह एक नबालिग लड़की कोंचिग से गांव लौट रही थी, तभी आरोपित युवक ने उस लड़की को जबरन खेत में ले जाकर छेड़-छाड़ किया। गवाहों द्वारा अदालत में दिये बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने सचिन कुमार को पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

धार्मिक व एतिहासिक काल से जुड़ा है भाई बहन का त्योहार रक्षाबंधन, भाई की कलाई पर आज सजेगा रक्षासूत्र

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

सोमवार को भाई-बहन का पवित्र त्यौहार है। इस मौके पर बहने अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधेगी। जिसको लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र में उत्साह चर्मोत्कर्ष पर पहुच गया है। राखी पर आधारित मधुर गीत का स्वर चहुओर गूँजमान होने लगा है। भाई बहन का अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन की त्योहार पर नजर डाले तो इसका इतिहास 485 वर्ष पुरानी है। मार्च 1535 में चित्तौड़ राज की हिंदू रानी कर्णावती ने भाई बनाकर हुमायूं को राखी भेज कर अपने राज व प्रजा की सुरक्षा के लिए गुहार लगाई थी। यह घटना मार्च 1535 की है जब बहादुर शाह ने चित्तौड़ पर हमला किया था। रानी कर्णावती की राखी मिलते ही हूमायू चित्तौड़ की रानी कर्णावती को बहन मानते हुए, रक्षा करने के लिए विशाल सेना लेकर निकल पड़ा। लेकिन दूरी ज्यादा होने के चलते हुमायूं को चित्तौड़ पहुंचने में कुछ समय लगा, इसी बीच 8 मार्च को रानी कर्णावती ने अपने को गिरे देख अपनी सहेलियों के साथ रंगीन में प्रवेश कर जान दे दी। चित्तौड़ पहुंच कर हुमायूं ने बहादुर शाह को पराजित करते हुए, रानी कर्णावती के पुत्र विक्रमजीत सिंह को चित्तौड़ का राज सौंप दिया था। तभी से यह भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है। जिसकी तैयारी बहनों ने पूरी कर ली है। इस पर्व को मनाने के पीछे कई कहानियां हैं। यदि इसकी शुरुआत के बारे में देखें तो यह भाई-बहन का त्योहार नहीं बल्कि विजय प्राप्ति के लिए किया गया रक्षा बंधन है। भविष्य पुराण के अनुसार जो कथा मिलती है वह इस प्रकार है। बहुत समय पहले की बात है कि देवताओं और असुरों में युद्ध छिड़ा हुआ था लगातार 12 साल तक युद्ध चलता रहा और अंततः असुरों ने देवताओं पर विजय प्राप्त कर देवराज इंद्र के सिंहासन सहित तीनों लोकों को जीत लिया। इसके बाद इंद्र देवताओं के गुरु ग्रह बृहस्पति के पास गये और सलाह मांगी। बृहस्पति ने इन्हें मंत्रोच्चारण के साथ रक्षा विधान करने को कहा। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन गुरू बृहस्पति ने रक्षा विधान संस्कार आरंभ किया। इस रक्षा विधान के दौरान मंत्रोच्चारण से रक्षा पोटली को मजबूत किया गया। पूजा के बाद इस पोटली को देवराज इंद्र की पत्नी शचि जिन्हें इंद्राणी भी कहा जाता है। उसने इस रक्षा पोटली के देवराज इंद्र के दाहिने हाथ पर बांधा। इसकी ताकत से ही देवराज इंद्र असुरों को हराने और अपना खोया राज्य वापस पाने में कामयाब हुए। वर्तमान में यह त्यौहार बहन-भाई के प्यार का पर्याय बन चुका है। कहा जा सकता है कि यह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और गहरा करने वाला महान पर्व है। एक ओर जहां भाई-बहन के प्रति अपने दायित्व को निभाने का वचन बहन को देता है, तो दूसरी ओर बहन भी भाई की लंबी उम्र के लिये उपवास रखती है। इस दिन भाई की कलाई पर जो राखी बहन बांधती है वह सिर्फ रेशम की डोर या धागा मात्र नहीं होती बल्कि वह बहन-भाई के अटूट और पवित्र प्रेम का बंधन और रक्षा पोटली जैसी शक्ति भी उस साधारण से नजर आने वाले धागे में निहित होती है।

उद्योगपति निशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित कुशवाहा चिंतन शिविर में राजनैतिक भागीदारी पर जोर

निज संवाददाता | पटना

पटना। पटना महानगर स्थित मौर्य होटल के सभागार में कुशवाहा समाज का राजनीतिक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से विभिन्न राजनैतिक दलों एवं संगठनों के कुशवाहा समाज के हजारों प्रतिनिधि शामिल हुए। चिंतन बैठक की शुरुआत महापुरुष गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, जगदेव प्रसाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद रेणु कुशवाहा और संचालन ई शिव शंकर कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति सह समाजसेवी श्री निशिकांत सिन्हा ने कहा कि बिहार में कुशवाहा समाज की आबादी यादव के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन राजनीति, शैक्षणिक एवं औद्योगिक भागीदारी निचले स्तर है। हमारी कोशिश है कि बिहार के कुशवाहा समाज का सर्वांगीण विकास हो।उन्होंने कहा क्री किसी भी समाज का विकास बिना शिक्षा के सम्भव नहीं हैं लेकिन सामाजिक और राजनैतिक भागीदारी के बिना सम्पूर्ण विकास सम्भव नहीं हैं। पुरे देश में कुशवाहों क्री आबादी होने के बाबजूद केंद्र में एक भी मंत्री नहीं हैं जो राजनैतिक नाकामी का दर्शाता है। हमलोग एक जुट होकर बिहार ही नहीं देश में कुशवाहा समाज को आबादी के अनुसार राजनीतिक हिस्सेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा क्री हमारे समाज के लोग राजनीतिक, मीडिया, जुडिशरी, उद्योग जगत,शिक्षण संस्थान, सरकारी सेवा, ब्यूरोक्रेट्स, टेक्नोक्रेट्स में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें ! इसके लिए मैं पिछले 5 वर्षो से नवादा में अभियान शुरू किया था अब यह अभियान पूरे बिहार में चलेगा ! कार्यक्रम मे उपस्थित जन समूह के उत्साह को तारीफ करते हुए कहा कि आने वाला समय हमारा है !आपके सहयोग से सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, गौतम बुद्ध, महात्मा फुले, शहीद जगदेव प्रसाद के सपनों को साकार करेंगे। आगमी विधानसभा, पंचायत निकाय, नगर निकाय, लोकसभा में आबादी के अनुसार हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए हम सब लोग गोलबंद होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अवधेश कुशवाहा ने कहा कि यह अभियान गांव तक चलेगा और टीम के साथ में पूरे बिहार में भ्रमण करेंगे !वही अपने अध्यक्षीय भाषण मे पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा ने कहा कि बिहार में राजनीतिक शून्यता है इसको भरने के लिए निशिकांत कुशवाहा जी आगे आए हैं हम लोग तन, मन धन से मदद करेंगे और बिहार का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम को जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक राजेश कुशवाहा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विजय कुमार सिंह, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा के नागमणि कुशवाहा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय कुशवाहा, पूर्व IRS बैजनाथ मेहता, राकेश सिंह कुशवाहा, मनोज मेहता, अधिवक्ता गुंजन कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, दामोदर प्रसाद, बैजू कुशवाहा, मनोरंजन कुशवाहा सहित सैकड़ो लोगों ने संबोधित किया।

सर्पदंश से रसोईकर्मी की हुई मौत पर डीएम ने व्यक्त किया गहरा शो

सासाराम (रोहतास) (नि.सं1)। रामेश्वरगंज स्थित अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय में शनिवार को सर्पदंश से रसोईकर्मी संगीता देवी की हुई मृत्यु पर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने मृतक के आश्रित को तत्काल चार लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन द्वारा उक्त घटना के कुछ घंटों के भीतर ही मृतक के पति राजू सिंह को आपदा प्रबंधन के प्रावधान के तहत चार लाख का चेक प्रदान किया गया है।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मृतक के आश्रितों को सहायता राशि के अतिरिक्त और भी जो लाभ दिए जा सकते हैं, उन्हें तत्काल प्रदान किए जाएं।

समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा सभी पंचायतों में शीघ्र पूर्ण करे योजनाएं

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता मे पंचायती राज विभाग तथा डीआरडीए के कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय तकनीकी पदाधिकारी, लेखा सहायक एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें लगातार यह शिकायतें मिल रही थीं कि पंचायत में कार्य की गुणवत्ता न केवल खराब है बल्कि वहां पर सरकार की योजनाएं भी ठीक से संचालित नहीं की जा रही हैं। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा तकनीकी सहायक को क्रमशः तीन दिन, चार दिन एवं पांच दिन पंचायत में भ्रमण कर सभी योजनाओं की वस्तुस्थिति जांचने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की सभी योजनाओं को पंचायत में जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना को सितंबर 2024 तक सभी पंचायतों में पूर्ण करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ, बीपीआरओ को तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जिन लाभुकों को राशि प्रदान की जा चुकी है और अगर उन्होंने अपना आवास का निर्माण नहीं किया है तो वैसे लाभुकों की सूची तैयार कर उन पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा स्वच्छता समन्वयक को सम्मिलित रूप से एक टीम गठित कर पंचायतों और वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने दलित-महादलित टोलों की गलियों व नालियों तथा सड़क की वस्तुस्थिति का आकलन कर उसे दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस काम को प्राथमिकता में रखते हुए गली-नाली का प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार किया जाए और इसी माह से कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। साथ ही उन्होंने दो माह के अंदर सभी जगहों पर सोलर लाइट पूर्ण रूप से लगाने का निर्देश दिया।

महिला से फोन कर अश्लील बातें करने पर रेलवे स्टेशन मैनेजर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर ए में एक महिला को कथित रेलवे स्टेशन मैनेजर द्वारा महिला के मोबाइल पर कॉल करके बीते तीन दिनों से अश्लील बातें कर परेशान किया जा रहा था। घटना को लेकर महिला ने उक्त मोबाइल नम्बर के बारे में परिजनों से भी शिकायत की।पीड़ित महिला ने बताई कि अश्लील बातें करने वाले युवक की पहचान दुलरपुरा गांव निवासी स्व रघु महतो के पुत्र सत्येंद्र यादव के रूप में हुई है, जो खुद को रेलवे स्टेशन मैनेजर बताता है। पीड़ित महिला द्वारा अश्लील बातें करने का विरोध भी किया गया और उसके मोबाइल नम्बर को ब्लैकलिस्ट भी किया गया। तब युवक ने दूसरे नम्बर से महिला के मोबाइल नम्बर पर कॉल करके पैसों का लालच भी दिया गया। मामला बढ़ने पर महिला ने थाने को लिखित आवेदन देकर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ीत महिला द्वारा बताया गया कि एक युवक द्वारा फोन करके अश्लील बातें किया जाता है और पैसों का लालच भी दिया जाता है। साथ ही युवक के कहे बातों को नहीं मानने पर जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। पीड़ित महिला द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है, आवेदन के आलोक में नामजद अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

सावन के अंतिम दिन महादेव खोह में सैलानियों की उमड़ी भीड़

नौहट्टा/रोहतास (नि.सं1)। सावन माह के अंतिम दिन कैमूर पहाड़ी के गोद में स्थित महादेव खोह में रविवार को सैलानियों के भारी भीड़ देखने को मिली। बताया गया कि सावन महीना अंतिम होने और सावन पूर्णिमा मेला के वजह से भिड़ में बढ़ोतरी देखी गई। वही महादेव खोह जलप्रपात में लोगों ने खूब आनद भी उठाया। और महादेव की पूजन दर्शन किया। कुछ सालों से सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ने से भीड़ बड़ी है नौहट्टा थाना के सहयोग से असमाजिक तत्वों पर नकेल कसते हुए सुरक्षा व्यस्था कायम रहती है।

सहरसा मे आयोजित राजयस्तरीय महिला कबड्डी का चयन प्रतियोगिता संपन्न

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

स्थानीय फज़लगंज स्थित न्यू स्टेडियम मे बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान मे सहरसा जिला कबड्डी संघ के द्वारा आगामी 21 से 23 अगस्त तक सहरसा में 50वीं गोल्डेन जुबली बिहार स्टेट महिला कबड्डी प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली जिले की महिला खिलाडियों का ट्रायल आयोजन किया गया।यह जानकारी देते हुए रोहतास जिला कबड्डी संघ के सचिव दिव्या कुमारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संघ से पंजीकृत सभी प्रखंड व अनुमंडल इकाई की 9 प्रखंड की महिला खिलाडियों 18 अगस्त को आयोजित ट्रायल मे भाग लिया। ट्रायल प्रतियोगिता का उद्घाटन संघ के संरक्षक रवि भूषण पाण्डेय ने किया तथा महिला खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल कूद वो खिलाडियों का सर्वागीण विकास होता है, हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपनी प्रतिभा का परचम बिहार मे लहराइयेगा।चयनित खिलाडियों कि सूची इस प्रकार है।निशा कुमारी 'कप्तान', सुरभि कुमारी एवं संजना कुमारी (तिलौथू प्रखंड) रिया कुमारी (सासाराम), रोशनी कुमारी निशा कुमारी सुषमा कुमारी अंशु कुमारी (दावत प्रखंड), रिंकी कुमारी सोनम कुमारी(साँझौली प्रखंड), ज्योति कुमारी रागिनी कुमारी बदल कुमारी (बिक्रमगंज प्रखंड), ममता कुमारी दीपाली कुमारी तारा कुमारी शालू कुमारी, खिलाड़ियों ने भाग ली एवं चयन समिति व ऑफिशियल में मनोज कुमार शारीरिक शिक्षा शिक्षक, पवन कुमार, वंदना कुमारी, प्रेम प्रकाश शिक्षा शिक्षक एवं संतोष कुमार थे।

सुभाषचंद्र बोस के पुण्यतिथि पर तैलीय चित्र पर छात्रावास के छात्राओं ने किया पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत अंतर्गत चिरैला गांव स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास मध्य विद्यालय चिरैला में उनकी पुण्यतिथि पर तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शिक्षकों ने छात्राओं को बताया कि असाधारण क्रांतिवीर 'नेताजी' के नाम से लोकप्रिय सुभाषचंद्र बोस की कथित पुण्यतिथि 18 अगस्त को मनाई जाती है। नेताजी ने स्वतंत्रता आन्दोलन को देश से बहार की सीमाओं से बहार ले गए।उनका 'जय हिन्दी', 'दिल्ली चलो', ' तुम मुझे खून दो- मैं तुम्हें आजादी दूंगा ' का जादुई और प्रेरणादायी नारा आज तक हमारे कानों में गुजकर हृदय में देशप्रेम की लहरे पैदा करता है। नेताजी, श्रीमद्भगवद्गीता' के गहराई से प्रेरित रहे थे इसी कारण स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। इन महान स्वतंत्रता सेनानि की कुर्बानि को याद करते हुए वर्तमान भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्यों के पिछड़ा वंचित क्षेत्र में नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास खोला गया है। इस छात्रावास में अभिवंचित वर्ग के छात्र एवम घुमंतू, भीख मांगने वाले, कूड़ा बीनने वाले ,बेसहारा व अनाथ बच्चों को रखा जाता है। इन बच्चों को शिक्षा के साथ मार्शल आर्ट, संगीत, खेलकूद की गतिविधियां भी कराई जाती है। बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म, बिस्तर, फर्नीचर, खेल एवं शिक्षण सामग्री आदि दी जाती है। इस छात्रावास का संचालन प्रधानाध्यापक सोमनाथ के देखरेख में संचालन की जा रही है। वहीं ओम प्रकाश आर्य वार्डन, रात्रि प्रहरी रविंद्र कुमार, शिक्षक राजीव कुमार और अमृत रंजन आज नेताजी को याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

लोजपा रा की बैठक में बूथ कमेटी व बीएलए बनाने पर जोर

दावथ (रोहतास) (नि.सं.)। लोजपा रा के प्रखंड इकाई की बैठक रविवार को प्रखंड के सेमरी सेमरी गांव में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या पासवान व संचालन राजेन्द्र पासवान ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे। के प्रदेश सचिव जगनारायण साह ने प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में बूथ कमेटी एवं बीएलए बनाने की बात कही तथा पंचायत अध्यक्ष को बुथ कमिटी के आवश्यक निर्देश दिया गया कि 1 सप्ताह के अंदर बुथ कमिटी तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा कर दें ताकि पार्टी की मजबूती को बल मिले। मौके पर दिनारा विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र पासवान, सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने भाग लिया।

बापू इंटर विद्यालय में मनाई गई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखंड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट परिसर में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास के प्रांगण में रविवार को आजाद हिद फौज के संस्थापक व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी व नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चंद्र बोस जी की 79वीं पुण्यतिथि मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार की अध्यक्षता में लोगों ने उनकी तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश को आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके द्वारा गठित आजाद हिद फौज से अंग्रेज शासक घबरा गए थे और अंततः आजादी मिली। उनका दिया गया नारा 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी युवाओं में जोश भरता है। मौके पर वार्डन रतन कुमार, रामबालक पंडित, महेश कुमारआदि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

ट्रेन के शौचालय में गिरकर महिला यात्री की मौत

जमशेदपुर, एजेंसी। हावड़ा पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस के स्लीपर कोच की शौचालय में गिरकर रत्ना 85 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बताया जाता है की ट्रेन ड्यूटी रेल कर्मचारियों ने टाटानगर स्टेशन पर महिला के अचेत होने की सूचना दी थी। लेकिन डॉक्टर की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इससे रेल पुलिस ने महिला के शव को ट्रेन से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा और थाना में अस्वाभाविक मौत का केस दर्ज किया है।

बीटीपीएस प्रबंधन से वार्ता के बाद आंदोलन रूका

बोकारो, एजेंसी। रोजगार की मांग को लेकर विस्थापित एवं स्थानीय बेरोजगारों ने शुक्रवार को डीवीसी के एश पौंड स्थित वाटर रिकवरी पम्प हाउस प्लांट के मुख्य द्वार में ताला लगा दिया। जिससे ऐश पौंड से बोकारो थर्मल प्लांट जाने वाली रिकवरी पानी की बंद हो गई। तब बीटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, उप महाप्रबंधक बीजी होलकर व सिविल अभियंता मनीष चौधरी सहित बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह पहुंचे। वार्ता में प्लांट के अन्दर सभी ठीका कार्यों में स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही गई। तब आंदोलन समाप्त कर लिया गया।

जलमीनार निर्माण में मुखिया ने पाई अनियमितता

बोकारो, एजेंसी। जरीडीह बाजार में पेयजल स्वच्छता विभाग से बन रहे जलमीनार में ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरतने की बात कही जा रही है। जरीडीह पूर्वी मुखिया कंचन देवी कार्यस्थल पर पहुंच जलमीनार के कार्यों में बरती जा अनियमितता को देख भड़क उठी। वहीं मौजूद अन्य भी ठेकेदार और स्वच्छता विभाग के खिलाफ जमकर हो हल्ला करने लगे। मुखिया ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि जलमीनार ढलाई कार्य में जो बालू का इस्तेमाल हो रहा है वह बिना चाले सीमेंट में मिलाया जा रहा है जिसमें पत्थर और कोयले के टुकड़े पाये गये हैं। ग्रामीणों को भी बन रहे जलमीनर के कार्यों पर नजर बनाने को कहा।

बाजार से खरीदारी कर लौट रही महिला से चेन की छिनतई

रांची, एजेंसी। थाना क्षेत्र स्थित हर्षित अस्पताल के पास बाइक सवार दो उचक्के एक महिला की चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ललित ग्राम निवासी तारामणि देवी काठीटांड़ चौक से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। घटना शनिवार की रात पौने आठ बजे की है। चेन छीनने के बाद महिला ने चोर-चोर की आवाज लगाई, परंतु जब तक लोग जुटते बाइक सवार उचक्के काठीटांड़ की ओर भाग निकले। पीड़िता के अनुसार चेन की कीमत लगभग 70 हजार रुपये है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रातू थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रातू पुलिस उचक्कों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी और चौक-चौराहों पर तैनात होकर जांच कर रही है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले भी इससे थोड़ी दूर पर एक महिला से साधु के वेश में दो ठग चेन और अंगूठी छीनकर फरार हो गए थे।

ससुराल में फंदे से लटकता मिला कॉलेज छात्रा का शव

जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा की उसके ससुराल में फंदे से लटकती लाश मिली। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या के बाद फंदे से लटका दिया गया। उसके हाथ और पैर बंधे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका राखी गोराई (19) के भाई आकाश गोराई ने बहन की हत्या कर शव को लटकाने का मामला थाने में दर्ज कराया है। भाई ने बताया कि उसकी बहन का जन्मदिन 19 अगस्त को था, जिसके लिए वह अपनी मां के साथ शुक्रवार को बाजार गया था। बाजार से लौटकर वह घर आ चुका था। वहीं, मां बाजार से घर नहीं लौटी थी। वह बहन के लिए मोबाइल खरीदने बाजार में रुक गई थी। इस दौरान उसकी मां बहन को फोन कर रही थी, फोन नहीं उठाने पर युवती की मां ने पड़ोस में फोन कर उसे देखने की बात कही। तभी पड़ोस में रह रहे परिवार ने बताया कि घर का मुख्य दरवाजा खुला है और राखी फंदे से लटकी हुई है। उसके दोनों हाथ और पैर रस्सी से बंधे हैं। इसकी सूचना पड़ोसियों ने उसकी मां को दी। तभी अन्य परिवार के सदस्य घर लौटे तो देखा कि उनकी बेटी फंदे से लटकी है। आनन-फानन में परिजनों ने युवती को फंदे से उतारकर टीएमएच पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और कमरे का मुआयना कर प्रदर्शों को जब्त किया।

चंपई सोरेन के बीजेपी में जाने से जेएमएम को कितना होगा नुकसान 14 सीटों पर दबदबा, अटकलों पर अब भाजपा नेताओं का आया जवाब

चंपई की ईचागढ़ में जबरदस्त पकड़ है। यहां तक कि आदित्यपुर, जो भाजपा का गढ़ माना जाता है, वहां भी चंपई हमेशा जीत दर्ज करते रहे हैं

रांची, एजेंसी। झामुमो नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर अब पार्टी की भी प्रतिक्रिया आने लगी है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा है कि चंपई सोरेन को जिस तरह से झामुमो ने मुख्यमंत्री पद से हटाया था, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि उनके भाजपा में शामिल होने के सवाल पर दीपक प्रकाश ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है। ऐसा कोई भी मामला केंद्रीय नेतृत्व तय करता है।

वहीं, असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि झामुमो के पांच साल के कार्यकाल में सबसे अच्छा काम चंपई सोरेन के छह महीने के मुख्यमंत्री काल में ही हुआ।

इसके अलावा, भाजपा में चंपई सोरेन के शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई भी उनके संपर्क में नहीं है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन वरिष्ठ नेता हैं। उनके बारे में कोई भी अगंभीर बात नहीं होनी चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर से ही राज्य में सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। इस खबर ने झामुमो खेमे में हड़कंप मचा दी है, वहीं इंडी गठबंधन की भी चिंताएं बढ़ गई हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि चंपाई के आने से भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाने में मदद मिलेगी, लेकिन पार्टी के अंदर खेमेबाजी भी तेज होगी।

चंपई का जमशेदपुर समेत कोल्हान क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। खासकर पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा, ईचागढ़, सरायकेला-खरसावां व प. सिंहभूम जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत जनाधार है।

2019 के लोकसभा चुनाव में चंपई ने जमशेदपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था। आदिवासी बहुल इन क्षेत्रों में संथाल और भूमिज समुदाय ने झामुमो को जमकर समर्थन दिया था। कोल्हान के विधानसभा चुनाव में जीत का अंतर 10 से 20 हजार तक ही होता है।

पोटका, घाटशिला, बहरागोड़ा और ईचागढ़ जैसी सीटों पर तो विधानसभा चुनावों में दस से तीस हजार तक के अंतर से जीत हासिल होती रही है। ऐसे में चंपाई के भाजपा में शामिल होने से सरायकेला की तीन, पश्चिमी सिंहभूम की पांच और पूर्वी सिंहभूम की छह कुल 14 विधानसभा सीटों के समीकरण बदल सकते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि चंपई की ईचागढ़ में जबरदस्त पकड़ है। यहां तक कि आदित्यपुर, जो भाजपा का गढ़ माना जाता है, वहां भी चंपई हमेशा जीत दर्ज करते रहे हैं। ऐसे में चंपई के आने से कोल्हान में झामुमो को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

फिलहाल कोल्हान में 11 विधायक झामुमो के हैं, जबकि कांग्रेस से मंत्री बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा के सरयू राय विधायक हैं। चंपाई की आदिवासी समुदाय, युवा मतदाताओं पर अच्छी पकड़ मानी जाती है।

इसका सीधा फायदा भाजपा को मिल सकता है। इस अटकल का असर ये भी देखने को मिल रहा है कि बहरागोड़ा के झामुमो विधायक समीर महंती को खुलकर यह स्पष्टीकरण देना पड़ा है कि वह दल नहीं बदल रहे हैं।हालांकि, चंपई के भाजपा में जाने से पार्टी के लिए यह सब कुछ इतना आसान भी नहीं होगा।

पूर्वी सिंहभूम में पहले से ही भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। ऐसे में चंपई का आना पार्टी के अंदर एक नया समीकरण खड़ा करेगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार कई नेता चंपाई के आने से अपनी जगह को लेकर चिंतित हैं।

कुल मिलाकर चंपाई का भाजपा में जाना राज्य की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर ला सकता है। हालांकि, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि चंपाई आखिर क्या फैसला लेते हैं।

विक्ट्री कोलियरी की 10 हजार आबादी को 11 दिनों से नहीं मिल रहा पानी

रांची/ भगतडीह, एजेंसी। विक्ट्री कॉलोनी में बस्ताकोला पोखरिया से शनिवार को भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। इस पोखरिया के पास शुक्रवार को जलापूर्ति शुरू कराने गए कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व मारपीट की गई थी। इसके बाद डर-सहमे कर्मी जलापूर्ति शुरू करने के लिए वहां नहीं गए। इधर, विक्ट्री कोलियरी की 10 हजार आबादी वाले क्षेत्र में 11 दिनों से जलापूर्ति नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। वहीं प्रबंधन विक्ट्री कॉलोनी में जलापूर्ति शुरू करने को लेकर एक पंप लाया है।

जिसे विक्ट्री खदान के अंदर जोड़ने के लिए उतारा गया है। बस्ताकोला कोलियरी पीओ अजय कुमार का कहना है कि सोमवार तक पंप लगाकर विक्ट्री में जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की मामले में प्रबंधन ने झरिया थाना में शिकायत नहीं की है। सनद हो कि विक्ट्री कोलियरी का पंप जलने के कारण विक्ट्री कॉलोनी में जलापूर्ति ठप है। इस कॉलोनी में जलापूर्ति करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए बस्ताकोला पोखरिया से कनेक्शन कर जलापूर्ति करने का प्रयास किया गया, लेकिन बस्ताकोला के लोगों ने इसका विरोध कर दिया।

छह माह से फटा पाइप, सड़क परपानी बहकर हो रहा बर्बाद, आक्रोश

बलियापुर 7 बलियापुर-झरिया रोड स्थित विधायक इंद्रजीत महतो के आवासीय कार्यालय के समीप पीएचडी विभाग का मेन पाइप फट गया है। पाइप फटने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। लेकिन पीएचडी विभाग का इस पर नजर नहीं है। जबकि पाइप पिछले छह माह पूर्व ही टूटा है। इसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ रहा है। सड़क पर पानी बहरने के बाद वहां आए दिन बाइक सवार व साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उक्त पाइप से ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत दामोदर नदी से बलियापुर बाजार होते हुए आमझर जलमीनार में पानी स्टॉक किया जाता है।

जलमीनार से ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति की जाती है। विभाग को शिकायत के बावजूद न तो पीएचडी विभाग द्वारा पाइप की मरम्मत की गई है और न ही पानी की बर्बादी की रोकथाम के लिए कोई पहल की गई है। ऐसे में विभागीय लापरवाही के कारण रघुनाथपुर, बंदरचुवां, तेतुलटांड़, कुलूडीह सहित आधा दर्जन गांवों में अब तक जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। इधर, लोकहित विकास संस्था के सचिव मुस्ताक आलम, गुड्डू खान, मो कलीम आदि ने पीएचईडी विभाग को शीघ्र पाइप की मरमत करने की मांग की है। इस संबंध में पीएचडी विभाग के जेई लखीराम मांझी ने कहा कि फटे पाइप की शीघ्र मरम्मत करा दी जाएगी। ताकि नियमित रूप से पानी मिल सके।

झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भाजपा में शामिल होंगे

रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा शुक्रवार को नहीं हुई, पर राजनीतिक खेल शुरू हो गया। पार्टियों की बाड़बंदी टूटने लगी। इसी कड़ी में झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम दो-तीन दिन के अंदर भाजपा में शामिल होंगे।

लोबिन ने शुक्रवार को खुद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उनकी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से बात हो चुकी है। सब कुछ साफ है। अब भाजपा में शामिल होना है। हालांकि भाजपा के किन नेताओं से बात हुई है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी इन बातों को गोपनीय ही रहने दें। समय आने पर सब कुछ सामने आ जाएगा। वैसे, अभी यह तय नहीं हुआ है कि वे दिल्ली में भाजपा की सदस्यता लेंगे या रांची में। लोबिन ने कहा कि वे शनिवार को रांची आएंगे। फिर झामुमो को अलविदा कह देंगे। उन्होंने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की भी इस विषय में भाजपा नेताओं से चर्चा हुई है। लोबिन हेंब्रम ने दावा किया कि वे भाजपा की टिकट पर बोरियो से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इस बीच चर्चा है कि लोबिन के भाजपा में शामिल होने के बाद और भी कई झामुमो नेता पाला बदल सकते हैं। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे के खेमे में बड़ी सेंधमारी की तैयारी में है।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पोटका विधायक संजीव सरदार और बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती के भी भाजपा में जाने की चर्चा दिनभर चलती रही। झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी दावा किया कि चंपाई सोरेन भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। उनकी बातचीत हो चुकी है। लेकिन सभी नेताओं ने इसे कोरा अफवाह बताते हुए इसका खंडन किया। चंपाई सोरेन शुक्रवार को सरायकेला में खरकई पाया लिफ्ट भूमिगत पाइप लाइन सिंचाई योजना का उद्घाटन कर रहे थे।

झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी, तो मंइयां योजना से भी अच्छी योजना लायेंगे : हिमंता विश्वा सरमा

रांची, एजेंसी। भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा ने कहा कि गठबंधन सरकार की अब कोई विश्वसनीयता नहीं बची है. भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है, तो बचाने की भी जिम्मेदारी भी हमारी है. भाजपा झारखंड को लूटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती. हिमंता विश्वा सरमा शुक्रवार को हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में भाजपा के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले भी राज्य में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है. भाजपा नेतृत्व की नयी सरकार मंईयां योजना से भी अच्छी योजना लाकर बहन-बेटियों की उन्नति सुनिश्चित करेगी.

हिमंता विश्वा सरमा ने मंडल अध्यक्षों में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा को जिताना है, झारखंड को बचाना है. लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने भाजपा को दिल से समर्थन दिया है. नौ लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत हुई, एक सीट पार्टी बहुत कम मार्जिन से हारी है. 53 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए आगे रहा है. उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति से इंडिया गठबंधन ने पांच सीटें जीती हैं. यह जनसमर्थन की जीत नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की जीत है. भाजपा जनता को तुष्टीकरण की राजनीति से मुक्ति दिलाने के लिए संकल्पित है.

हिमंता विश्वा सरमा कहा कि झारखंड आज निर्णायक मोड़ पर है. बदलते डेमोग्राफी से आनेवाले दिनों में राज्य तबाह हो जायेगा. सत्ता के लिए इंडिया गठबंधन ने घुसपैठियों के हाथों में सब कुछ सौंप दिया है. उन्होंने कहा कि पांच साल पहले से जनता को धोखा देकर सत्ता में आयी. हेमंत सरकार एक बार फिर से जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटी है. आनन-फानन में योजनाओं की घोषणा कर रही, लेकिन हेमंत सोरेन यह नहीं बता पा रहे कि उनकी सरकार पिछले पांच साल में कौन सी योजना धरातल पर उतरी. जनता को पता है कि हेमंत सरकार के खाने के दांत और दिखाने के अलग-अलग हैं.

मधु कोड़ा एवं गीता कोड़ा ने जगन्नाथपुर में विशाल रैली निकाल, अनुमंडल कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन

चाईबासा/गुवा , एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा के नेतृत्व में नौकरी दो या बेरोजगारी भत्ता दो को लेकर घंटा बजाओ सरकार जगाओं आंदोलन के तहत कार्यकर्ताओं ने जगन्नाथपुर में विशाल रैली निकाल अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद कोड़ा दम्पत्ति के नेतृत्व में भाजपाईयों ने एसडीएम मुकेश मछुआ को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि झारखण्ड व पश्चिम सिंहभूम में बेरोजगारी व पलायन चरम पर है। झामुमो ने बीते विधानसभा चुनाव में गांव गांव जाकर बेरोजगारों को रोजगार देने अन्यथा हर माह 5-7 हजार रूपये बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। लेकिन हेंमंत सोरेन सरकार ने बेरोजगारों को नौकरी अथवा भत्ता कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री रहते एक खदान को भी बंद रहने नहीं दिया, चाहे खदानों के पास पूरा कागजात रहता था या नहीं। हमारा उद्देश्य यह था कि खदान बंद होने से कोई बेरोजगार न हो। यह सरकार यहाँ की कुछ चल रही खदानों को भी बंद कर दिया। जबकि सारे बंद खदानों को खोल बेरोजगारों को रोजगार देने का काम करना चाहिए था। युवा नौकरी हेतु परीक्षा देते हैं लेकिन परीक्षा रद्द कर दिया जाता है। न्यायालय ने खदान खोलने का आदेश दिया है, फिर भी खदान यह सरकार नहीं खोल रही है। झामुमो अगर भूमि पुत्रों की पार्टी है तो यहाँ के भूमिपुत्रों को नौकरी क्यों नहीं देती। अबुआ आवास, मईयां सम्मान योजना आदि सभी गरीबों को छलने वाली है, क्योंकि आवेदन लेकर भी लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला। चुल्हा योजना के नाम पर दो हजार रूपये महिलाओं को देने की बात हुई थी लेकिन कुछ नहीं मिला। केन्द्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

हमें जन जन तक जाकर लोगों को केन्द्र सरकार की जनधन, आयुष्मान, जीवन बीमा, शौचालय, रसोई गैस, किसान सम्मान, हर घर नल आदि तमाम योजनाओं की जानकारी देना है। झामुमो सरकार सिर्फ योजनाओं की घोषणा कर वनाधिकार पट्टा आदि का आवेदन लेती है लेकिन लाभ कभी नहीं देती है। बेरोजगारों को रोजगार हेतु सरकार की खोखली घोषणा के खिलाफ घंटा बजाओ, सरकार जगाओं आंदोलन आज किया गया। इस आंदोलन के बाद बंद खदान को खोलने, वनाधिकार पट्टा दिलाने का बड़ा आंदोलन छेड़ा जायेगा। पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि वर्ष 2019 की चुनाव में हेमंत सोरेन ने कहा था कि 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। सरकार की इस घोषणा के बाद एक आशा व विश्वास लिये पूरे झारखण्ड के नियोजन कार्यालय में हजारों बेरोजगारों ने नाम दर्ज कराया था। लेकिन हेमंत सरकार रोजगार अथवा भत्ता देना तो दूर, बेरोजगारों पर लाठियां बर्षा रही है। सारंडा में एक समय 40 खदानें चलती थी लेकिन अभी 5-6 खदान चल रही है।

झारखंड में आदिवासी सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर भाजपा में मशक्कत

रांची, एजेंसी। झारखंड में विधानसभा चुनाव अपने तय समय पर होंगे। ऐसे में भाजपा अगले महीने सितंबर में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। पहली सूची में खासकर संताल और कोल्हान की सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा मशक्कत आदिवासी आरक्षित सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर हो रही है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से बड़े आदिवासी नेताओं को आदिवासी आरक्षित सीटों पर लड़ाने का फैसला लिया गया है।

पार्टी ने यह लक्ष्य रखा है कि किसी भी तरह आदिवासी आरक्षित 28 सीटों में कम से कम 10 सीटें जीती जाएं। वर्तमान में सिर्फ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के खूंटी की दो सीटों खूंटी और तोरपा पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, संताल की सभी आदिवासी आरक्षित सीट व कोल्हान की तमाम सीटों पर भाजपा को 2019 के चुनाव में हार मिली थी।

कैसे हो रही मशक्कत

संताल परगना की सीटों पर लेकर सबसे ज्यादा परेशानी भाजपा को हो रही। मसलन दुमका सीट पर हेमंत सोरेन को मात देकर विधायक चुनी गई लुईस मरांडी की दावेदारी रही है। लेकिन इस बार चर्चा है कि बाबूलाल मरांडी को भी यहां से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वहीं बोरियो से ताला मरांडी 2014 में विधायक बने थे, लेकिन 2019 में उनका टिकट काट दिया गया था, अब इस सीट पर लोबिन हेंब्रम को लेकर चर्चा तेज है। लोबिन के भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी हैं। वहीं जामा सीट पर सीता सोरेन विधायक थीं,

भाजपा में शामिल होने के बाद वह अपनी बेटी के लिए दावेदारी कर रहीं। लेकिन इस सीट पर पिछली बार 2426 वोट से हारे सुरेश मुर्मू के साथ-साथ सीता सोरेन के लिए दुमका की संसदीय उम्मीदवारी छोड़ने वाले सुनील सोरेन भी दावेदार हैं। संताल परगना में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सीटिंग सीट बरहेट, शिकारीपाड़ा, महेशपुर जैसी सीटों पर भी नए प्रत्याशियों का चयन होना है। वहीं, दक्षिणी छोटानागपुर की सीटों लोहरदगा, सिसई, विशुनपुर, गुमला में भी भाजपा नए और अपने कद्दावर चेहरों को चुनाव लड़ा सकती है।

आदिवासी सीटों पर कैसे हो रहा मुद्दों का उभार

लोकसभा चुनाव के दौरान चार आदिवासी आरक्षित सीटों पर भाजपा की बड़ी हार हुई थी। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उठी सहानुभूति लहर का फायदा इंडिया गठबंधन को मिला था। हेमंत सोरेन के पुनः सीएम बनने के बाद संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ तथा डेमोग्राफी बदलाव का मुद्दा भाजपा उठा रही है। पाकुड़, साहिबगंज में आपराधिक वारदातों के साथ घुसपैठ को जोड़ा जा रहा है। वहीं आदिवासियों की घटती जनसंख्या का मुद्दा भी उठाया जा रहा है।

माहौल अब बदल चुका है: हिमंता

झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा के मुताबिक, आदिवासी वोटरों का समर्थन अब भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर तरफ से आदिवासी वोटर अब भाजपा से जुड़ रहे हैं। एक महीने में माहौल और बदल जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

सगाई से पहले युवक की बेरहमी से हत्या, तहेरे भाई ने चाकू से काट डाला गला

बरेली , एजेंसी। बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र के रईया नगला गांव निवासी 26 वर्षीय युवक मोइन की उसी के तहेरे भाई छोटू ने गले और सिर में चाकू से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मोइन दिल्ली में रहकर चप्पल की फैक्टरी में काम करता था। स्वतंत्रता दिवस पर वह अपने घर आया था। यहां उसका रिश्ता तय हुआ था। उसकी सगाई होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। हत्या की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है। एसपी दक्षिणी मानुष पारीक ने रात में मोइन की हत्या की जानकारी के बाद मीरगंज में घटनास्थल का मुआयना किया।

कैबिनेट मंत्री के ड्राइवर ने दी जान: पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में फंदे से लटका मिला शव

बरेली , एजेंसी। बरेली में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की कार के ड्राइवर 28 वर्षीय राजवीर उर्फ कुंदन का शव कमिश्नर कार्यालय के सामने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में फंदे से लटका मिला। वह शुक्रवार से गेस्ट हाउस में रुका हुआ था। शनिवार रात सूचना के बाद सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव और कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। कुंदन के कान में मोबाइल से कनेक्ट ब्लूटूथ ईयरबड्स लगे थे। इससे लग रहा था कि मोबाइल पर किसी से बात करने के दौरान उसने फंदा लगाया है। उसके मोबाइल में पैटर्न लॉक लगा मिला। मामला प्रेम संबंध से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस ने सूचना देकर परिवार को बुला लिया है। कुंदन बाराबंकी के थाना हैदरगढ़ के गांव किरसिया का निवासी था और एक निजी ट्रैवल एजेंसी के लिए काम करता था, जिसका अनुबंध राज्य संपत्ति विभाग से था।

बॉस के साथ पति ने देखी फिल्म, घर में हुआ क्लेश...पत्नी ने छोड़ा ससुराल

आगरा , एजेंसी। आगरा में परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को एक रोचक मामला सामने आया। पत्नी एक माह से मायके में केवल इसलिए रह रही थी कि पति बॉस के साथ फिल्म देखने चला गया था। पत्नी ने आरोप लगाया कि पति उसे शॉपिंग नहीं कराता, फिल्म दिखाने नहीं ले जाता, कहने पर मारपीट करता है। काउंसलर ने घंटेभर मशक्कत के बाद दोनों में समझौता कराया। मामला थाना सदर क्षेत्र का है। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि काउंसलिंग में पता चला कि पति-पत्नी के बीच विवाद की वजह पति का बॉस के साथ फिल्म देखना था। इनकी शादी 2023 में हुई है। पति का कहना है कि शुरू में घूमना-फिरना रहा लेकिन काम के लोड में वक्त नहीं मिल पाता। 1 महीने पहले बॉस ने फिल्म देखने के लिए कहा और मैं चला गया। बस इसी बात पर पत्नी गुस्सा होकर मायके चली गई। काउंसलर ने बताया कि दोनों में समझौता करा दिया गया है। शनिवार को परामर्श केंद्र में 100 मामले पहुंचे, 10 मामलों में समझौता कराया गया।

पुलिस ने छात्रा से छेड़खानी के दो आरोपियों को टांग में गोली मारकर दबोचा

बरेली , एजेंसी। बरेली के आंवला में बीच बाजार छात्रा से छेड़खानी और तमंचा दिखाकर धमकाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने टांग में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को छेड़खानी की घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे, जबकि एक आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया गया था। मुठभेड़ में घायल आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह था मामला : आरोपी आमिर ने सरेराह छात्रा से छेड़खानी की थी। पीड़ित छात्रा के मुताबिक वह शनिवार को गांव से फॉर्म ऑनलाइन भरवाने के लिए कस्बे के रामनगर रोड स्थित जनसुविधा केंद्र पर आई थी। दोपहर करीब 12 बजे जनसुविधा केंद्र से बाजार की ओर जाते समय बरातघर के पास आरोपी आमिर ने रास्ता रोक लिया। अश्लील टिप्पणी करते हुए छेड़खानी की।

ई-कोर्ट में तब्दील होंगी यूपी की सभी लेबर अदालतें

श्रमिक विवादों का जल्द होगा निस्तारण

लखनऊ , एजेंसी। श्रम विभाग को ऑनलाइन करने और लोगों को सहूलियत देने के लिए पहली बार सभी श्रम अदालतों को 'ई लेबर कोर्ट' में तब्दील किया जाएगा। इस संबंध में रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल मांगा गया है। इस महीने कार्यदायी संस्था का चयन हो जाएगा। ई-कोर्ट से श्रमिक विवाद जल्दी निस्तारित होंगे। आदेश उसी दिन अपलोड हो जाएंगे। ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा मिल जाएगी। केसों को अलग-अलग श्रेणी में बांटकर उसी के आधार पर सुनवाई होगी।

लेबर ई-कोर्ट के दायरे में श्रम विवादों के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। इसके तहत श्रम मामले दायर करने के लिए एक आसान इंटरफेस बनाया जाएगा, जहां वे विवरण दर्ज कर सकेंगे। दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। साथ ही कानूनी रूप से जरूरी सभी जरूरतों का समाधान ई-कोर्ट प्लेटफार्म पर मिलेगा। हर केस को यूनीक नंबर जनरेट होगा। उन आवेदकों का सत्यापन होगा, जिनके मामले समीक्षाधीन हैं। नए सिस्टम में पंजीकरण से लेकर फैसले तक की ट्रैकिंग की जा सकेगी।

अदालत के कर्मचारियों को हर केस के वर्गीकरण और उसकी प्रक्रिया के पालन व सत्यापन करने के लिए टूल भी ऑनलाइन मिलेगा। किस केस का कब असाइनमेंट है, इस आधार पर भी मामलों को वर्गीकृत किया जाएगा। जैसे वेतन विवाद, गलत तरीके से नौकरी समाप्ति, नौकरी की शर्तों का उल्लंघन और श्रम कानूनों का पालन न करने आदि मामलों की अलग-अलग लिस्टिंग होगी।

लेबर ई-कोर्ट सॉफ्टेवर की खासियतें : 1. यह सॉफ्टवेयर उपयोगकर्ताओं को खाते बनाने, उनकी प्रोफाइल

तैयार करने और याचिकाकर्ताओं, उत्तरदाताओं, अधिवक्ताओं आदि को अपनी पेशेवर साख को एक प्लेटफार्म पर लाएगा।

2. यह मामलों को दाखिल करने, मामले की स्थिति पर नजर रखने, सुनवाई का समय निर्धारित करने और मामले के दस्तावेजों को सुरक्षित करेगा।

3. यह कार्यवाही के आधार पर अदालती निर्णयों और आदेशों को स्वचालित करेगा। प्रशासनिक कार्यभार कम होगा।

4. सभी मामले-संबंधी दस्तावेज, जिनमें दलीलें, साक्ष्य और अदालती आदेश शामिल हैं, इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सुरक्षित और डाटा बैंक के रूप में रहेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

5-केस को इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल किया जा सकेगा। कानूनी नोटिस और दस्तावेजों को डिजिटल रूप देगा। इससे कागजी कार्यवाही कम हो जाएगी। समय बचेगा।

5. सिस्टम हर केस में सभी पक्षों को स्वचालित सूचनाएं और अलर्ट देगा, ताकि उन्हें आगामी सुनवाई, मामले के अपडेट और समय सीमा के बारे में जानकारी मिलती रहे।

6. यह सॉफ्टवेयर कैलेंडर जारी करेगा। सुनवाई के शेड्यूल को समायोजित करेगा ताकि हितधारक कहीं से भी कार्यवाही में भाग ले सकें।

7. लेबर ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म में सुरक्षा अभेद्य होगी।

8-आईडी और उपस्थिति प्रबंधन सॉफ्टवेयर अदालती कार्यवाही के दौरान अधिवक्ताओं, वादियों और अन्य कर्मियों की उपस्थिति को ट्रैक करेगा। यह सुनवाई में भाग लेने वाले व्यक्तियों का सत्यापन करेगा।

9. हितधारक दस्तावेज, ऑडियो और वीडियो फाइलें जैसे डिजिटल साक्ष्य प्रस्तुत कर सकेंगे।

खत्म होगी भागदौड़: श्रम विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार का कहना है कि डिजिटल कामकाज की दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश की श्रम अदालतों को ई-कोर्ट में तब्दील किया जा रहा है। श्रम अदालतों में श्रमिक, कर्मचारी, नियोक्ता आदि से जुड़े मामले बड़ी संख्या में आते हैं। ई-कोर्ट से भागदौड़ खत्म हो जाएगी। वादों के निस्तारण में तेजी आएगी। फैसले अपलोड हो जाएंगे। केसों का वर्गीकरण किया जा सकेगा।

अनएडेड मेडिकल कॉलेजों की फीस तय न करने पर हाईकोर्ट सख्त, दो माह में जांच कराने का निर्देश

लखनऊ , एजेंसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शनिवार को प्रदेश के अनएडेड मेडिकल कॉलेजों की फीस तय करने में नाकाम रहने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को इसके जिम्मेदारों के खिलाफ दो माह में जांच पूरी करवाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यूपी अनएडेड मेडिकल एंड एलाइड साइंस कॉलेजों के लिए फीस निर्धारण समिति बनाने में देरी के जिम्मेदारों और समिति द्वारा फीस निर्धारित न करने की जांच की करें। कोर्ट ने इसकी जांच रिपोर्ट भी तलब की है। साथ ही राज्य सरकार समेत फीस निर्धारण समिति को चेतावनी दी कि अगले सत्र में फीस निर्धारण में नाकाम रहने पर दोनों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई चलने योग्य होगी। न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी अनएडेड मेडिकल एंड एलाइड साइंस कॉलेज वेलफेयर एसोसिएशन व 17 अन्य की याचिका को मंजूर करके दिया। इन याचिकाकर्ताओं ने 2006 के अधिनियम के तहत मौजूदा सत्र में फीस बढ़ाने के मामले में राज्य सरकार समेत फीस निर्धारण समिति की नाकामी के खिलाफ हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। साथ ही मामले में सरकार द्वारा बीती 11 जुलाई को जारी आदेश को भी चुनौती दी थी। कोर्ट ने 11 जुलाई के इस आदेश को रद्द कर फीस निर्धारण समिति को निर्देश दिया कि सत्र 2024–25 के लिए फीस तय करें। कोर्ट ने कहा की समिति की सिफारिशों के बिना राज्य सरकार ऐसी अधिसूचना नहीं जारी कर सकती थी। कोर्ट ने याची संस्थानों को 24 अगस्त तक अपने दस्तावेज और प्रस्ताव पेश करने का निर्देश दिया। कहा, समिति 21 सितंबर तक मौजूदा सत्र के लिए फीस निर्धारित करेगी। साथ ही समिति, याची संस्थानों की फीस बढ़ाने के अनुरोध पर भी गौर कर सकेगी। इन निर्देशों के साथ कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली।

रक्षाबंधन पर बाजार गुलजार: बहनें भाइयों की कलाई पर बांधेंगी प्यार

मुरादाबाद , एजेंसी। मुरादाबाद में रक्षाबंधन के त्योहार के लिए बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार को बहनें भाइयों की कलाई पर स्नेह का धागा बांधेंगी और भाई आजीवन उनकी रक्षा का संकल्प लेंगे। इस त्योहार के लिए बाजार गुलजार है। सुबह से ही राखी खरीदने के लिए महिलाएं दुकानों पर पहुंच रही हैं।

बच्चों के लिए क्यू आर कोड वाली राखी और युवाओं के लिए नए फैंसी डिजाइन वाली राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। क्यू आर कोड स्कैन करते ही भाई-बहन के प्यार वाला गाना बजने लगेगा। वहीं फैंसी राखियों की कीमत 50 से 60 रुपये है। श्री कृष्ण, खाटू श्याम और नजरबट्टू वाली राखियों की ज्यादा मांग है। बच्चे कार्टून वाली राखी पसंद कर रहे हैं। लाइट, घड़ी और पॉप अप गेम वाली राखी भी खूब बिक रही हैं। इनकी कीमत 40 से 50 रुपये है। दुकानदारों के मुताबिक इस बार राखियों की कीमत में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। अधिकांश माल आगरा से आया है। लाइनपार, बाजार गंज से लेकर पुराने शहर तक हर जगह राखी की दुकानें सजी हैं। दुकानदार महेश गुप्ता ने बताया कि गणेश जी की प्रतिमा, महाकाल, शिवलिंग, स्वास्तिक, ओम, कुंदन की राखियों को खूब पसंद किया जा रहा है। वहीं सराफा बाजार में सोने-चांदी की राखियों की भी खूब डिमांड है। इस बार नए डिजाइन वाली राखियां बहनों को लुभा रही हैं। सराफा कारोबारियों का कहना है कि प्लेटिनम में भी राखियां उपलब्ध हैं। चांदी की राखियां ज्यादा बिक रही हैं।

ज्योतिषी पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा का साया रहेगा। 19 अगस्त को चंद्रमा मकर राशि में होने के कारण भद्रा का निवास पाताल में रहेगा। रक्षाबंधन पर भद्रा के प्रारंभ का समय सुबह तीन बजकर चार मिनट पर है।

अखिलेश बोले- अपनी विचारधारा के लोगों को उच्च पदों पर बैठाने की साजिश कर रही भाजपा, आंदोलन की जरूरत

लखनऊ , एजेंसी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अपनी विचारधारा के संगी-साथियों को पिछले दरवाजे से यूपीएससी के उच्च सरकारी पदों पर बैठाने की जो साजिश कर रही है, उसके खिलाफ एक देशव्यापी आंदोलन खड़ा करने का समय आ गया है।

ये तरीका आज के अधिकारियों के साथ, युवाओं के लिए भी वर्तमान और भविष्य में उच्च पदों पर जाने का रास्ता बंद कर देगा। आम लोग बाबू व चपरासी तक ही सीमित हो जाएंगे।

दरअसल ये सारी चाल पीडीए से आरक्षण और उनके अधिकार छीनने की है। अब जब भाजपा ये जान गयी है कि संविधान को खत्म करने की भाजपाई चाल के खिलाफ देश भर का पीडीए जाग उठा है तो वो ऐसे पदों पर सीधी भर्ती करके आरक्षण को दूसरे बहाने से नकारना चाहती है। भाजपा सरकार इसे तत्काल वापस ले क्योंकि ये देशहित में भी नहीं है। भाजपा अपनी दलीय विचारधारा के अधिकारियों को सरकार में रखकर मनमाना काम करवाना चाहती है। सरकारी कृपा से अधिकारी बने ऐसे लोग कभी भी निष्पक्ष नहीं हो सकते। ऐसे लोगों की सत्यनिष्ठा पर भी

हमेशा प्रश्नचिन्ह लगा रहेगा।

देशभर के अधिकारियों और युवाओं से आग्रह है कि यदि भाजपा सरकार इसे वापस न ले तो आगामी 2 अक्टूबर से एक नया आंदोलन शुरू करने में हमारे साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर खड़े हों। सरकारी तंत्र पर कारपोरेट के कब्जे को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि कारपोरेट की अमीरोंवाली पूंजीवादी सोच ज्यादा-से-ज्यादा लाभ कमाने की होती है। ऐसी सोच दूसरे के शोषण पर निर्भर करती है, जबकि हमारी 'समाजवादी सोच' गरीब, किसान, मजदूर, नौकरीपेशा, अपना छोटा-मोटा काम-कारोबार-दुकान करनेवाली आम जनता के पोषण और कल्याण की है। ये देश के विरूद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है।

हजयात्रा 2025: सरकार ने रजिस्ट्रेशन फीस की खत्म, सुविधा शुल्क हुआ दोगुना, 14 अगस्त से आवेदन हो गए शुरू

मुरादाबाद , एजेंसी। इस बार हज आवेदकों को तीन सौ रुपये रजिस्ट्रेशन नहीं देनी होगी। हज कमेटी ने रजिस्ट्रेशन फीस खत्म कर दी है। लेकिन हज कमेटी ने सुविधा शुल्क दोगुना कर दिया है। एक हजार की जगह आवेदकों को अब दो हजार रुपये देने होंगे। हज आवेदन की अंतिम तिथि नौ सितंबर तय की गई है।

इस साल जिले से 2400 आजमीन हजयात्रा पर गए थे। आवेदन करने वाले सभी आजमीनों को हजयात्रा का मौका मिला। हजयात्रा 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 14 अगस्त से आवेदन भी होने लगे हैं। इस बार आवेदन प्रक्रिया में कुछ बदलाव किया गया है।

पहले आवेदकों को तीन सौ रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के साथ एक हजार रुपये सुविधा शुल्क भी जमा करनी पड़ती थी। इस बार हज कमेटी ने रजिस्ट्रेशन फ्री कर दिया है। रजिस्ट्रेशन का कोई जार्च नहीं देना होगा। लेकिन दूसरी तरफ हज कमेटी ने अपना



सुविधा शुल्क बढ़ा दिया है।

आवेदकों को अब हज कमेटी को दो हजार रुपये सुविधा शुल्क अदा करना होगा। वहीं इस बार 65 वर्ष से अधिक आयु वाले अकेले हजयात्रा पर नहीं जा सकेंगे। उन्हें अपने साथ करीबी रिश्तेदार को ले जाना होगा। पहले ये नियम 70 वर्ष से अधिक आयु वालों पर लागू था।

हज ट्रेनर हाजी मुख्तार असलम ने बताया कि हज कमेटी ने रजिस्ट्रेशन फीस खत्म करके सुविधा शुल्क दो हजार रुपये कर दिया है। हज आवेदन की अंतिम तारीख नौ सितंबर है।

हज कमेटी का कोटा घटा

हज ट्रेनर हाजी मुख्तार असलम के मुताबिक इस बार हज कमेटी का कोटा दस फीसदी घट गया है। देश के कुल कोटे में हज कमेटी की हिस्सेदारी 70 फीसदी रहेगी। जबकि पहले 80 प्रतिशत था। इस बार तीस फीसदी हिस्सेदारी निजी कंपनियों की होगी। पहले ये हिस्सेदारी 20 फीसदी थी।

आरएमपीएसयू की वेबसाइट : दो महीने पहले जा चुके महेश कुमार अभी भी हैं रजिस्ट्रार, कुलगीत भी नहीं है अपलोड

अलीगढ़ , एजेंसी। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की वेबसाइट ही ठीक से अपडेट नहीं हो पा रही है। इस वेबसाइट में पूर्व रजिस्ट्रार महेश कुमार ही दिखाई दे रहे हैं, जिनका दो महीने पूर्व लखनऊ तबादला हो चुका है। उनके स्थान पर आए नए रजिस्ट्रार अजय कृष्ण यादव कार्यभार संभाल चुके हैं, लेकिन उनका इसमें जिक्र नहीं है।

इसी तरह से विवि का कुलगीत भी अब तक वेबसाइट में अपलोड नहीं है। इस कुलगीत की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के नाम से होती है, इसमें विश्वामित्र और गोपालदास नीरज का भी जिक्र है। यह गीत जुलाई 2022 में लॉन्च कर दिया गया था, लेकिन दो वर्ष बाद भी वेबसाइट में इसको जगह नहीं मिली है। इसी तरह से विवि की वेबसाइट में कई तथ्य अब तक अपडेट नहीं हुए हैं। इस संबंध में विवि के प्रतिनिधि से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसको अपडेट कराया जा रहा है। कुछ तथ्य रह गए हैं उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है।

व्यापारी दंपती हत्याकांड में पुलिस को मिली सफलता, मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार; चौकी प्रभारी घायल

सोनभद्र , एजेंसी। सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मरकरी गांव के पास मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दंपती को मौत के घाट उतारने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में मुख्य हत्यारोपी कुंदन पटेल के पैर में गोली लगी है। वहीं दरोगा कमल नयन दुबे के गले में भी छर्रा लगा है। दरोगा और आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि कुंदन के निशानदेही पर दो और हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लूट की रिवाल्वर भी बरामद हुआ है। कहा कि लूट के अन्य सामानों को बरामद करने के लिए दबिश दी जा रही है।

ये है मामला

10 अगस्त को रॉबर्ट्सगंज नगर के राज पैलेस के पास धारदार हथियार से बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी दिलीप पटेल और पत्नी मंजू देवी की हत्या हुई थी। 17 अगस्त को कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने परिजनों से मुलाकात की थी। उन्होंने 24 घंटे में गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। ब्याज के रुपये के लेनदेन के विवाद में व्यापारी दंपती की हत्या की गई थी।

सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर का कत्ल... ब्याज पर कई लोगों को दिए थे पैसे; मोबाइल में छिपा हत्या का राज

मुरादाबाद , एजेंसी। मुरादाबाद के मझोला क्षेत्र के मानसरोवर कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर वीर सिंह (65) की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव मैनाठेर क्षेत्र में गागन तिराहे के पास चंदौसी रोड के किनारे फेंक दिया। शुक्रवार देर रात सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक खड़ी मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। हालांकि, हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मूलरूप से अमरोहा के बागड़पुर निवासी वीर सिंह परिवार के साथ मानसरोवर कॉलोनी कृष्णा नगर में रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटी मानसी और एक बेटा हर्षित है। वीर सिंह पांच साल पहले प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से सीनियर मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बेटे और बेटी की शादी हो चुकी है। बेटी मानसी अधिवक्ता हैं और वह नोएडा में रहती हैं, जबकि बेटा निजी कंपनी में कार्यरत है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे किसी का फोन आने पर वीर सिंह बाइक से घर से निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। शुक्रवार देर रात मैनाठेर थाने की पुलिस को सूचना मिली कि चंदौसी रोड पर गागन तिराहा स्थित एमएच फैक्टरी के पास एक शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान वीर सिंह के रूप में हुई। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। हत्याकांड के खुलासे के लिए तीन टीमें लगा दी गई हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

मोबाइल से खुलेगा सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर की हत्या का राज

सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर वीर सिंह की हत्या का रोज उनके ही मोबाइल में छिपा है। पुलिस उनके मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवा रही है, जिससे साफ हो जाएगा कि वह किसके कॉल करने पर घर से तेजी से निकले थे। पुलिस और एसओजी ने इस पर काम शुरू कर दिया है। मानसरोवर कॉलोनी के कृष्णा नगर निवासी वीर सिंह शुक्रवार शाम घर में बैठे थे। उनकी पत्नी खाना बना रही थीं। रात करीब आठ बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। उन्होंने कॉल रिसीव की और बातचीत की। इसके तुरंत बाद उन्होंने बाइक घर से निकाली और बिना हेलमेट के ही चले गए। वह अक्सर हेलमेट लगाकर ही घर से निकलते थे, शुक्रवार रात फोन आने के बाद वे इतनी जल्दी में थे कि हेलमेट भी नहीं लगाया।

विचार-मंथन

संपादकीय

ओलंपिक में आगे की सुध

पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन के साथ ही अब सभी देश और उनके खिलाड़ी अगली बार की तैयारी में लग जाएंगे। भारत की टीम भी ओलंपिक 2024 में एक रजत और पांच कांस्य पदक जीत कर अपनी टीम के साथ वापस आ गई है। इस आयोजन में भाग लेने और पदक हासिल कर पाने वाले देशों की संख्या के लिहाज से देखें तो भारत का प्रदर्शन कुछ बेहतर जरूर रहा, लेकिन कुल मिला कर यही कहा जा सकता है कि हमें ओलंपिक में अपनी मजबूत जगह बनाने के लिए अभी काफी तैयारी की जरूरत है।गौरतलब है कि ओलंपिक 2024 में शामिल एक सौ चौदह देशों को कोई पदक नहीं मिल सका। पदक तालिका में भारत को इकहत्तरवां स्थान मिला। जबकि तोक्यो ओलंपिक, 2020 में भारत ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे और पदक तालिका में अड़तालीसवें स्थान पर रहा था। इसलिए उम्मीद थी कि इस बार पदक तालिका में भारत को पहले से बेहतर जगह मिलेगी। हाकी और तीरंदाजी में भारत के खिलाड़ियों ने अच्छी दखल दी और पदक जीते, मगर कुछ खेलों में अप्रत्याशित नतीजों और उतार-चढ़ावों की वजह से वह उम्मीद धुंधली रही।यों खेलों में जीत-हार होती रहती है। फिर भी भारत की आबादी और ओलंपिक की चुनौतियों के मद्देनजर की गई तैयारियों को लेकर यह सवाल जरूर उभरता है कि आखिर क्या वजह है कि जहां छोटे-छोटे देश भी खेलों की दुनिया में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं, वहीं हमारे देश को संतोषजनक जगह भी नहीं मिल पाती। साफ है कि अभी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। प्रतिभाओं की खोज से लेकर उन्हें उचित और विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मुहैया कराने की पहलकदमी सरकार को ही करनी होगी।पर्याप्त धन खर्च करने के अलावा संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल को लेकर 'कोई समझौता नहीं' की नीति पर चलना होगा। साथ ही, कुछ मामलों में जो अप्रिय स्थितियां उभरीं, जीता हुआ पदक हाथ से निकल गया, उससे बचने के लिए हर हाल में एक पुख्ता तंत्र बनाना होगा। अगर ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति हो और प्रतिभाओं के चयन तथा प्रशिक्षण को लेकर पूरी तरह ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था हो, तो ओलंपिक की पदक तालिका में हम भी सम्मानजनक स्थान हासिल कर सकते हैं।

सरकार की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आजादी की 78वीं सालगिरह के मौके पर लगातार 11वीं बार लालकिले पर तिरंगा फहराया और वहां से देश को संबोधित किया। पीएम मोदी भाषण देने की अपनी कला के लिए खास तौर पर जाने जाते हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि लाल किले पर उनके भाषण भी सबसे ज्यादा लंबे होते रहे हैं। इस बार 98 मिनट लंबा भाषण देकर उन्होंने अपना भी पिछला सारा रेकॉर्ड तोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने वर्तमान की चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों के देश के लिए यह कोई मुश्किल लक्ष्य नहीं है। पीएम मोदी का कार्यकाल इस लिहाज से भी खास है कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के अजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की, मोदी सरकार के दौरान यह संभव हुआ। ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है। लाल किले से अपने भाषण में पीएम मोदी ने सेकुलर सिविल कोड के रूप में इसका जिक्र करके यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। पीएम मोदी देश में बार-बार होने वाले चुनावों को विकास की राह में बाधा मानते हैं और यह कोशिश करते रहे हैं कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने लगें। लेकिन हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होने के बाद उनकी पार्टी और सरकार का यह अजेंडा आगे बढ़ना मुश्किल माना जा रहा है। इसके बावजूद पीएम मोदी ने अपने भाषण में इसका भी जिक्र करते हुए यह संकेत दिया कि इस दिशा में उनकी सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इन सबके साथ ही पीएम मोदी भाषण में अपनी सरकार की खास उपलब्धियों और उसके सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करना नहीं भूले। स्पेस सेक्टर में सौ से ज्यादा स्टार्टअप शुरू होने, 75000 मेडिकल सीटें बढ़ाने और महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए अतिरिक्त प्रयास की जरूरत बताने जैसी घोषणाएं इसी श्रेणी में आती हैं।

मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

(ललित गर्ग)

प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान 'निशान इजुद्दीन' से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय

एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी।

सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषतः पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं।

आखिर कैसी देश की आजादी के पक्षधर हैं हम?

(योगेश कुमार गोयल)

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। 15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में एक अलग ही जज्बा और उत्साह समाहित रहता है। हालांकि वर्षों की गुलामी के बाद गुलामी की इन जंजीरों से मिली आजादी को हम किस रूप में संजोकर रख पा रहे हैं, वह सभी के समक्ष है। देश को आजाद हुए पूरे 77 बरस हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 77 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात साल दर साल किस कदर बदले हैं, वह भी किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि अभद्रता की हर हद पार करते नजर आते हैं। प्रतिवर्ष जब देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत से ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, आजादी की उसकी तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाएं जिस प्रकार लगातार बढ़ रही हैं और समाज में अपराधों की तादाद भी बढ़ रही है, ऐसे में देश की गुलामी का दौर देख चुके कुछ बुजुर्ग तो अब कहते सुने भी जाते हैं कि गुलामी के दिन आज की इस आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। ऐसे हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द ही अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कहीं कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कहीं कोई इसे गिराने के प्रयासों में। संसद और विधानसभाओं में हंगामेदार तस्वीरें तो अब कोई नई बात नहीं रह गई है। आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। आजादी के बाद के इन साढ़े सात दशकों में महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। भले ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसे जाने के कितने ही ढ़ोल क्यों न पीटे जाते रहें किन्तु वास्तविकता यही है कि आज भी अधिकांश जगहों पर बिना लेन-देन के कार्य सम्पन्न नहीं होते। बड़े नेताओं की तो छोड़ दें।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5465

6			4	2				
8		4	9				7	3
3						4	5	
			8	7			9	
	8						2	
	3			6	1			
	2	5						7
9	6				5	8		2
				3	9			4

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5464

3	5	8	9	1	6	2	4	7
4	6	2	7	5	3	1	9	8
1	9	7	4	8	2	5	3	6
8	4	9	1	6	7	3	5	2
7	1	5	2	3	4	8	6	9
2	3	6	8	9	5	4	7	1
9	2	3	5	7	1	6	8	4
5	8	1	6	4	9	7	2	3
6	7	4	3	2	8	9	1	5

वर्ग पहेली 5465



संकेतः बाएं से दाएं

1. प्रमुख शिक्षाविद, चिंतक जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की (8)
6. सुपर स्टार सलमान खान की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में है (3)
7. पुराणानुसार यह मेनका का पति और पार्वती का पिता कहा गया है, पर्वतराज (4)
10. चांद, उजला, श्वेत (3)
11. कपूर खानदान की अभिनेत्रियों में से कए करतब, चमत्कार (3)
12. पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
13. पुराणानुसार कृष्ण द्वैव्यास के पुत्र जो पुराणों वे ज्ञाता माने जाते है (4)
15. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)
17. लिपिक, बाबू (2)
18. मुगलकाल का प्रांत प्रशासक (3)
20. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
21. समस्त, एक प्रसिद्ध टीवी चैनल, अनवशिष्ट, अंभंजित, सर्व (2)

ऊपर से नीचे

1. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जिनके पिता मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
2. सुस्वादु भोजन, क्रय-विक्रय की वस्तु (2)
3. जलावतरित, विप्लावित, संवाहित (4)
4. मध्यस्थ, बिचोलिया, ब्रोकर (3)
5. पुराणानुसार यह सूर्पणखाा का भाई था, खच्च्र, खुरदुरा (2)
8. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (उर्दू)(5)
9. उत्स्त्रोत धारा, ऐनक (2)
12. सिलाई, स्टिच, संग्रंथन (3)
14. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
16. एक स्त्री से दो व्यक्ति प्रेम करने वाले आपस में यह कहलाते है (उर्दू) (3)
19. वाम, चंद्रमा के रथ के एक घोड़ का नाम, कोण्युक्त, कामदेव (3)

वर्ग पहेली 5464 का हल

ना	इ	ज	र	■	गा	इ	ड
का	मा	य	नी	■	य	■	ल
म	म	■	■	सु	ब	ह	■
■	त	क्ष	क	■	क	म	ल
से	■	त	ल	वा	र	■	जी
ने	क	■	क	■	ना	चौ	ज
ग	प	■	का	जी	■	न	■
ल	ल	का	र	■	सा	■	■

आज का राशिफल

मेष
आज करियर में सफलता का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होने की संभावना है। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात का समय आनंद में बीतेगा और किसी कारण से आपको अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

वृष
आज आपको ऑफिस और परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको किसी कारण से संतान पक्ष के लोगों से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम को आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा और आपको कोई रुका कार्य बनने की संभावना है। रात का समय प्रियजनों भेंट व आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

मिथुन
आज भाग्य साथ देगा। आपके सुख और आनंद में वृद्धि होगी। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। आपको वाणी की सौम्यता और सम्मान से लाभ होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सेहत के मामले में लापरवाही करना आपको भारी पड़ सकता है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

तुला
आज करियर में सफलता के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलने से मन प्रसन्न होगा। किसी मामले में शिक्षा और प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलने से आपको खुशी होगी। मन में हर्ष होगा। शाम के समय कोई रुका कार्य पूर्ण होने की संभावना है। रात का वक्त आनंद और उत्साह में बीतेगा। आपको सौभाग्य प्राप्त होगा।

वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज आपको सेहत के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही करना भारी पड़ सकता है। किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करें तो आपको लाभ होगा। आज आपको काफी भागदौड़ के मामले में लाभ होगा। आपको दोस्तो के साथ संबंधों का लाभ मिलेगा और लोग आपकी मदद करेंगे।

धनु
आज लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात का वक्त परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

कर्क
आज करियर और रोजगार के मामले में सफलता से भरी होगा। आपको व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद में आपकी जीत हो सकती है और आपको शुभ लाभ होगा। शुभ खर्च और कीर्ति की वृद्धि होगी।

सिंह
आज लाभ होगा। कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें, वरना आपसी संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। वरना कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती है। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

कन्या
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने से लाभ होगा।

मकर
आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रयास सफलत रहेंगे। आपको नीचे के कर्मचारियों से आदर और सहयोग भी मिलेगा। शाम के समय आप किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें तो आपको लाभ होगा।

कुंभ
आज आपके चारों ओर काम का माहौल बहुत शानदार रहेगा। आपके परिवार के सदस्यों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपकी जीत होगी। पास और दूर की यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है।

मीन
आज लाभ और आनंद का दिन है। हर प्रकार के विवाद से दूर रहें और आपको अपने परिवार के साथ आनंद की प्राप्ति होगी। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि हो सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

रक्षाबंधन पर एक साथ बने हैं 5 शुभ योग, जानें किस मुहूर्त में राखी बांधना होगा शुभ

रक्षाबंधन को भाई-बहन के पावन रिश्ते के सबसे शुभ पर्व के रूप में मनाते हैं। हर साल सावन पूर्णिमा पर रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस साल रक्षाबंधन 19 अगस्त यानी कि सावन के आखिरी सोमवार को है। इसके अलावा रक्षाबंधन पर 5 बेहद शुभ योग एक साथ बन रहे हैं, जो कि इस त्योहार की शुभता को और बढ़ा रहे हैं। तो आइए जानते हैं कौन से हैं ये शुभ योग और राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त कौन सा रहेगा।

रक्षाबंधन का शुभ त्योहार हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है और इस साल यह तिथि 19 अगस्त को है। यानी कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। सावन के आखिरी सोमवार को इस बार रक्षाबंधन होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। अबकी बार श्रावण मास की पूर्णिमा पर एक साथ 5 शुभ योग बने हैं। यानी कि बहनें बहुत ही शुभ संयोग के बीच अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु की प्रार्थना करेंगी। आइए जानते हैं रक्षाबंधन पर कौन-कौन से शुभ योग बन रहे हैं, साथ ही यह भी देखते हैं कि राखी बांधने के लिए सबसे शुभ मुहूर्त कौन से हैं।

रक्षाबंधन कब मनाएंगे

रक्षाबंधन यानी कि सावन पूर्णिमा की तिथि 19 अगस्त को सुबह 3 बजकर 5 मिनट से होगी और रात 11 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगी। यानी कि रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त हो ही मनाया जाना सर्वसम्मत होगा। साथ ही इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा भी की जाती है, क्योंकि इस दिन पूर्णिमा होने की वजह से यह तिथि महालक्ष्मी की पूजा से जुड़ी मानी जाती है।

रक्षाबंधन पर बने हैं 5 शुभ योग एक साथ

रक्षाबंधन अबकी बार सावन के आखिरी सोमवार को है। इसके अलावा इस शुभ दिन 4 शुभ योग एक साथ मौजूद होंगे। इस बार का रक्षाबंधन सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग, रवि योग और सौभाग्य योग के बीच में मनाया जाएगा। इसके साथ ही इस दिन श्रवण नक्षत्र का भी अद्भुत संयोग बन रहा है। हालांकि इस दिन भद्रा का साया भी रहेगा। हालांकि इस बार की भद्रा पाताल लोक में रहेंगी। इसलिए भद्रा का अशुभ प्रभाव मान्य नहीं होगा।

रक्षाबंधन पर राखी बांधन के लिए सबसे शुभ मुहूर्त हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा 18 अगस्त की रात को 2 बजकर 21 मिनट से लग जाएगी और अगले दिन 19 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। यानी कि रक्षाबंधन के दिन भ्रदा का साया रहेगा। लेकिन जानकार बता रहे हैं कि इस बार भद्रा पातल में रहेगी, इसलिए उसका उतना असर नहीं होगा और आप जब चाहें राखी बांध सकते हैं। लेकिन राखी बांधने का सबसे शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 4 बजकर 3 मिनट तक रहेगा। उसके बाद शाम में भी बहनें अपने भाइयों को 6 बजकर 39 मिनट से 8 बजकर 52 मिनट तक राखी बांध सकती हैं।

भाई व बहन के बीच प्यार और तकरार की दोस्ती

श्रावण माह की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है। यदि भाई और बहन एक समान उम्र के हैं तो उनमें प्यार और तकरार चलती रही है परंतु उन्हें एक दूसरे का दोस्त भी बनना चाहिए।

- आपका भाई या आपकी बहन आपके लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दोस्त साबित हो सकते हैं। आज के दौर में लड़की द्वार किसी अन्य से दोस्ती रखना खतरे का खेल भी है।
- भाई या बहन आपके सबसे अच्छे दोस्त तब साबित हो सकते हैं जबकि आप उनके साथ संवाद स्थापित करें और एक दूसरे का ध्यान रखें।
- भाई या बहन के साथ साथ आप अपने सुख-दु:ख बांटकर खुश रह सकते हैं।
- भाई ही बहन की मदद करने के लिए हरदम तैयार रहता है और बहन भी भाई की मदद के लिए सदा तत्पर रहती है।
- इस रक्षा बंधन पर भाई के हाथ में बांधें दोस्ती का सूत्र और भाई भी वचन के साथ दोस्ती का नेक दें।
- रक्षाबंधन का दिन ऐसा मौका है, जबकि भाई-बहन गिले-शिकवे भुलाकर आपसी प्यार को बांटते हैं।
- भाई की रक्षा के लिए बहनें उसकी कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी आयु की कामना करती हैं।
- भाई भी बहन को उपहार देकर उसके सुख-दु:ख में साथ देने का वचन देता है।
- इस अनूठे मौके पर अनोखा उपहार देकर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं।
- कभी कभार चल सकता है कि आप बाहर के लोगों के साथ भी समय बिताएं पर आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि अपने तो अपने होते हैं बाकी सब सपने होते हैं। इसीलिए परिवार के सदस्य एक दूसरे को ज्यादा से ज्यादा समय दें और उन्हीं के साथ घूमने फिरने जाएं।

सावन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हर साल रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस पर्व में अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा तिथि का होना जरूरी है, और भद्रा वर्जित है। पुराणों में भद्रा को सूर्य की पुत्री और शनि की बहन बताया गया है, और किसी भी शुभ कार्य की इसकी उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। रक्षा बंधन के दिन सुबह स्नान करके देवता, पितर, और ऋषियों का स्मरण किया जाता है। इसके बाद रक्षा सूत्र (राखी) को गाय के गोबर से लिपे शुद्ध स्थान पर रखकर विधिपूर्वक पूजा की जाती है। फिर रक्षा सूत्र को दाहिने हाथ में बंधवाया जाता है।

माता-पिता करें ये 10 कार्य, तो बनेगी भाई बहन में अच्छी दोस्ती

- भाई बहन के बीच किसी भी प्रकार का फर्क ना करें।
- दोनों को साथ ही खेलने और शिक्षा प्राप्त करने का मौका दें।
- कोशिश करें के वे साथ में बैठकर ही भोजन करें।
- वो साथ समय बिता सकें इसके लिए एक समय तय कर दें।
- वर्ष में एक या दो बार पूरा परिवरा सैर सपाटे के लिए बाहर जाएं।
- उन्हें एक दूसरे का खयाल रखना सिखाएं और एक दूसरे की मदद करना सिखाएं।
- उनके भीतर पारिवारिक भावना और टीम भावना का विकास करें।
- जब भी वो एक दूसरे के लिए कुछ अच्छा करें, उनकी प्रशांसा करें।
- एक दूसरे के जन्मदिन पर दोनों को ही कुछ करना सिखाएं।
- रक्षाबंधन के त्योहार को हर वर्ष कुछ स्पेशल करें या स्पेशल बनाएं।

रक्षाबंधन की तिलक थाली में क्या-क्या रखना है जरूरी?

रक्षाबंधन भाई-बहनों के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है जिसमें बहनें प्यार से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा करने का वादा करते हैं। साथ ही उन्हें उपहार देते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल यह त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा तो चलिए इस दिन से जुड़ी प्रमुख बातों को जानते हैं। रक्षा बंधन, जिसे राखी के नाम से भी जाना जाता है यह एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है, जिसका भारत में बहुत अधिक महत्व है। यह पर्व भाई-बहन के बीच के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन शब्द का अर्थ है - सुरक्षा का बंधन। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बहनें इस दिन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और बदले में भाई अपनी बहन की रक्षा करने की कसमें खाते हैं।

रक्षाबंधन की थाली में शामिल करें ये चीजें

रक्षाबंधन की थाली में रोली, अक्षत, हल्दी, नारियल, राखी, दीपक, मावा से बनी मिठाई या फिर खीर आदि चीजों को शामिल करें। ऐसा कहा जाता है कि इनके बिना पूजा अधूरी होती है। साथ ही इन सभी चीजों का थाली में होना आवश्यक होता है, क्योंकि यह पूजा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसा माना जाता है कि ये चीजें समृद्धि और शुभता का प्रतीक है, जिसे शामिल करने से भाई के जीवन में सौभाग्य और खुशहाली आती है।

सावन पूर्णिमा के दिन करें ये खास उपाय, मिलेगा लक्ष्मी-नारायण का आशीर्वाद

श्रावण पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे सावन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह दिन भगवान शिव को समर्पित होता है और इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि श्रावण मास भगवान शिव को प्रिय होता है और इस महीने में की गई पूजा का विशेष फल मिलता है।

श्रावण पूर्णिमा के दिन भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रावण पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं और मन शुद्ध होता है। अब ऐसे में सावन पूर्णिमा के दिन कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन्हें करने से व्यक्ति को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

दांपत्य जीवन सुखमय के लिए उपाय

अगर आप चाहते हैं कि आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहे, तो सावन पूर्णिमा के दिन हाथी की मूर्ति खरीदकर लाएं और इसे अपने बेडरूम के टेबल पर रखें। इससे दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा और उत्तम फलों की प्राप्ति होती है।

शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए उपाय

शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए सावन पूर्णिमा के दिन अन्न दान करें और भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप विधिवत रूप से करें। ऐसा करने से शत्रुओं से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय

कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्ति के लिए सावन पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें और उन्हें पीले मिठाई का भोग लगाएं। ऐसा करने से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है।

आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए उपाय

अगर आपको हमेशा आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है, तो सावन पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की पूजा करें और उन्हें सफेद मिठाई का भोग लगाएं। साथ ही माता लक्ष्मी के स्तोत्र का जाप करें। ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके अलावा इस दिन चांदी से संबंधित कोई चीज खरीदें और माता लक्ष्मी को अर्पित करें। ऐसा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है।

सावन पूर्णिमा के दिन इन चीजों के दान से मनोकामनाएं होंगी पूर्ण

सावन पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक बहुत ही महत्वपूर्ण और पवित्र त्योहार है। यह दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन शिव भक्त पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। पूर्णिमा के दिन यह कृपा और भी बढ़ जाती है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और दान करने से पापों का नाश होता है। सावन पूर्णिमा के दिन भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

सावन पूर्णिमा के दिन करें अन्न दान

सावन पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। सावन पूर्णिमा के दिन अन्न दान करना उत्तम माना गया है। इसलिए सावन पूर्णिमा के दिन अन्न दान जरूर करें।

सावन पूर्णिमा के दिन करें गुड़ दान

सावन पूर्णिमा के दिन गुड़ का दान करने उत्तम माना गया है। इस दिन गुड़ का दान करने से व्यक्ति को कभी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है और अक्षय फल की भी प्राप्ति होती है।

सावन पूर्णिमा के दिन करें तिल का दान

सावन पूर्णिमा के दिन तिल का दान करने से ग्रहदोष से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही व्यक्ति को कभी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। ऐसी मान्यता है कि तिल का दान करने से पितृदोष दूर होता है और पितरों को मुक्ति मिलती है। तिल को धन का प्रतीक माना जाता है। इसलिए, तिल का दान करने से धन में वृद्धि होती है।

सावन पूर्णिमा के दिन करें सफेद चीजों का दान

सावन पूर्णिमा के दिन सफेद चीजों का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, सफेद चीजों का दान करने से पितृदोष दूर होता है और पितरों को शांति मिलती है। साथ ही उत्तम परिणाम भी मिलते हैं।

रक्षाबंधन के बाद कब खोलनी चाहिए राखी? उसे कहां पर रखें?

रक्षाबंधन का त्योहार भाई और बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है. इस दिन शुभ मुहूर्त के समय में बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं. राखी बांधने के लिए भी शुभ समय की प्रतीक्षा की जाती है, ताकि वह भाई के सुख, समृद्धि और उन्नति में सहायक हो. रक्षाबंधन के दिन राहुकाल और भद्रा का त्याग किया जाता है. राहुकाल और भद्रा दोनों ही अशुभ होते हैं. राखी बांधने के लिए उस समय का चयन करते हैं, जिसमें भद्रा और राहुकाल न हो. रक्षाबंधन पर बांधी गई राखी को भाई अपनी कलाई पर कई दिनों तक बांधें रखते हैं, कुछ तो पूरे साल तक बांधें रखते हैं. क्या पूरे साल राखी बांधें रखनी चाहिए? रक्षाबंधन के बाद राखी कब खोल देनी चाहिए?

रक्षाबंधन पर राखी बांधने का मुहूर्त

इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त सोमवार को है. इस बार रक्षाबंधन पर राखी बांधने का शुभ समय दोपहर में 1.30 बजे से रात 9.08 बजे तक है. रक्षाबंधन को सुबह में राखी बांधने का मुहूर्त नहीं मिल रहा है क्योंकि सुबह में भद्रा है. यह भद्रा पाताल की है.

कब खोलनी चाहिए राखी?

ज्योतिषाचार्य भट्ट का कहना है कि रक्षाबंधन का त्योहार सावन पूर्णिमा को मनाते हैं. उस दिन जब आपकी कलाई पर राखी बांध दी जाए तो उसे कम से कम 24 घंटे तक बांधे रखें. 24 घंटे यानी एक दिन बीत जाने पर उस राखी को खोलकर उतार देना चाहिए. कई स्थानों पर लोग रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक राखी बांधे रखते हैं. उसके बाद उसे खोलकर रख देते हैं. राखी खोलने को लेकर कोई निश्चित दिन या समय नहीं है. शास्त्रों में भी इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है. इस वजह से लोग कई दिनों तक राखी बांधे रखते हैं. हालांकि शास्त्रों में शुद्धता का बड़ा महत्व है. यदि आप कई दिनों तक राखी बांधकर रखते हैं तो वह अशुद्ध हो जाता है, जिससे दोष लगता है. सावन पूर्णिमा के बाद भाद्रपद पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होता है, उस दौरान भी आप राखी बांधे रखते हैं तो वह अशुद्ध हो जाती है. अशुद्ध वस्तुएं नकारात्मक ऊर्जा पैदा करती हैं. इस वजह से भी राखी को एक दिन बाद उतार देना चाहिए.

रक्षाबंधन के बाद राखी का क्या करें?

अब आपके मन में सवाल होगा कि राखी को खोलने के बाद क्या करें? रक्षाबंधन के बाद राखी को खोलकर विसर्जित कर दें. उस राखी को अपने पास किसी बॉक्स में रख सकते हैं या फिर किसी देव वृक्ष पर बांध सकते हैं.

रक्षाबंधन के लिए कैसी हो राखी?

रक्षाबंधन के दिन बहनों को ऐसी राखी का चुनाव करना चाहिए, जो देखने में सुंदर, कच्चे धागे, रेशम आदि की बनी हो. प्लास्टिक से बनी राखी का उपयोग न करें. भूरे और काले रंग की राखी न बांधें. आजकल चांदी और सोने की राखी भी चलन में हैं, उसे भी बांध सकती हैं. हालांकि यह सभी के लिए संभव नहीं है.

आचार संहिता के बाद सीएम की पहली रैली, बोले चार अक्टूबर के बाद हांसी में बैठेगा डीसी

हांसी, एजेंसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी में म्हारा हरियाणा नॉन स्टाप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में कहा कि चुनाव के बाद सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। वे अभी अक्तूबर 2024 के लिए आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं। 4 अक्टूबर को हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने आजादी में शामिल हांसी बलिदानियों को नमन किया और कहा कि हांसी का इतिहास गौरवशाली रहा है। मुख्यमंत्री बोले हम भ्रष्टाचारियों का सुपड़ा साफ करने का काम करेंगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कुछ काम तो किया नहीं जिनकी बही खाते फटे पड़े हैं। वे जब भी बोलते हैं उनके मुंह से भ्रष्टाचार निकलता है। वे हमसे हिसाब मांगने के लिए घूम रहे है। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 10 वर्षों में हांसी की तस्वीर बदलने का काम किया। इसी साल हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन का सम्पन्न हुआ है। 148 बी का निर्माण व हांसी को पुलिस जिला बनाने का काम भी इसी सरकार में हुआ है।

उन्होंने कहा कि आचार संहित के कारण वे घोषणा नहीं कर सकते परंतु 4 अक्टूबर के बाद हांसी में डीसी भी यहां पर बैठने का काम करेगा। उन्होंने हांसी में हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को गिनवाया। हांसी में खेल स्टेडियम का

निर्माण भी गिनवाया। सबका साथ सबका विकास के मुलमंत्र पर काम करवाया गया।

मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र हुड्?डा पर बोलते हुए कहा कि वे अपनी किताब उठा लाएं और बताएं कि उन्होंने कितने लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने भूपेंद्र हुड्?डा को भर्ती रोको गैग के नाम से बुलाया। जो लोग अब हिसाब मांगते घूम रहे हैं। 2014 से पहले प्रदेश में निराशा का माहौल था। नौकरियों में क्षेत्रवाद व भाई-भतीजा वाद का बोलबाला था।

पहले सरकारी योजनाओं का लाभ उन लोगों को पहुंचता था जिसकी पहुंच कांग्रेस के लोगों तक थी। आज सरकार द्वारा स्वयं योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिया जा रहा है। कांग्रेस ने लोगों को 100 गज के प्लाटों का लॉलीपॉप देने का काम किया था। उन्हें ना तो कागज दिए गए और कब्जा। परंतु आज कब्जा भी दिया गया और कागज भी दिए गए। साथ ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया कि जिन्हें 100 गज का प्लाट नहीं मिला उन्हें 4 के बाद 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे।

कांग्रेस करती है कमीशन मोड पर कामः

विपक्ष के लोग लगातार झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करते हैं। इनका मुखौटा जल्द उतरेगा। ये लोग कमीशन मोड पर काम करते हैं। जबकि हम मिशन मोड में काम करते हैं। वे लोग हिसाब मांग रहे हैं जिन्होंने सीएलएयू के नाम पर हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार करने का काम किया है। कांग्रेस को हमारी ई गर्वनस की नीति से बहुत ज्यादा एलर्जी है। उनका पेट खराब हो रहा है। जब मेरा करनाल से नाम घोषित हुआ था तो कांग्रेस का पेट खराब हो गया था। करनाल के लोगों ने चंडीगढ़ भी कमल का फूल भेजने का काम किया था और दिल्ली में भी। मैं आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं ताकि मैं प्रदेश को और विकास की गति पर आगे बढ़ा सकूं।

हांसी जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने अन्नदाताओं की सभी फसलों के एक-एक दाने को एमएसपी पर खरीदने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा किसान हितैषी कोई नहीं है और हरियाणा के हमारे किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के साथ है यह हमारे लिए खुशी की बात है।

कांग्रेस पर हमलावर होते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसने किसानों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि हमारे किसान अब दो-दो रुपए का चेक देने वाले व जमीन लूट कर बिल्डरों को सौंपने वाले हुड्डा पिता-पुत्र और सीएलयू गैंग के झांसे में नहीं आने वाले हैं। रैली के दौरान डीपी वत्स, मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, धर्मबीर रतेरिया, छत्रपाल सिंह, कैप्टन भूपेंद्र सिंह, बरवाला से पूर्व विधायक वेद नारंग, अशोक ढालिया, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, राजपाल यादव, गायत्री देवी, नेहा धवन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा कभी कानून तोड़कर कार्रवाई नहीं करती: अनिल विज

अंबाला, एजेंसी। हरियाणा में पिछले 10 साल से भाजपा सत्ता में है। इस दौरान इसने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जेल भेजने की बात कही। इस पर हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा कभी कानून तोड़कर कार्रवाई नहीं करती, मामला कोर्ट में विचाराधीन है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतर रही है। पंजाब व दिल्ली से नेता कमान संभाल रहे हैं। इस पर अनिल विज ने कहा आप का दिया बुझ चुका है। पंजाब और दिल्ली में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। विज ने कहा कि बुझा हुआ दीपक कभी जल नहीं सकता। दूसरे दीपक को जल रहा दीपक ही जला सकता है। ये बुझी हुई शमा है। बता दें कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में ही एक अक्टूबर को चुनाव होंगे और नतीजों की घोषणा 4 अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 90 में 73 सीटें सामान्य और 17 सीटें आरक्षित हैं। हरियाणा में 27 अगस्त को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। 20 हजार 629 पोलिंग बूथ हैं। 150 मॉडल पोलिंग बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा का चुनाव दुनिया में हमारी लोकतांत्रिक ताकत का प्रमाण है। इससे पहले, 2019 में हरियाणा में एक ही चरण में चुनाव हुआ था। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में 68.20 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

उद्धव ठाकरे का सपना केवल सपना ही रह जाएगा, कभी सीएम नहीं बनाएगी कांग्रेस- मिलिंद देवड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। शिवसेना (एकनाथ गुट) के सांसद मिलिंद देवड़ा ने शनिवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना, सपना ही रह जाएगा और कांग्रेस उन्हें कभी भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाएगी। देवड़ा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मालूम हो कि मिलिंद देवड़ा लंबे समय तक कांग्रेस में रहे हैं और उनकी गिनती गांधी परिवार के काफी करीब माने जाने वाले नेताओं में होती थी। लोकसभा चुनाव से पहले देवड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया था। ूत्रों के अनुसार, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद में उद्धव ठाकरे महाविकस अघाड़ी के साथ चले गए हैं। कल की घटना के बाद, यह स्पष्ट है कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना केवल सपना ही रह जाएगा। मैंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वे मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव का समर्थन नहीं करेंगे। वहीं, महायुति सरकार के सीएम पद के बारे में देवड़ा ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है और जल्द ही मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर घोषणा भी हो जाएगी। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे और अगर कांग्रेस या एनसीपी (एससीपी) के पास कोई चेहरा है, तो उद्धव समर्थन देने के लिए तैयार हैं। आज नागपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा, उद्धव ठाकरे को आगे आने की जरूरत नहीं है, वह 2019 में भी आगे नहीं आए, सभी ने मिलकर उन्हें सीएम बनाया। अब 2024 की बात करें तो उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि मैं सीएम बनूंगा, कल का भाषण सुनिए। अगर कांग्रेस एनसीपी के पास कोई चेहरा है तो उसे सामने लाएं।

अवैध संबंध से प्रेग्नेंट हुई विधवा महिला की अबॉर्शन से मौत, झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गया था प्रेमी

ग्रेटर नोएडा एजेंसी। ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली पुलिस ने 10 दिन पहले घर से लापता हुई एक विधवा महिला की मौत के मामले में सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, बुलंदशहर के डिबाई में स्थित एक अस्पताल में गर्भपात के दौरान महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के शव को छिपा दिया था। पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल महिला के प्रेमी और गर्भपात करने वाले डॉक्टर दंपती समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। महिला के बच्चे के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि 15 अगस्त को जेवर कोतवाली में एक युवक ने अपनी विधवा मां की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करवाया था।शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी मां 6 अगस्त से घर से लापता है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो कॉल डिटेल के जरिये पता चला कि पड़ोस में रहने वाले जमशेद नाम के एक युवक से महिला की सबसे अधिक बार बात हुई थी। पुलिस ने तुरंत जमशेद को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पुलिस पूछताछ में जमशेद ने बताया कि विधवा महिला से उसके अवैध संबंध थे। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिससे वह महिला गर्भवती हो गई थी। जमशेद ने बदनामी के डर से अपने एक साथी सद्दाम के साथ मिलकर विधवा महिला का गर्भपात कराने का प्लान बनाया।

जमशेद 6 अगस्त को महिला को बाइक पर बैठाकर अपने साथ डिबाई ले गया था। जहां सद्दाम के दोस्त मोनू और मोनू की भाभी गुड्डी देवी की मदद से डिबाई स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर मनोज और उसकी पत्नी मिथलेश और एक अन्य डॉक्टर राज बहादुर से विधवा महिला का गर्भपात कराया गया। गर्भपात के दौरान विधवा महिला की मौत हो गई। इसके बाद डर के कारण महिला के शव को जमशेद द्वारा अपने साथी सद्दाम, मोनू और गुड्डी देवी की मदद से 7 अगस्त को अनूपशहर के जंगल में नाले की झाड़ियों में छिपा दिया गया था। पुलिस ने जमशेद की निशानदेही पर मृतका के शव के अवशेषों को अनूपशहर के जंगल से 16 अगस्त को बरामद कर लिया। इस मामले में महिला के प्रेमी जमशेद, झोलाछाप डॉक्टर मनोज और उसकी पत्नी मिथलेश और राज बहादुर को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी के मुताबिक, विधवा महिला 8 माह की गर्भवती थी, गर्भपात के दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल, गर्भपात करने वाले आरोपी डॉक्टर झोलाछाप है। पुलिस की जांच में पता चला है कि वह फर्जी ढंग से अस्पताल चला रहे थे। पुलिस ने इनके स्टाफ को भी आरोपी बनाया है। इस घटना में अभी चार आरोपी फरार हैं।

ओडिशा में बिजली गिरने से 9 लोगों ने गंवाई अपनी जान, कई घायल

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिशा में आसमानी बिजली ने अपना कहर मचा रखा है। शनिवार को ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से एक नाबालिग लड़के सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि मरने वाले 9 लोगों में से मयूरभंज, बालासोर और भद्रक जिले में 2 लोग तो वहीं क्योंझर, ढेंकनाल और गंजम जिले में तीन लोगों की मौत हुई है। सीएम मोहन चरम माझी ने लोगों की मौतों पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मयूरभंज जिले में आदिवासी दंपत्ति लछ्मन मुर्मू और उनकी पत्नी साकार मुर्मू धान की रोपाई करने में लगे हुए थे, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के बाद, जैसे ही दम्पति सुरक्षित स्थान पर वापस जाने की कोशिश कर रहे थे, वे बिजली की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

बलौदाबाजार हिंसा में बड़ा ऐक्शन, कांग्रेस विधायक गिरफ्तार, पूर्व सीएम बघेल ने बताया राजनीतिक प्रतिशोध

दुर्ग/बलौदाबाजार, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार शहर में 10 जून को सतनामी समुदाय के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं, यादव ने बीजेपी सरकार पर आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि विधायक को दुर्ग जिले में उनके आवास से पकड़ा गया। उन्हें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के मुख्यालय बलौदाबाजार लाया गया, जहां उन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस विधायक पर पुलिस की कार्रवाई की बात फैलने के बाद यादव के कई समर्थक दुर्ग के भिलाई नगर इलाके में उनके आवास के बाहर एकत्र हुए और नारे लगाए। पार्टी का प्रभावशाली युवा चेहरा यादव भिलाई नगर निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी बार विधायक हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यादव को बलौदाबाजार आगजनी घटना में कोतवाली थाने में दर्ज एक मामले

के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। यादव को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 20 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि 15 की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा के पास सतनामी समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले पवित्र प्रतीक जैतखाम या विजय स्तंभ को तोड़ दिया था। 10 जून को इसके विरोध में सतनामियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने बलौदाबाजार शहर में एक सरकारी कार्यालय भवन और 150 से अधिक वाहनों को आग लगा दी थी। दशहरा मैदान में सतनामियों के प्रदर्शन के दौरान विधायक यादव सहित कांग्रेस नेता कथित तौर पर एक सार्वजनिक बैठक में शामिल हुए थे। 10 जून की आगजनी के सिलसिले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और भीम आर्मी के सदस्यों सहित लगभग 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए यादव ने कहा कि वह सरकार से नहीं डरते हैं और लोगों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बलौदाबाजार आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है। कहा कि सतनामी समाज के युवाओं और निर्दोषों के लिए आवाज उठाने पर सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यादव की गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। बघेल ने आरोप लगाया कि पूरी घटना में सरकार और पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष के कारण की गई है और हम इसका विरोध करते हैं।

हम कानूनी सुझाव लेंगे और उसके अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय करेंगे। विधायक यादव छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उजागर हुए कथित कोयला लेवी घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय और राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामलों में भी आरोपी हैं।

आरजी कर मामला : सुवेंदु अधिकारी का दावा, बदला गया था पीड़िता का विसरा

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि पिछले सप्ताह कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर का विसरा पुलिस ने जांच के नाम पर बदल दिया था। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें कुछ जानकारियां मिली हैं जो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के लिए काम की हो सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी को इसकी जांच करनी चाहिए। मैंने अपने विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों से जो जानकारी एकत्र की है, वह सीबीआई द्वारा की गई जांच के उद्देश्य से प्रासंगिक हो सकती है। 1. मृतका डॉक्टर का विसरा कोलकाता पुलिस द्वारा जांच के नाम पर बदल दिया गया है; 2. इस जघन्य अपराध और घटनास्थल में कई व्यक्तियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है; 3. खून से सने वस्तुओं को बाद में बदल दिया गया है और कोलकाता पुलिस द्वारा की गई जब्ती में जो दर्शाया गया है, वह वास्तविक सामान नहीं हैं, जिसे डीएनए परीक्षण द्वारा अच्छी तरह से पता लगाया जा सकता है; 4. वॉश बेसिन को हटाकर एक नया बेसिन लगाया गया है; 5. परिसर के किसी दूसरे कोने में डॉक्टर की हत्या करने के बाद शव को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में ले जाया गया। उन्होंने उम्मीद और भरोसा जताया है कि सीबीआई जांच के दौरान इन पहलुओं पर भी गौर करेगी, क्योंकि मामले को दबाने के लिए की जा रही औपचारिक जांच की कोलकाता के पुलिस आयुक्त सीधे निगरानी कर रहे थे और उनके निर्देश पर जांच की जा रही थी।

आस्था या अंधविश्वास; गाजियाबाद के शिव मंदिर में नंदी को दूध पिलाने उमड़ी भीड़

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद के हिसाली गांव में एक खबर जंगल में आग की तरह फैलने लगी कि मां दुर्गा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में नंदी बाबा दूध पी रहे हैं। बस फिर क्या था बड़ी संख्या में लोग दूध लेकर मंदिर पहुंचने लगे। आलम यह कि मंदिर के बाहर लोगों की लाइन लगनी शुरू हो गई। मां दुर्गा मंदिर के पंडित विजय कुमार ने बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे गांव निवासी महिला ममता मंदिर में पूजा के लिए आई थी।

बकौल पंडित विजय कुमार महिला ने मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में नंदी की प्रतिमा को चम्मच से दूध पिलाना शुरू किया। इसके बाद महिला ने यह बात पंडित विजय कुमार को बताई। फिर तो यह खबर गांव के लोगों के बीच पहुंच गई। लोगों ने जब सुना कि भगवान भोलेनाथ की सवारी नंदी दूध पी रहे हैं तो लोग लोटा, कटोरी चम्मच से नंदी को दूध पिलाने के लिए मंदिर की तरफ दौड़ पड़े।

फिर तो मंदिर के बाहर नंदी बाबा को दूध पिलाने के लिए शिवभक्तों की कतार लग गई। इस दौरान मंदिर परिसर में लगातार भगवान भोलेनाथ का जयकारा गूंजता रहा। लोग नंदी बाबा के मुंह पर दूध का चम्मच लगाते और वह खाली जाता। लोग इसे भगवान का चमत्कार मानने लगे। हालांकि कुछ

जागरूक युवकों ने लोगों को समझाने की कोशिशें भी की। प्रधान पुत्र राहुल सैन ने उनको जैसे ही यह जानकारी मिली तो उन्होंने मंदिर जाकर लोगों को समझाने की कोशिशें की। उन्होंने कहा कि भगवान को मन से मानिए और ऐसी बातों पर विश्वास न करें। बता दें कि देश में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ऐसे अंधविश्वास सामने आते रहे हैं। वैसे बता दें कि मूर्ति के दूध पीने को पहले भी कोई आधार नहीं मिला है। वैसे इससे पहले देश में हुई घटनाओं में पाया गया है कि यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है। यह सरफेस टेंशन की वजह से होता है। सरफेस टेंशन की वजह से जब किसी मूर्ति के सम्पर्क में दूध को लाया जाता है तब यह मूर्ति से हुए नीचे बहने लगता है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता का ध्यान रखना जरूरी : मुख्यमंत्री योगी

वाराणसी, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यहां श्रीराम लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी हिंदू अस्पताल में डायलिसिस विभाग का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के स्तर पर सभी 75 जनपदों में डायलिसिस की सुविधा किसी न किसी अस्पताल में प्रारंभ की गई है। सरकार निःशुल्क उपचार कराती है। बदले में संचालित करने वाले को प्रति डायलिसिस एक हजार रुपये उपलब्ध कराये जाते हैं। उन्होंने कहा, पैसा बहुत महत्व नहीं रखता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता को जरूर ध्यान में रखें।

सीएम ने अस्पताल में डायलिसिस सुविधा प्रारंभ करने के लिए ट्रस्ट के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल भी जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि

बाबा विश्वनाथ की नगरी में 108 वर्ष से जनता-जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित यह अस्पताल सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। चैरिटी क्षेत्र में इतने लंबे समय तक कार्य करना सामान्य बात नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि 1916 काशी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना का वर्ष है। यह भारतीय स्थापत्य, ज्ञान परंपरा, अभियांत्रिकी, भारत की आयुष व आधुनिक चिकित्सा पद्धति को लेकर मालवीय जी के सपनों को साकार करने वाला केंद्र है, जो देश-दुनिया को आकर्षित करता है। इस वर्ष महात्मा गांधी काशी आए थे और बाबा विश्वनाथ मंदिर का दर्शन किया। इसी वर्ष यहां हिंदू अस्पताल भी प्रारंभ हुआ। उस समय संस्थापकों ने जिस भाव के साथ चैरिटी हॉस्पिटल प्रारंभ किया था, उसी भावना के अनुरूप आज भी यह कार्य होना स्वागत योग्य है। सीएम योगी ने कहा कि आधुनिक खान-पान और प्रदूषण के बढ़ते दुष्प्रभाव, रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग और खानपान की सभी वस्तुओं में मिलावट की हद से अधिक सीमा व्यक्ति के ऑर्गन (किडनी, हर्ट, लंग्स) को प्रभावित कर रही है। युवा शुगर और ब्लड प्रेशर से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियों में 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा देना चैरिटी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में फ्री यात्रा

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा की सुविधा रहेगी। सरकार की ओर से 19 अगस्त को महिलाओं और बालिकाओं के लिए राजस्थान रोडवेज बसों में फ्री यात्रा के आदेश जारी किए गए हैं। रक्षाबंधन के दिन प्रदेश की सीमाओं में कहीं भी महिलाएं निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। 1 दिन के लिए निशुल्क सुविधा रहेगी। राजस्थान रोडवेज की समस्त श्रेणी की बसों (वातानुकूलित, वॉल्वो और अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसों के अतिरिक्त) में राजस्थान राज्य की सीमा में निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को निशुल्क बस सुविधा के व्यय का पुनर्भरण राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क यात्रा पुनर्भरण मद में उपलब्ध प्रावधान में से किया जाएगा।

रोडवेज अधिकारियों के मुताबिक 19 अगस्त को राजस्थान रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में महिलाओं और बालिकाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा दी गई है। वातानुकूलित, वॉल्वो और अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसों में यात्रा फ्री नहीं होगी। राजस्थान की सीमा में ही निशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। राजस्थान से बाहर जाने के लिए टिकट चार्ज देना पड़ेगा। 18 अगस्त रात 12:00 से 19 अगस्त रात 11:59 बजे तक महिलाओं और बालिकाओं के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा रहेगी। रक्षाबंधन के अवसर पर रोडवेज की बसों में ज्यादा भीड़ रहती है. महिलाएं अपने पीहर जाने के लिए अलसुबह से ही सिंधी कैंप बस स्टैंड पर पहुंचती है, जहां पर लंबी कतारें भी देखने को मिलती है।

वर्ल्ड कप में नहीं होगी भारत-पाकिस्तान की टक्कर, ICC का चौंकाने वाला फैसला

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी का टूर्नामेंट हो और भारत-पाकिस्तान के बीच टक्कर ना हो, ऐसा सुनने में थोड़ा अजीब लगता है. लेकिन चौंकिए मत, क्योंकि अब ऐसा होने जा रहा है. आईसीसी ने हैरान करने वाला फैसला लिया है. 2025 में महिला क्रिकेट का अंडर-19 वर्ल्ड कप होने वाला है. इस टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला नहीं होगा. आईसीसी ने दोनों टीमों को अलग-अलग ग्रुप में रखा है. इस फैसले पर किसी को भी यकीन नहीं हो रहा है, क्योंकि दोनों देश के बीच सालों से राइवलरी चली आ रही है. फैंस भी इस मैच का बेसब्री से इंतजार करते हैं. आईसीसी इसका फायदा व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए उठाती है और अपने हर टूर्नामेंट में टीम इंडिया और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखती है. हालांकि, इस बार ऐसा नहीं होगा.

16 टीमें हिस्सा लेंगी, समोआ का डेब्यू

महिला क्रिकेट की अंडर-19 वर्ल्ड कप की शुरुआत 18 जनवरी 2025 से होगी, जिसकी मेजबानी मलेशिया करेगा. 2023 की तरह इस बार भी 16 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं. 18 जनवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 41 मैच होंगे. इसका फाइनल मुकाबला 2 फरवरी को खेला जाएगा. सभी टीमें 13 से 16 जनवरी के बीच वॉर्म अप मैच खेलेंगी. वहीं समोआ की टीम पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट में डेब्यू करने जा रही है. इससे पहले समोआ ने किसी भी एज ग्रुप में कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं खेले हैं. बता दें थाईलैंड पहले इस टूर्नामेंट को को-होस्ट करने वाला था, लेकिन बाद अपना नाम वापस ले लिया.

अरशद नदीम के सम्मान में कई ओलंपियन का किया गया अपमान?

निमंत्रण रद्द करने का लगा आरोप

कराची, एजेंसी। नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 में लॉस एंजिलिस में हॉकी में ही जीता था। नदीम से पहले ओलंपिक का पिछला पदक भी पाकिस्तान की हॉकी टीम के नाम है। टीम ने 1992 में कांस्य पदक जीता था।

पाकिस्तान सरकार ने पेरिस ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित किया, लेकिन इसमें भी विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान के पूर्व हॉकी खिलाड़ी राव सलीम नाजिम ने दावा किया कि पाकिस्तान सरकार ने नदीम के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के निमंत्रण को अतिथि प्रबंधन के नाम पर वापस लेकर कई ओलंपियन का अपमान किया है। नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान का पिछला ओलंपिक पदक 1992 के बार्सीलोना खेलों में हॉकी का कांस्य पदक था। उनके थ्रो ने आसानी से नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के 200 बीजिंग ओलंपिक में बनाए गए 90.57 मीटर के पिछले ओलंपिक रिकॉर्ड को पार कर लिया। पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 में लॉस एंजिलिस में हॉकी में ही जीता था। नदीम से पहले ओलंपिक का पिछला पदक भी पाकिस्तान की हॉकी टीम के नाम है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विराट के 16 साल पूरे

- 18 अगस्त के दिन किंग कोहली ने किया था डेब्यू

नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली ने 16 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था. कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला था. उन्होंने वनडे ज़रिए इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था. करियर के शुरुआत से ही किंग कोहली ने अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर उन्हें क्रिकेट के किंग होने का खिताब मिला.

अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने के बाद विराट कोहली ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया में पैर जमाए और अपनी जगह पक्की की. फिर धीरे-धीरे उन्हें कप्तान के रूप में देखा जाने लगा. फिर एमएस धोनी के बाद कोहली को तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का कप्तान नियुक्त किया गया. कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं. वनडे के ज़रिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाले किंग कोहली ने धीरे-धीरे तीनों फॉर्मेट की टीम में अपनी जगह बनाई. 2010 में उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया और फिर 2011 में किंग कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा. तीनों फॉर्मेट की टीम में जगह बनाने के बाद कोहली ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.

टी20 इंटरनेशनल को कह चुके हैं अलविदा

टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतते ही विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया था. उन्होंने इस बात पर ज़ोर देते हुए फॉर्मेट से संन्यास का एलान किया था कि अब युवाओं को मौका देने की बारी है.

अब तक ऐसा रहा अंतर्राष्ट्रीय करियर

गौरतलब है विराट कोहली ने अब तक अपने करियर में 113 टेस्ट, 295 वनडे और 125 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं. टेस्ट की 191 पारियों में उन्होंने 49.15 की औसत से 8848 रन बना लिए हैं. टेस्ट में किंग कोहली के बल्ले से 29 शतक और 30 अर्धशतक निकल चुके हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254* रनों का रहा है.

इसके अलावा वनडे की 283 पारियों में उन्होंने 58.18 की औसत से 13906 रन बना लिए हैं, जिसमें 50 शतक और 72 अर्धशतक शामिल हैं. बाकी टी20 इंटरनेशनल की 117 पारियों में किंग कोहली ने 48.69 की औसत और 137.04 के स्ट्राइक रेट से 4188 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 38 अर्धशतक शामिल रहे.



संन्यास के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं विनेश फोगाट

नई दिल्ली, एजेंसी। विनेश ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया था और फाइनल में पहुंचने में सफल रही थीं। विनेश पहली भारतीय पहलवान थीं जो ओलंपिक फाइनल तक पहुंची हैं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था।

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक के बाद अपने संन्यास लेने के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य करार दिए जाने के बाद अचानक से कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला किया था। विनेश ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया था और फाइनल में पहुंचने में सफल रही थीं। विनेश पहली भारतीय पहलवान थीं जो ओलंपिक फाइनल तक पहुंची हैं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था।

संन्यास को लेकर क्या बोलीं विनेश?

विनेश ने कहा कि वह अपने संन्यास के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं। उन्होंने हालांकि इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं बोला, लेकिन आश्वासन दिया कि उनकी लड़ाई जारी रहेगी। विनेश ने कहा, ओलंपिक पदक से चूकना एक गहरा जख्म है जिससे उबरने में समय लगेगा। लेकिन मैं देशवासियों, परिवार और गांव वालों का धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया और इस दुख से उबरने में मेरी मदद की। मुझे लगा कि मैं कुश्ती छोड़ दूंगी, लेकिन फिलहाल कुछ नहीं कह सकती कि मैं कुश्ती छोडूंगी या इसे जारी रखूंगी। आपने मुझे जो भी साहस दिया है, उसे मैं सही दिशा में ले जाना चाहती हूं। हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। मैंने अभी इसका एक हिस्सा पार किया है लेकिन वह भी पूरा नहीं हो सका। यह एक लंबी लड़ाई है, हम पिछले एक साल से इसे लड़ रहे हैं और यह जारी रहेगी। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सत्य की जीत हो।

खेल पंचाट में अपील हुई खारिज

विनेश ने अयोग्य करार दिए जाने के फैसले के खिलाफ खेल पंचाट (सीएएस) में अपील की थी। विनेश ने अपनी अपील में उन्हें संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी। हालांकि, उनका यह प्रयास भी काम नहीं आया क्योंकि खेल पंचाट ने उनकी अपील खारिज कर दी थी जिससे उनका पदक जीतने का सपना टूट गया था।

स्वदेश पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

पदक से चूकने के बावजूद विनेश का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया था। दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार को उनके प्रशंसकों ने विनेश का जोरदार स्वागत किया। विनेश खुली कार में सवार होकर प्रशंसकों का अभिवादन करती रहीं और प्रशंसकों ने उन पर फूलों की बौछार की।

हरियाणा में अपने गांव पहुंचने पर विनेश का सम्मान किया गया जहां उन्होंने स्वीकार किया कि ओलंपिक में पदक से चूकना एक गहरा घाव है जिससे उबरने में समय लेगा।

अदिति अशोक महिला स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं

इर्विन (स्कॉटलैंड), एजेंसी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। लेडीज यूरोपीय टूर पर 5 बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। अदिति स्कॉटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकीं हैं जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। ऑस्ट्रेलिया की मिनजी ली (तीन अंडर 69) और मेगान खेंग आठ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया गोल्फ लीजेंड्स के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर हैं।

भारत में अगले हफ्ते लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता की मेजबानी करने वाले जीव ने एक बर्डी और एक बोगी की जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। साइमन खान ने पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है और वह लीजेंड्स टूर पर पहली जीत दर्ज करने की ओर बढ़ रहे हैं।

प्रीमियर लीग

आर्सेनल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान, वॉल्व्स को 2-0 से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। इस मुकाबले में आर्सेनल शुरुआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। आर्सेनल ने शनिवार को वॉल्व्स पर 2-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। साका ने एक गोल किया और काई हैवर्टज को ओपनर के लिए तैयार किया, जिससे गनर्स ने पहले सप्ताहांत में बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने शुरुआत में हाथ-पांव मारे लेकिन गैरी ओनील की सेना वापसी करने से चूक गई। इस मुकाबले में आर्सेनल शुरुआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। साका ने 19वें मिनट में एक बार फिर सा को चुनौती दी।

वॉल्व्स ने अपना खेल आगे बढ़ाया। दरअसल, बेलेगार्डे का फ्रीकिक बार के ऊपर चला गया था। इस स्थिति में 36वें मिनट में जॉर्गेन लार्सन ने एक स्पष्ट हेडर लगाया, जिसे डेविड राया ने बचाया। आर्सेनल के पास 44वें मिनट में 2-0 का स्कोर बनाने का मौका था, जब मार्टिनेली का शॉट ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने अपनी हीट बढ़ा दी क्योंकि मेजबान टीम निश्चित रूप से बैकफुट पर थी। 62वें मिनट में ऐट-नूरी का शॉट चूक गया जिससे राया को परेशानी का सामना करना पड़ा। 68वें मिनट में जब डिफेंस ने मैथ्यूस कुन्हा को गेंद पर कब्जा दिया तब आर्सेनल लगभग हार ही गया था।

साउथ अफ्रीका ने 40 रन से जीता दूसरा टेस्ट

वेस्टइंडीज से सीरीज 1-0 से जीती, केशव महाराज रहे प्लेयर ऑफ सीरीज

गयाना, एजेंसी। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज के दूसरे और आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रन से हर दिया। साउथ अफ्रीका ने 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली है। पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर यह लगातार 10वीं टेस्ट सीरीज जीत है। स्पिनर केशव महाराज प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 13 विकेट लिए।

गुयाना में वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में जीत के लिए साउथ अफ्रीका की ओर से 263 रन का टारगेट मिला, लेकिन पूरी टीम 66.2 ओवर में 222 रन ही बना सकी। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 160 रन पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 246 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 144 रन बनाए थे।

इस जीत से साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है। टीम के पास 38.89त्न अंक हैं।

खराब रही विंडीज की शुरुआत

जीत के लिए 263 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर माइकल लुईस 4 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद कप्तान क्रैग ब्रेथवेट ने कैसी कार्टी के साथ मिलकर पारी को संभाला और स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया, लेकिन 54 के स्कोर पर ब्रेथवेट 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जल्दी ही कार्टी भी मुडलर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 17 रन बनाए।

पैट कमिंस लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्रिकेट

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने लंबे समय के लिए क्रिकेट से किनारा कर लिया है. क्रिकेट से ये दूरी उन्होंने अपने वर्कलोड को मैनज कर खुद को तरोताजा करने के लिए बनाई है. खबर है कि कमिंस 7 से 8 हफ्ते क्रिकेट खेलते नहीं दिखेंगे. इंग्लैंड और स्कॉटलैंड दौरे की ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी उनका सेलेक्शन इसी वजह से नहीं हुआ है. यानी, कमिंस का इरादा अब सीधे भारत के खिलाफ नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी करने का है.

क्रिकेट फील्ड पर कमिंस ने अपना आखिरी मैच पिछले महीने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में खेला था. फॉक्स स्पोर्ट्स से बातचीत में कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले वर्कलोड को मैनेज करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि वो लगभग 18 महीने से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं. ऐसे में 7-8 हफ्ते आराम की जरूरत है ताकि शरीर को रिकवर कर तरोताजा होने का टाइम मिल सके.

अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी ने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला ञ्20 वर्ल्ड कप 2025 के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित किया। दुनिया भर की सोलह टीमें 41 मैचों के इस आयोजन में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 18 जनवरी से होगी और फाइनल 2 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले 13 से 16 जनवरी तक 16 अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे। यह महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप का दूसरा संस्करण है। भारत ने पहले संस्करण को अपने नाम किया था। भारतीय टीम अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज से खेलेगी।

ऋषभ पंत की टीम हारी, आयुष बडोनी की कप्तानी पारी

पुरानी दिल्ली के खिलाफ साउथ दिल्ली ने चेज किया 198 का टारगेट

नईदिल्ली, एजेंसी। कप्तान आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य के शानदार अर्धशतक की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने शनिवार (18 अगस्त) को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के पहले सीजन के पहले मैच में ऋषभ पंत की अगुआई वाली पुरानी दिल्ली 6 को तीन विकेट से हरा दिया। अर्पित राणा के 41 गेंदों पर 59 और वंश बेदी के 19 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में 197/3 का स्कोर बनाया।

इसके बाद साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारी की शुरुआत काफी तेज की। ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्य और सार्थक रे की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत उन्होंने पावरप्ले में 73 रन बनाए। 26 गेंदों पर 41 रन बनाने वाले रे को सातवें ओवर में

शिवम शर्मा ने कॉट एंड बोल्ड कर दिया, जबकि आर्य ने 12वें ओवर में 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

आयुष बदोनी ने लगातार चार छक्के लगाए

कप्तान आयुष बदोनी ने सावधानी से अपनी पारी की शुरुआत की थी। उन्होंने अंकित भड़ाना की गेंदों पर लगातार चार छक्के लगाए। इससे टीम का स्कोर 140/1 हो गया। आर्य 30 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाने के बाद अगले ओवर में शर्मा की गेंद पर अर्पित राणा के हाथों कैच आउट हो गए। ध्रुव सिंह (2 गेंदों पर 1 रन) फिर प्रिंस यादव की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए। बदोनी ने 14वें ओवर में 25 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे गेंद और रन का अंतर काफी कम हो गया। 36 गेंदों पर 38 रन चाहिए थे।

पुरानी दिल्ली 6 ने जल्दी-जल्दी चार विकेट चटकाए

हालांकि,मैच में फिर रोमांच आया। पुरानी दिल्ली 6 ने जल्दी-जल्दी चार विकेट चटकाए। बदोनी (29 गेंद पर 57) और तेजस्वी (1 गेंद पर 0) 15वें ओवर में आउट हो गए। कुंवर बिधूड़ी (7 गेंद पर 5) 17वें ओवर में और सुमित माथुर (10 गेंद पर 9) 18वें ओवर में आउट हो गए।

एक नजर

मां-बेटी को अनियंत्रित हाईवा ने रौंदा, मौत

औरंगाबाद (का.सं.)। में रविवार को दोपहर बाद हुए भीषण सड़क हादसे में भाई के लिए राखी खरीद कर घर लौट रही मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि चाचा-भतीजी गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग(एनएच)-139 पर कुटुम्बा थाना क्षेत्र में लभरी परसावां के पास की है। अनियंत्रित हाईवा ने राखी खरीद लौट रही मां-बेटी को रौंदा, दर्दनाक मौत-बताया जाता है कि अनियंत्रित हाइवा वे चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटी की दर्दनाक मौत हुई है। वहीं चाचा-भतीजी गंभीर रूप से घायल हुई है। दोनों राखी की खरीदारी कर अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान एन.एच-139 पर कुटुम्बा थाना क्षेत्र में लभरी परसावा के पास अनियंत्रित हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चाचा-भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतकों की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा गांव निवासी हरेंद्र पासवान की पत्नी सोनम देवी व उनकी दो वर्षीया पुत्री अनुष्का कुमारी के रूप में की गई हैं। हादसे में मृतका सोनम की तीन वर्षीया पुत्री परी कुमारी और देवर कुंदन कुमार भी घायल हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर कुंदन ही अपनी भाभी व दोनों भतीजी को राखी की खरीदारी कराने बाइक से लेकर अम्ब बाजार आया था। राखी की खरीद के बाद सभी बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लभरी परसावां गां१के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित हाईवा ने बाइक को रौंद डाला, जिससे मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चाचा-भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल चाचा-भतीजी को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया है, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है। हादसे की जांच में जुटी-हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। वही हादसे की सूचना मिलते ही अम्बा और कुटुम्बा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हैं। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके घर पर मातम पसरा है।

डीएम-एसपी ने लिया सिपाही भर्ती परीक्षा का जायजा

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने रविवार को संयुक्त रूप से केंद्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती) सिपाही संवर्ग परीक्षा के सुचारू एवं कदाचार मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए स्वंय भ्रमणशील रह कर परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों,कर्मियों, दंडाधिकारीयों के कर्तव्य निर्वहन का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना है। पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नवनिर्मित शिव मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई। थाना में पदस्थापित एसआई पवन कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी लवली कुमारी ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की। इस दौरान पुरोहित विवेक मिश्रा, अटल बिहारी मिश्रा, मनोज कुमार पांडेय, अशोक मिश्रा, सुरेंद्र त्रिपाठी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना शुरू किया।

अंग्रेजी व्याख्याता के निधन से कालेज कर्मियों व छात्रों में शोक की लहर

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज के डॉ. विजय सिंह महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त अंग्रेजी व्याख्याता 65 वर्षीय प्रो. रविंद्र सिंह के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय के कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों में शोक की लहर है। महाविद्यालय के प्रोफेसर अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से वें बीमार चल रहे थे लेकिन गंभीर नही थे। शनिवार को रफीगंज के कासमा रोड स्थित निजी आवास पर आकस्मिक हो गया। रफीगंज के पूर्व वें औरंगाबाद के किशोरी सिन्हा महाविद्यालय में कार्यरत थे। 1990 में वें रफीगंज महाविद्यालय में आए थे और क्षेत्र में अंग्रेजी के प्रख्यात विद्वान थे। उनके पढ़ाए सैकड़ों छात्र प्रमुख पद पर है।उनके निधन पर महाविद्यालय के प्रोफेसर मिथलेश सिंह, रामानुज सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, कृष्णा सिंह, कर्मचारी बुलू सिंह, छात्र संजय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, पुकार सिंह, अनुज सिंह, मंटू सिंह, समाजसेवी संतोष साहू, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, सुचित मिश्र, अरूण सिंह, कपिल मिश्र, बिट्टू सिंह सहित अन्य कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में तीन लोग जख्मी

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अकौना गांव में जमीन विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग जख्मी हो गए। तीनों भाई हैं। जिनको परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल में समर यादव के बेटे देवेंद्र कुमार, समरेश यादव और राजेंद्र यादव शामिल है। घायल देवेंद्र यादव ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 से 7:00 बजे के आसपास गांव के कुछ पड़ोसी मेरे घर के दरवाजा पर आए। जमीन विवाद को लेकर गली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव में आए मेरे भाई समरेश यादव और राजेंद्र यादव को पीट कर घायल कर दिया। देवेंद्र ने कहा कि मैं अपनी जमीन पर नापी कराकर मारपीट करने वाले आरोपियों के घर के बगल में घर बनाया हूं। उक्त जमीन की कागजात भी मेरे पास है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग घायल हुए हैं, लेकिन इलाज करवाने के लिए सदर अस्पताल नहीं पहुंचे थे। मुफस्सिल इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिली है, लेकिन किसी पक्ष ने आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

स्कूली बच्चियों ने पुलिसकर्मियों को बांधा राखी

निज संवाददाता | अम्बा (औरंगाबाद)

अम्बा एक निजी विद्यालय के छात्राओं ने शनिवार को अंबा थाना परिसर में जाकर पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने पुलिस जवानों को तिलक लगा कर आरती उतारी और फिर रक्षा सूत्र बांधकर भाई का कर्तव्य याद दिलाया। बहनों ने पुलिस भाइयों को मिठाई भी खिलाई. वहीं पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने आजीवन भाई होने का फर्ज निभाना का संकल्प लिया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि बहनों का यह प्यार आजीवन याद रहेगा। विद्यालय के सीईओ वीरेंद्र कुमार एवं प्राचार्य आकांक्षा सिंह के नेतृत्व में दर्जनों छात्राएं कार्यक्रम की हिस्सा बनी जिसमें दिव्या कुमारी शबाना फातिमा अनन्या कुमारी नैंसी कुमारी मेघा वर्मा श्रुति पाठक प्रतिज्ञा कुमारी संध्या कुमारी प्रिया कुमारी पल्लवी कुमारी उनती कुमारी पम्मी कुमारी आदि का नाम शामिल है। रक्षाबंधन के 2 दिन पूर्व बहनों से प्यार पाकर पुलिस जवानों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष राहुल राज ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार आते ही बहनों की याद सताने लगती है। ड्यूटी पर रहने के कारण अक्सर रक्षाबंधन में हम सभी पुलिस कर्मियों की कलाई सूनी रह जाती है। इस बार भी रक्षाबंधन पर बहनों की यादें आ रही थी। इस बीच त्योहार के दो दिन पूर्व ही दर्जनों की संख्या में बहनों ने कलाई पर रेशम का धागा बांधकर बहनों की कमी को पूरा कर दिया है। बहनों का यह प्यार हमेशा याद रहेगा। हम सभी पुलिसकर्मी समाज के सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं इसके साथ ही बहनों की सुरक्षा के लिए भाई बनकर खड़ा रहूंगा। उन्होंने नए कानून से भी छात्राओं को अवगत कराया। इस मौके पर शिक्षक जितेंद्र कुमार श्वेता सिंह नेहा कुमारी खुशबू पांडे प्रीति मिश्रा आदि थे।

अंजलि सेवा संस्थान की बैठक 20 को

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। अंजलि सेवा संस्थान द्वारा अंजलि की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक डिंडिर गांव में 20 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे दुर्गा स्थान के समीप आयोजित की जाएगी। बैठक में अंजलि की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजनों की योजना बनाई जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष अलखदेव प्रसाद अंचल ने कहा कि बैठक में सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे समय पर उपस्थित रहें और आयोजनों की योजना में भाग लें।

खंभे से गिरकर विद्युतकर्मी हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

बिजली का कार्य कर रहा एक बिजली मिस्त्री खंभे से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल औरंगाबाद वियारडा स्थित विद्युत ग्रीड में कार्यरत है। घायल की पहचान पश्चिम बंगाल के सोभा नगर जिला के मिलकी थाना क्षेत्र मालदह गांव निवासी मो. शेख इंतयाज के 30 वर्षीय पुत्र एसके मिंटू है। घटना औरंगाबाद-पटना पथ जसोइया मोड़ स्थित वियारडा कैंपस की है। औरंगाबाद सदर अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टर अमृत कुमार ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। डॉ. अमृत कुमार ने बताया कि घायल को गंभीर चोट है। सिर में अधिक चोटें आई हैं। सिटी स्कैन कराया गया है। विद्युत कर्मी लगातार बेहोश हो रहा है। होश में आने के बाद घायल एसके मिंटू ने बताया कि 2 दिन पहले गांव (पश्चिम बंगाल) के टिंकू सिंह के साथ औरंगाबाद में आकर बिजली का कार्य कर रहे थे। सुबह में पावर सब स्टेशन वियारडा में बिजली का कार्य करने के लिए खंभे के पास सीढ़ी लगाकर चढ़ा। इसी दौरान हादसा हो गया।

पाताल गंगा महोत्सव आयोजन समिति गठित

देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)। देव के पाताल गंगा की धार्मिक महता के प्रचार प्रसार के उदेश्य से पाताल गंगा महोत्सव के आयोजन क्रो लेकर रविवार को पाताल गंगा मठ परिसर में एक बैठक जनेश्वर विकास केंद्र के तत्वावधान में संपन्न हुई। बैठक में महोत्सव के आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। सूर्यदेव यादव चुने गए महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष-बैठक में पाताल गंगा महोत्सव के आयोजन के लिए सूर्यदेव यादव को आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया जबकि उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद, रुपेश कुमार, मनोज परमार, पूर्व शिक्षक रामधारी सिंह बनाए गए। वही सचिव पद की जिम्मेवारी दीपक गुप्ता, उप सचिव की जिम्मेवारी उपेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, बलराम चंद्रवंशी को, कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी कंचनदेव सिंह एवं उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेंवारी संजय मेहता को दी गई। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेवारी डॉ. संतोष भारती, उपेंद्र सिंह, मधुसूदन त्रिवेदी, विशम्भर पाठक, नवल किशोर मिश्रा, निखिल कुमार एवं दिनेश दुबे क्रो दी गई।

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद सिंह
वरीय भाजपा नेता
रामराज्य नगर, कर्मा रोड
औरंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश कुमार सिंह उर्फ करीमन
पैक्स अध्यक्ष
पैक्स- बलीगांव
प्रखंड - रफीगंज, जिला - औरंगाबाद

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनायें
NANDINI
ESTATE DEVELOPERS
EXPECT THE BEST

2/3 BHK FLAT, बेउर मोड़, बाईपास पटना।
स्विमिंग पूल, जिम, क्लब हाउस, सामुदायिक हॉल
अयोध्या, रांची, पटना में आवासीय प्लॉट्स, फार्म हाउस, रिज़ॉर्ट, होटल के लिए जमीन उपलब्ध
Office : G-1, O.P. Complex, Patliputra Kurji Road, Patna
Call : 82923 49555, 91224 01222